ಶುಭ್ ಲಾಭ್
खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



हम जीतेंगे, सिद्धरामैया और शिवकुमार पर पड़ेगा प्रभाव: विजयेन्द्र @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । बुधवार, 08 मई, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-128

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पूछा

# वोट जेहाद चलेगा या रामराज्य?




**लोग आगाह रहें, कांग्रेस पूरा आरक्षण मुस्लिमों को दे देगी**

**जो चारा खाकर जेल गया, उसे कांग्रेस सिर पर बैठाती है**

**खरगोन, 07 मई (एजेंसियां)।** खरगोन और धार की जनसभा को संबोधित करते हुए देशवासियों को भविष्य के प्रति सतर्क किया और कहा कि आज भारतवर्ष इतिहास के अहम मोड़ पर खड़ा है, देश के लोगों को यह तय करना है कि भारत में वोट जेहाद चलेगा या राम राज्य चलेगा। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

खरगोन में प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने हर हर नर्मदे के घोष के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। निमाड़ी में लोगों का अभिवादन किया और हालचाल पूछा। पीएम मोदी ने कहा, आज देश में तीसरे चरण का मतदान चल रहा है और मैं भी सुबह वोट देकर यहां आया हूं। आज मैंने अपना वोट देकर लोकतंत्र में नागरिक का कर्तव्य निभाया। मेरा सभी मतदाताओं निवेदन है कि गर्मी हो या खराब मौसम हो, लोकतंत्र का पर्व अछूता नहीं रहना चाहिए। उत्साह के साथ मतदान में जाना चाहिए। भारी संख्या में वोटिंग करना चाहिए।

पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन में शामिल घोटालेबाज दलों और उनके भ्रष्ट नेताओं पर प्रहार करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के एक नेता जो चारा खाने के कारण जेल में थे, वे पशुओं का चारा ही खा गए। अदालत ने उनको सजा दी। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि इन्होंने भ्रष्टाचार किया है। इनकी बेशर्मी देखो, अभी जमानत पर हैं, जेल में कैद थे। कैदी हैं और गुनाहगार हैं। फिर भी देखो कैसे ठसक से बात करते हैं। कोई शर्म नहीं। आपके गांव में भी कोई जेल काट कर आए तो लोग दूर रहते हैं। ये कांग्रेस वाले इतने गिर चुके हैं कि इन्हें माथे पर बिठाकर रखा है। इन्होंने कल ही कहा, हाथ ठोककर कहा कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। आरक्षण ही नहीं पूरा का पूरा का आरक्षण इन्हें मिलना चाहिए। इसका मतलब क्या हुआ, यानी एसी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण छीनकर ये लोग पूरा का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं।

आखिर, ये लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं, क्योंकि यही वोट बैंक, उसी के सहारे वे अपनी सांस गिन रहे हैं। बाकी तो सब खत्म हो चुका है। बताइए, साथियों मोदी तो यही कह रहा है कि ये आपके हक में से कुछ हिस्सा काटकर धर्म के आधार पर बांट देंगे। इनकी साजिश और गहरी है। अब ये डंके की चोट पर कह रहे हैं कि पूरा आरक्षण मुस्लिम को देना चाहते हैं। ये धार की धरती है। आप बताइए ये इंडी गठबंधन वाले जो खेल कर रहे हैं। वो आपको मंजूर है क्या। ये आपका हक लूट रहे हैं, इनकी जमानत जब्त होना चाहिए। इनको राजनीति से दूर करना चाहिए।

## मुसलमानों को आरक्षण के षडयंत्र पर लालू ने मुहर लगा दी

**अहमदनगर, 07 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव संतुष्टिकरण और तुष्टिकरण के बीच हो रहा है। भाजपा एनडीए का पूरा प्रयास है अपनी मेहनत से देशवासियों को संतुष्ट करने का। वहीं इंडी-अघाड़ी वाले अपनी साजिशों से अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण में लगे हैं। आज के दिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपनी बहुत खतरनाक साजिश पर खुद ही मुहर लगा दी है।

पीएम ने कहा, इतने दिनों से मैं देश से कह रहा था कि कांग्रेस और उसके साथी



बहुत खतरनाक खेल में लगे हैं। आज इंडी गठबंधन के सबसे बड़े नेता (लालू यादव) ने इससे पर्दा भी उठा दिया है। ये बिहार में अभी-अभी जेल से बाहर आए हैं। इन्होंने आज मीडिया के सामने साफ कहा है कि इंडी गठबंधन की सरकार आई तो देश में मुसलमानों को आरक्षण देंगे और पूरा का पूरा देंगे। इंडी गठबंधन का कहना है कि ये पूरा का पूरा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र की जनता आतुर है। 4 जून के बाद इंडी-अघाड़ी वालों की झंडी उठाने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। चुनाव से पहले ये जो भानुमति का कुनबा जुड़ा था, ये 4 जून को रेत के टीले की तरह बिखरने वाला है। आज तीसरे चरण का मतदान चल रहा है, हर ओर भाजपा और एनडीए को भरपूर समर्थन मिल रहा है।

### लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सम्पन्न

# बंगाल में अधिकतम और महाराष्ट्र में न्यूनतम मतदान

**बंगाल में 80% और महाराष्ट्र में 53% मतदान हुआ**

**मतदान प्रतिशत में बिहार से भी पीछे रह गया यूपी**

**असम में 74.80% और गोवा में 73.80% मतदान हुआ**



**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आज 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मतदान हुआ। आज गुजरात की 25, उत्तर प्रदेश की 10, महाराष्ट्र की 11, कर्नाटक की 14 सीटों समेत कुल 93 सीटों पर मतदान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की। इसके बाद पीएम ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में मताधिकार का प्रयोग किया।

राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने शाम पांच बजे तक के वोटिंग-प्रतिशत के जो आधिकारिक आंकड़े दिए, उसके मुताबिक पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 80 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे स्थान पर असम रहा, जहां 75 (74.86) प्रतिशत मतदान हुआ। 73 प्रतिशत मतदान के साथ गोवा तीसरे स्थान पर रहा। बिहार में 56 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 67 प्रतिशत, दादर नगर हवेली में 65 प्रतिशत, गुजरात में 55 प्रतिशत, कर्नाटक में 66 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 62 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 55 प्रतिशत मतदान हुआ।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बारपेटा संसदीय क्षेत्र में अपना वोट डाला। सीएम सरमा ने वोट डालने के बाद कहा कि असम में हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया है। पिछले 10 साल में असम के लोगों ने अभूतपूर्व विकास देखा है। हम उसे जारी रखना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, जो लोग वोट-जेहाद के नारे लगा रहे हैं, उनका समर्थन पाकिस्तान से जेहाद करने वाले लोग कर रहे हैं। वे पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ वोट जेहाद की बात करते हैं। मैं देश की जनता से अपील करना चाहता हूं कि उन्हें अपने वोट के जरिए जवाब दें।

पश्चिम बंगाल के मालदा में महिलाओं ने अपने क्षेत्र में विकास के मुद्दों को लेकर विरोध जताते हुए मतदान का बहिष्कार किया। ये महिलाएं मालदा के एक मतदान केंद्र राजदौल एसएसकेपी के बाहर ही धरने पर बैठ गईं। मतदान का बहिष्कार कर रही एक महिला ने कहा, हमारे क्षेत्र में विकास से जुड़ा कोई काम नहीं हुआ है, सड़कें, ब्रिज नहीं बनाई गई। क्षेत्र के सांसद विधायक यहां से नदारद हैं। हमारी बातें सरकार को सुननी होंगी। जब तक यहां पर मतदान जारी रहेंगे हम तब यहां बैठे रहेंगे। हम मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं।दूसरी तरफ मुर्शिदाबाद में एक मतदान केंद्र पर मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र से माकपा उम्मीदवार मो. सलीम और तृणमूल कांग्रेस समर्थकों तीसरे चरण के मतदान ने ये साफ कर दिया है कि 4 जून को इंडी-अघाड़ी की एक्सपायरी डेट तय हो गई है।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ आतंकियों की मुठभेड़

## 10 लाख का इनामी आतंकवादी बासित डार समेत चार मारे गए






**जम्मू, 07 मई (ब्यूरो)।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान चार आतंकवादी मारे गए। इनमें एक बासित डार भी था, जो लश्कर समर्थित आतंकवादी संगठन, रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का टॉप कमांडर था जिस पर 10 लाख रुपए का इनाम था।

सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सोमवार देर रात कुलगाम के रेडवानी इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। कुलगाम में मंगलवार को सुबह मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने पहले 2 आतंकियों को मार गिराया था। मारा गया पहला आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार था। बासित पर 10 लाख रुपए का इनाम था। वह कश्मीर में कई लोगों की हत्या में शामिल रहा है। मारे गए दूसरे आतंकी का नाम फहीम अहमद है। वह ओवर ग्राउंड वर्कर था, जो आतंकियों की मदद करता था। हालांकि फहीम को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मारे गए दो अन्य आतंकियों के शव अभी उस घर में पड़े हैं जिसे सुरक्षाबलों ने मोर्टार से उड़ा दिया था। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने उस घर में ब्लास्ट किया, जहां आतंकी छिपे थे। इससे घर में आग लग गई। मारे गए दो आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें रेडवानी पाईन इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सोमवार देर रात तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो मुठभेड़ में बदल गया। कुलगाम के दक्षिणी जिले रेडवानी पाईन में मुठभेड़ स्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए, आईजीपी कश्मीर ने कहा कि सोमवार दोपहर को पुलिस को आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। आईजीपी का कहना था कि पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर घेराबंदी कर दी। आज सुबह, आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गहन मुठभेड़ शुरू हो गई जो दोपहर तक चली। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में, कुलगाम के रेडवानी के लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) संगठन के शीर्ष कमांडर बासित डार सहित चार आतंकवादी मारे गए।

## करोड़ों रुपए की बरामदगी में मंत्री का पीए और नौकर गिरफ्तार



**रांची, 07 (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए जाने के मामले में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव (पीए) संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को नौकर जहांगीर आलम के पास से 35 करोड़ रुपए नकद बरामद किए थे। मंगलवार को ईडी ने इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।ईडी ने राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं के मामले में छापेमारी की थी। छापेमारी के तहत रांची के एक 2 बेडरूम फ्लैट में छापा मारा।

### केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दिया कोई फैसला

# आतंकियों से मिलाया हाथ तो कौन डाले हाथ!

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। विधि विशेषज्ञों में यह भी चर्चा है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन से अरविंद केजरीवाल द्वारा करोड़ों रुपए लेने के मामले में एनआईए की जांच प्रारंभ होने की स्थिति में अदालत भी हाथ डालने से हिचकेगी।

मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही फंड मिला था। ईडी के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला नहीं है। हम इस मामले में हो रही राजनीति को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन हमारी चिंता सबूतों को लेकर है। शुरुआत में अरविंद केजरीवाल पर हमारा फोकस नहीं था और न ही ईडी केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई का विचार कर रही थी, लेकिन जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो केजरीवाल की भूमिका साफ हो गई।



### अरविंद केजरीवाल ने खालिस्तानी संगठन से लिए 133 करोड़

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से फंडिंग ली है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसकी आतंक निरोधी एजेंसी एनआईए से जांच कराने की सिफारिश की है। इस संबंध में उपराज्यपाल को मिली शिकायत में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आपा को देवेंद्र पाल भुल्लर को रिहा करने और खालिस्तान समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए फंड मिले थे। इसके लिए खालिस्तानी आतंकी समूहों से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 133.60 करोड़ रुपए) मिले थे।

### सरा़फा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,890/-
(प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 84,345/-
(प्रति किलोग्राम)

### सपा नेता रामगोपाल यादव ने राम मंदिर पर दिया बेवकूफाना बयान

# सपा ने हिंदू समाज का अपमान किया है: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, 07 मई (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने राम मंदिर को लेकर विवादित बयान दे दिया। रामगोपाल यादव ने कहा कि मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है और वास्तु के लिहाज से भी मंदिर ठीक नहीं है। रामगोपाल के इस बयान पर भाजपा ने रामगोपाल और सपा पर तीखा प्रहार किया है।

उल्लेखनीय है कि रामगोपाल यादव ने मीडिया के समक्ष कहा, राम मंदिर तो बेकार है, मंदिर कहीं ऐसे बनाए जाते हैं? मंदिर ऐसे नहीं बनते हैं। आप पुराने मंदिर देख लीजिए। दक्षिण से लेकर उत्तर तक के मंदिर देख लीजिए। इस मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है। वास्तु के लिहाज से भी मंदिर ठीक नहीं बनाया गया है।रामगोपाल यादव के बयान को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामगोपाल यादव का बयान हिंदू विरोधी है। रामगोपाल यादव ने हिंदू समाज का अपमान किया है और उनके बयान से समाजवादी पार्टी की असली मानसिकता सामने आ गई है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, कब्रिस्तान बनवाना अच्छा है, लेकिन मंदिर बनाना बेकार है। पहले उत्तर प्रदेश अबू सलेम, मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और छोटा शकील के लिए जाना जाता था।

फिल्में बनती थी, जिला गाजियाबाद, लखनऊ सेंट्रल, मिर्जापुर यानी अपराध पर केंद्रित फिल्में बनती थी। आज जब अयोध्या, मथुरा, कुशीनगर, प्रयाग, काशी उभर रहा है तो यूपी बेकार लग रहा है।

सुधांशु त्रिवेदी ने आचार्य प्रमोद कृष्णम के बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अगर उनकी नजर में मंदिर बेकार है तो क्या शाहबानो केस की तरह राम मंदिर पर एससी का फैसला भी सरकार आने पर पलट देंगे? जैसे 1949 में मंदिर में ताला लगवा दिया था, वैसा ही ताला यह राम मंदिर में लगवाना चाहते हैं क्या?

### सत्ता तक पहुंचे तो राम मंदिर का फैसला पलट देंगे राहुल: प्रमोद कृष्णम

**संभल, 07 मई (एजेंसियां)।** केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने का इरादा रखती है। इसको लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बैठक में बात की थी। कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यह बात कही। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस से इस्तीफा दिया है।

पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी राम मंदिर निर्माण को रोकना चाहते थे। इसके लिए वह सरकार बनने पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट देते। आचार्य प्रमोद ने आरोप लगाया है कि उनके दिमाग में यह निर्णय पलटने का प्लान है।

आचार्य ने कहा, मैं कांग्रेस में 32 वर्ष रहा हूं। जब राम मंदिर का निर्णय आया तो राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक में अमेरिका के अपने एक सलाहकार के कहने पर कहा था कि सरकार बनने पर राम मंदिर का फैसला पलट दिया जाएगा। इसके लिए सुपरपावर कमीशन बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि जिस तरह तीन तलाक के मुद्दे को लेकर शाहबानो निर्णय को राजीव गांधी सरकार ने बदला था तो फिर राम मंदिर का निर्णय क्यों नहीं बदला जा सकता।

### शेयर मार्केट



बीएसई : 73,511.85
-383.69 -0.52% ↓

एनएसई :22,302.50
-140.20 (-0.62%) ↓

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : $34^0$
न्यूनतम : $23^0$

# कर्नाटक में दो सीटों को छोड़कर बाकी सभी सीटें जीतेगी भाजपा: बीएस येदियुरप्पा

### पूरे निर्वाचन क्षेत्र में अच्छा माहौल



**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्य बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में 28 सीटों में से एक या दो को छोड़कर, भाजपा सभी संसदीय सीटें जीतने जा रही है। वोट डालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए येदियुरप्पा ने कहा मेरे अनुसार, हम 25 से 26 सीटें जीतने जा रहे हैं और माहौल बहुत अच्छा है। हम जहां भी जाते हैं लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार कर रहे हैं। उस आधार पर, मैं आपको बता रहा हूं कि हम कर्नाटक में 25 से 26 सीटें जीतेंगे।

येदियुरप्पा ने कहा कि शिवमोगा से भाजपा उम्मीदवार, उनके बेटे बी.वाई. राघवेन्द्र इस लोकसभा चुनाव में 2.5 लाख वोटों से जीतेंगे। हमें इस पर भरोसा है। भाजपा उन सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी जहां पहले से ही चुनाव हो रहे हैं। शेष 14 सीटों में, भले ही एक या दो सीटों पर झटका लगे, हम 24 से 25 सीटें जीतने के लिए तैयार हैं। लोगों की राय नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधान मंत्री बनाने की है। देश में 400 से अधिक सीटें जीतकर कर्नाटक से 24 से 26 सीटों का योगदान सुनिश्चित करना हमारा विश्वास है। येदियुरप्पा ने कहा पूरे राज्य में अनुकूल माहौल है और मैं राज्यव्यापी दौरा करने के बाद आपको यह बता रहा हूं। राघवेंद्र ने कहा कि वह पूरे निर्वाचन क्षेत्र में अच्छा माहौल महसूस कर रहे हैं। जो मतदाता निर्वाचन क्षेत्र से बाहर हैं वे मतदान करने के लिए दौड़ रहे हैं। यह एक अच्छा संकेत है। मुझे जीत का भरोसा है। कर्नाटक में दूसरे चरण के मतदान में पहले चरण से बेहतर वोटिंग हुई।

मैं सभी मतदाताओं से अनुरोध करता हूं कि वे बाहर आएं और मतदान करें। यह चुनाव पूरी तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लहर के बारे में है। प्रधानमंत्री मोदी को यूपीए सरकार द्वारा की गई गलतियों को ठीक करने के लिए पहले कार्यकाल की आवश्यकता थी। दूसरे कार्यकाल में उनका योगदान भारत के विकास और कोविड महामारी के दौरान लोगों को राहत देने के कार्यक्रमों में रहा। तीसरा, हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की पिछले दो महीनों की कड़ी मेहनत, वे अपने परिवारों के पास वापस नहीं गए और बूथ स्तर पर काम किया। अपने आशीर्वाद से मतदाता मुझे अच्छे अंतर से जीतने में मदद करेंगे।

# कर्नाटक में कांग्रेस प्रचंड बहुमत हासिल करेगी: मल्लिकार्जुन खड़गे



**कलबुर्गी/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले में मंगलवार को अपना वोट डालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी कर्नाटक में प्रचंड बहुमत हासिल करेगी और इसमें कोई संदेह नहीं है। राज्यसभा में विपक्ष के 81 वर्षीय नेता अपनी पत्नी राधाबाई खड़गे के साथ यहां बसवनगर में एक मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा चीजें अच्छी हैं, हर जगह से अच्छी खबरें आ रही हैं। इस तीसरे चरण में (राष्ट्रीय स्तर पर) गठबंधन के सहयोगियों को ताकत मिल रही है। निश्चित रूप से इस चरण में भी हमें अच्छा समर्थन मिलेगा। खड़गे ने कहा कि वह 21 साल की उम्र में मतदान के लिए पात्र होने के बाद से कलबुर्गी के बसवनगर से मतदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैंने इसे (मतदान क्षेत्र) कभी नहीं बदला। जब मैं मंत्री बना, जब मैं विपक्ष का नेता, केपीसीसी (कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी) का अध्यक्ष, संसद में विपक्ष का नेता बना, मैं बसवनगर को कभी नहीं भूला। उन्होंने कहा यहां के लोगों ने मुझे प्यार और स्नेह दिया है, उन्होंने वास्तव में मेरे नेतृत्व को विकसित किया है। मैं गरीब लोगों का आभारी हूं, जो मेरे साथ खड़े रहे। मैं उनके साथ हूं। खड़गे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि गुलबर्गा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जिसका कांग्रेस के दिग्गज नेता ने दो बार (2009, 2014) प्रतिनिधित्व किया, लेकिन 2019 में हार गए। मंगलवार को जिन 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए, उनमें चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिवमोग्गा शामिल था।

# एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी से वोक्कालिगा समुदाय हो जाएगा कांग्रेस के खिलाफ : आर अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विपक्ष के नेता आर. अशोक ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एच.डी. रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद वोक्कालिगा समुदाय कांग्रेस के खिलाफ हो जाएगा।

यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, भाजपा नेता अशोक ने दावा किया कि जिस तरह दिवंगत सीएम वीरेंद्र पाटिल के साथ पार्टी द्वारा अन्याय किए जाने के बाद लिंगायत समुदाय कांग्रेस के प्रति शत्रुतापूर्ण हो गया, उसी तरह वोक्कालिगा समुदाय और पीएम एचडी देवेगौड़ा के साथ अन्याय के बाद वोक्कालिगा भी आने वाले दिनों में कांग्रेस के विरोधी हो जाएंगे।

एच.डी. रेवन्ना का मामला और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना का मामला अलग-अलग है। प्रज्वल के मामले की जांच की जा रही है और इसमें कोई आपत्ति नहीं है। एच.डी. रेवन्ना के मामले में, यह स्पष्ट है कि उन्हें जानबूझकर गिरफ्तार किया गया था। उन्हें अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता के परिवार को बयान जारी करने के लिए मजबूर किया गया है। यह एक राजनीतिक साजिश है। रेवन्ना को हाल ही में कर्नाटक पुलिस ने उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल मामले में पीड़ितों में से एक के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने दावा किया कि राज्य के लोग इस साजिश के बारे में जानते हैं। यह मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उनकी टीम द्वारा राज्य में वोक्कालिगा नेतृत्व को खत्म करने के लिए किया जा रहा है, जिसमें कोई संदेह नहीं है।

# संपन्न बनो पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल टी. दासरहल्ली द्वारा आराधना आराध्य की के अन्तर्गत महाश्रमणोस्तु मंगलम कार्यक्रम आचार्य महाश्रमणजी की दीक्षा कल्याणक के महोत्सव के उपलक्ष्य में साध्वी सिद्धप्रभा जी के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। साध्वी सिद्धप्रभा जी के मुखारबिंद से नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात् मंगलाचरण महाश्रमण अष्टाकम से बहनों ने संगान किया। अध्यक्ष नेहा चावत ने पधारे हुए सभी का स्वागत अभिनंदन किया। सामूहिक प्रेरणा गीत का संगान कर आचार्य प्रवर के प्रति समर्पित महाश्रमणजी गीतिका का संगान कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा किया गया। साध्वी सिद्धप्रभा जी ने गुरुदेव के अष्टगणी सम्पदा का सुंदर विश्लेषण करते हुए बताया कि आचार संपदा, श्रुत संपदा, शरीर



संपदा, वचन संपदा, वाचना संपदा, मति संपदा, प्रयोग संपदा और संग्रह संपदा आदि आठों संपदाओं के धनी स्वयं वर्तमान आचार्य महाश्रमण जी चरितार्थ करते हैं। आचार्य महाश्रमण जी में गुरुदेव आचार्य तुलसी की झलक मिलती है। अहिंसा यात्रा का उद्देश्य बताया। श्रुत संपदा का अर्थ बताते हुए कहा कि आचार्य प्रवर एकाग्रता बढ़ाने के लिए उत्तराध्ययन को उल्टा चितारते थे। गुरुदेव के गुणों को अपनाओ, सहनशिलता, सुनो ज्यादा बोलो कम। आचार संपदा व शिष्य संपदा के विषय में बताया कि एक गुरु और इतने श्रावक श्राविका, पूरा धर्म संघ को संभलना इतना सरल है पर गृहस्थ जीवन कठिन। साधु जीवन में लोच करने में जितना समय व कठिनाई नहीं होती उतनी कठिनाई अपना पूरा जीवन से गुजरना पड़ता है। आचार्य महाश्रमणजी की पुस्तक संपन्न बनो पर क्विज प्रतियोगिता रखी गई। क्विज साध्वी दीक्षा प्रभा जी के द्वारा करवाया गया। अल्प समय में बहनों ने तैयारी करके बड़ी उत्साह जोश के साथ क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यशाला में विशेष सहयोग कन्या मंडल प्रभारी पूर्णिमा कठोंतिया का रहा। कार्यक्रम का संचालन मंत्री नम्रता पितलिया ने किया व आभार ज्ञापन कार्यकारिणी सुनीता भटेवरा ने किया।

# शिवकुमार को कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** हासन के पेन ड्राइव लीक मामले के पीछे उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का हाथ होने के आरोपों की पृष्ठभूमि में, जेडीएस कार्यकर्ताओं ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बेंगलूरु में जेडीएस अध्यक्ष एचएम रमेश गौड़ा के नेतृत्व में जेडीएस कार्यालय जेपी भवन के पास विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने डीके शिवकुमार के खिलाफ नारे लगाए और मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए तख्तियां दिखाईं। पुलिस ने विरोध मार्च निकालने जा रहे जद(एस) के कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रज्वल के प्रति सहानुभूति का कोई सवाल ही नहीं: प्रहलाद जोशी



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** वोटों के बड़े अंतर से लगातार पांचवीं जीत की भविष्यवाणी करते हुए केंद्रीय मंत्री और धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रल्हाद जोशी ने कहा कि लोगों ने तीसरी बार मोदी सरकार लाने और एनडीए को 400 से अधिक सीटें देने का फैसला किया है। मंगलवार को हुब्बल्ली के विवेकानंद कॉलोनी में चिन्मय विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के बाद, जोशी ने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि शुरुआती घंटों में ही बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर आ रहे थे। उन्होंने कहा मेरे सार्वजनिक जीवन में कोई कलंक नहीं है। मैं लोगों के लिए सुलभ हूं और मैंने काम किया है। हर चुनाव में मेरे खिलाफ आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन लोग सच्चाई जानते हैं और वे मुझे आशीर्वाद देते हैं। हासन यौन शोषण मामले में भाजपा नेता दे-वराजेगौड़ा द्वारा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर लगाए गए आरोप के मद्देनजर जोशी ने कहा एसआईटी को जांच करनी चाहिए, जिसमें उनकी (डीके शिवकुमार की) भूमिका पर भी आरोप शामिल होने चाहिए। हम महिलाओं के बारे में अधिक चिंतित हैं और उनके साथ हुए अन्याय की जांच होनी चाहिए। प्रज्वल के प्रति कोई सहानुभूति रखने का सवाल ही नहीं उठता। बेहतर होगा कि व्यापक जांच के लिए मामला सीबीआई को सौंप दिया जाए। लेकिन, राज्य की कांग्रेस सरकार सीबीआई से डरती है। कांग्रेस सरकार ने इस मामले में लापरवाही दिखाई है। मतदान खत्म होने का इंतजार करने के बजाय, जल्दी से स्वत: संज्ञान लेते हुए एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? इस सरकार ने प्रज्वल को हिरासत में लेने के बजाय, उसे विदेश जाने की इजाजत दे दी। कई वीडियो पुराने थे। जिसमें कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन से पहले के समय के लोग भी शामिल हैं। क्या कांग्रेस को इसकी जानकारी नहीं थी जब उसने प्रज्वल को सांसद और रेवन्ना को मंत्री बनाया था?

# प्रवासी सैन समाज ने मनाई सैन जयंती



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** प्रवासी सैन समाज व शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में कुल वसंज सैन महाराज की 724 वीं जन्म जयंती बानसवाड़ी स्थित सीताराम कल्याण मंडप में रविवार को बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। सर्व प्रथम सैन समाज के बंधुओं ने सैन महाराज का पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीश्रीसविता नंद नाथ स्वामी, इस्कॉन मदिर के सुकुमार कृष्णदासा प्रभुजी ने अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर पंडित शम्भू दयाल पारीक ने सेन महाराज का चरित्र सुनाया। कार्यक्रम में राजस्थान, यूपी, बिहार, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों से सैन बंधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज विष्णु तेनगुरिया, ओमप्रकाश सेन, सोहन लाल परिहार, रमेश पंवार, राजेंद्र मारू, आशीष सेन, मनोज खटोड़, मोंटू सेन, हनुमान सेन, राम वर्मा, नवरतन गेहलोत, ललित निर्बान ने किया। बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया।

### भाजपा ने प्रज्वल रेवन्ना को भागने दिया

# इसके बजाय विपक्षी नेताओं को जेल में डाला: बीआरएस एमएलसी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार ने कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाते हुए फरार होने की अनुमति दी है, जिन पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना जैसे लोगों को देश छोड़ने दिया और हमारे जैसे लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह अन्याय है और देश के लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले पर अदालत की सुनवाई के बाद यह बात कही। तेलंगाना विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं, एक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा और दूसरा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए कविता की रिमांड अवधि समाप्त होने पर दोनों मामलों में उसकी न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी। इससे पहले कोर्ट ने उनकी ओर से दायर जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था। मंगलवार को कार्यवाही के दौरान, ईडी ने अदालत को बताया कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है और वह एक सप्ताह के भीतर कविता के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर सकती है।

### प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न मामला

# सरकार हासन सांसद के खिलाफ मामला सीबीआई को करे स्थानांतरित: यतनाल

**विजयपुरा/शुभ लाभ ब्यूरो।** विजयपुरा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने मांग की है कि कर्नाटक सरकार हासन सांसद द्वारा महिलाओं के यौन शोषण की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दे, क्योंकि उन्हें संदेह है कि विशेष जांच दल (एसआईटी) पीड़ितों को न्याय नहीं दे सकती है। भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाया है कि एसआईटी उन्हें मामले से डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार का नाम हटाने के लिए मजबूर कर रही है। इससे साफ पता चलता है कि एसआईटी ऐसे अधिकारियों से भरी है जो शिवकुमार की कठपुतली हैं। मुझे एसआईटी पर भरोसा नहीं है। मैं कर्नाटक में एक सीडी फैक्ट्री के बारे में चेतावनी देता रहा हूं। मेरी भविष्यवाणियाँ अब सच हो रही हैं। उन्होंने कहा कि शोषण का राजनीतिक असर नहीं होगा। ये क्लिप कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन सरकार (2018-19) के कार्यकाल के दौरान शूट किए गए थे। अगर कोई निहितार्थ है, तो इसका असर कांग्रेस पर होना चाहिए, न कि हम पर। उत्तरी कर्नाटक की सभी 14 सीटें बीजेपी की सीटें हैं। हम उन सभी को बिना किसी समस्या के बरकरार रखेंगे।

# हासन सांसद को बदनाम करने की साजिश के पीछे शिवकुमार का हाथ: रमेश जारकीहोली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बीजेपी नेता और गोकक विधायक रमेश जारकीहोली का दावा है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार हासन के सांसद को कथित सेक्स स्कैंडल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पास यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि डी.के.शिवकुमार हासन सेक्स स्कैंडल में कथित संलिप्तता के लिए प्रज्वल रेवन्ना को फंसाने की साजिश के पीछे हैं। उन्होंने सबूत सौंपने की पेशकश की, लेकिन केवल तभी जब मामला किसी केंद्रीय जांच एजेंसी, जैसे कि सीबीआई, को स्थानांतरित कर दिया जाए, न कि एसआईटी को, क्योंकि मुझे कर्नाटक सरकार की एजेंसी पर कोई भरोसा नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने कर्नाटक के लोगों को बहुत पहले ही आगाह कर दिया था कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व घटिया सामग्री फैलाने और नेताओं का अपमान करने तथा अनुचित तरीकों से उन्हें हराने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों की एक बड़ी टीम है जो केवल वरिष्ठ नेताओं को बदनाम करने के लिए ऐसी सामग्री बनाने और फैलाने में शामिल है। टीम का नेतृत्व शिवकुमार कर रहे हैं। ऐसी सभी साजिशों के पीछे वही है। मैं सही समय पर उनके बारे में सब कुछ बताऊंगा। कुछ साल पहले जब कुछ ताकतों ने मुझे फंसाने की कोशिश की, तो बाकी सभी हंस रहे थे। लेकिन अब, कुछ अन्य लोगों को फंसाया गया है। कल, मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और गृह मंत्री जी. परमेश्वर जैसे नेताओं को फंसाने वाली सीडी और पेन ड्राइव प्रसारित की जा सकती हैं। इसलिए, मैं सीएम से अपील करता हूं कि वे ऐसे मानहानि अभियानों को तुरंत रोकने के लिए कदम उठाएं।

# खड़गे, जोशी व येदियुरप्पा समेत अन्य नेताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग










### मतदान केंद्रों पर लाइन में लग कर किया मतदान

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य बी.एस. येदियुरप्पा समेत मंत्रियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों और कई गणमान्य लोगों ने दूसरे चरण के तहत मंगलवार को हुए मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य में दूसरे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर मंगलवार को हुए मतदान में उम्मीदवार, गणमान्य व्यक्ति और नेता सुबह-सुबह मतदान केंद्र पर पहुंचे और अपना वोट डाला। एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने परिवार के साथ कलबुर्गी के बसवानगर स्थित सरकारी स्कूल के मतदान केंद्र पर पहुंचे और मतदान किया। मंत्री प्रियांक खड़गे और प्रत्याशी राधाकृष्ण भी अपने परिवार के साथ पहुंचे और मतदान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा, शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार बी.वाई.राघवेन्द्र शिकारीपुरा प्रशासनिक भवन के बूथ संख्या 137 पर अपने परिवार के साथ पहुंचे और अपना वोट डाला। धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने हुब्बल्ली के भवानीनगर में एक मूक-बधिर स्कूल में अपना वोट डाला। विजयपुर से कांग्रेस उम्मीदवार राजू अलागुरु ने स्वग्राम थोरावी के एक सरकारी स्कूल में अपना वोट डाला। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सुबह-सुबह हावेरी जिले के शिगगांव मतदान केंद्र पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। बागलकोट से कांग्रेस उम्मीदवार संयुक्ता पाटिल अपने समर्थकों के साथ विजयपुरा के मराठी सरकारी स्कूल में पहुंचीं। चिक्कोडी कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका जारकीहोली चिक्कोडी तालुक के हलेवंतमुरी गांव में अपने चचेरे भाई के घर पहुंचीं और बेलगावी से भाजपा उम्मीदवार, पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर, अपनी बहू, पूर्व सांसद मंगला अंगदी और अन्य के साथ वोट डाला। उत्तर कन्नड़ कांग्रेस उम्मीदवार अंजलि निंबालकर ने खानापुरा सरकारी स्कूल में अपना वोट डाला। मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने अपने बेटे और उम्मीदवार मृणाल हेब्बालकर और भाई चेन्नराज हत्तीहोली के साथ हिंडालगा के पास विजयनगर में एक कन्नड़-मराठी स्कूल में अपना वोट डाला। पूर्व मंत्री एवं शतायु डॉ. भीमन्ना खंड्रे, उनके बेटे मंत्री ईश्वर खंड्रे और कांग्रेस उम्मीदवार सागर खंड्रे ने बीदर जिले के भालकी सहायक कृषि निदेशक कार्यालय में अपना वोट डाला। स्पीकर बसवराज होराट्टी अपने परिवार के साथ पहुंचे और हुब्बल्ली के लैमिंगटन रोड पर मतदान केंद्र संख्या 119 पर अपना वोट डाला। धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद असूटी ने सरकारी वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय, नवलगुंडा के मतदान केंद्र संख्या 4 पर अपना वोट डाला। यादगीर विधायक चेन्नारेड्डी पाटिल तुन्नूर अपने परिवार के साथ पहुंचे और पडलता एचपीएस मतदान केंद्र संख्या 50 पर अपना वोट डाला। शिवमोग्गा में पूर्व उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा, विजयपुर में पूर्व मंत्री बसवनगौड़ा पाटिल यतनाल, उत्तर कन्नड़ में विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, बेल्लारी में पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु समेत कई गणमान्य लोगों ने मतदान किया।

# हम जीतेंगे, सिद्धरामैया और शिवकुमार पर पड़ेगा प्रभाव: विजयेन्द्र

### मोदी की गारंटी स्थायी

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने मंगलवार को कहा कि भाजपा राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर विजयी होगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के नतीजों का असर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर पड़ेगा। यहां अपना वोट डालने के बाद मीडिया से बात करते हुए, विजयेंद्र ने कहा एक बात निश्चित है। एक बार नतीजे आने के बाद, परिणाम का प्रभाव मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर देखा जाएगा। जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स वीडियो और उनके पिता जेडी-एस विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के संबंध में राज्य में सामने आ रही घटनाओं की श्रृंखला की पृष्ठभूमि में ये बयान महत्वपूर्ण हो गए हैं। पूरा प्रकरण राजनीतिक मोड़ लेता जा रहा है



और भाजपा का आरोप है कि एच.डी. रेवन्ना की गिरफ्तारी राजनीतिक है और इसका उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा परिवार को खत्म करना है। विजयेंद्र ने आगे कहा कि कांग्रेस इस भ्रम में है कि वे गारंटी के जरिए 20 से ज्यादा सीटें जीत लेंगी।

उन्होंने कहा 4 जून को वोटों की गिनती शुरू होने पर उन्हें झटका लगेगा। लोग उन्हें दिखा देंगे कि कांग्रेस सरकार की अस्थायी गारंटी से ज्यादा वे भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हैं जो स्थायी हैं। कर्नाटक की 14 लोकसभा सीटों के लिए दूसरे और अंतिम चरण का मतदान मंगलवार को हुआ। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने सात को मोदी के साथ का संकल्प लिया है और अपने प्रयास किये हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि पिछले आम चुनाव में हमने 25 लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार हम जद-एस पार्टी के साथ सभी सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा आप जहां भी जाते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर दिखाई देती है। हाल ही में, प्रधान मंत्री मोदी ने कर्नाटक में पांच लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया। हर जगह भाजपा को समर्थन है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में, मैंने सभी 28 संसदीय क्षेत्रों की यात्रा की है। नतीजा भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में आएगा। कांग्रेस को राज्य में आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिलेंगे और लोग हमें आशीर्वाद देंगे। लोकसभा चुनाव में जातिगत समीकरण काम नहीं करते। सभी चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनें। कांग्रेस की गारंटी भी काम नहीं आएगी। लोग प्रधानमंत्री की गारंटी और योजनाओं पर विश्वास करने वाले हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं की पृष्ठभूमि में माहौल पार्टी के लिए अनुकूल है।

# दूसरे चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान लगभग शांतिपूर्ण रहा

### मतदाताओं ने 227 उम्मीदवारों की किस्मत का किया फैसला

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के दूसरे चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों में मंगलवार को मतदान जोर शोर से हुआ और लगभग शांतिपूर्ण रहा। सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई थी। कई मतदान केंद्रों पर वोटिंग का नजारा देखने को मिला। युवा मतदाता उत्साहपूर्वक मतदान करते दिखे। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। देखा गया कि ग्रामीण इलाकों में जमकर वोटिंग हुई। शहरी इलाकों में उतना उत्साह नहीं था। जिन लोगों को ग्रामीण इलाकों में खेती और अन्य गतिविधियों से जुड़ना था, उन्होंने सुबह-सुबह मतदान किया और अपने काम पर निकल गए। मतदाताओं ने 21 महिलाओं समेत कुल 227 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर दिया है। दो केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री, चार मंत्रियों के बच्चे, एक मंत्री की बहन, एक मंत्री की पत्नी, एक मौजूदा सांसद की पत्नी और



एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दामाद मैदान में हैं। सुबह 11 बजे तक रायचूर में सबसे कम 15.27 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि शिवमोग्गा में सबसे अधिक 20.39 प्रतिशत, बीदर में 16.90 प्रतिशत, कोप्पल में 16.79 प्रतिशत, बेल्लारी में 20.37 प्रतिशत, हावेरी 16.62 प्रतिशत, धारवाड़ 18.38 प्रतिशत, उत्तर कन्नड़ 22.07 प्रतिशत, दावणगेरे 18.11 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह तेजी से शुरू हुआ मतदान दोपहर में कम हो गया। दोपहर में गर्मी के कारण मतदान में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखी। शाम होते-होते दोबारा वोटिंग शुरू हो गई। धूप तेज होने के कारण मतदान केंद्रों पर पेयजल, छाया व्यवस्था सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई थी। 14 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 2,59,52,958 मतदाता मतदान करने के पात्र थे। इसमें 1,29,48,978 पुरुष, 1,29,66,570 महिलाएं और 1,945 थर्ड जेंडर शामिल हैं। वहीं 6,90,929 युवा मतदाता वोट देने के पात्र थे। 14 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 28,269 मतदान केंद्र खोले गए। स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गई थी। 1.45 लाख मतदान अधिकारी, 35,000 पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बलों की 65 कंपनियां तैनात की गईं। शाम 6 बजे तक वोटिंग की इजाजत थी। बायीं तर्जनी पर स्याही लगी हुई थी।

# कांग्रेस सरकार बीडीए कॉम्प्लेक्स को लीज पर बेचने की बना रही योजना: आर अशोक

### भाजपा जनता के साथ मिलकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेगी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने कहा कि दिवालियापन की ओर बढ़ रही राज्य की कांग्रेस सरकार ने बीडीए कॉम्प्लेक्स को लीज पर बेचने का फैसला किया है। भाजपा जनता के साथ मिलकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेगी।

यहां मल्लेश्वरम में भाजपा के राज्य कार्यालय जगन्नाथ भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एचएसआर लेआउट, ऑस्टिन टाउन, कोरमंगला, विजयनगर, आरटी नगर, सदाशिवनगर की बीडीए संपत्तियां बदमाशों द्वारा निगल ली जाएंगी। 2013-18 में कांग्रेस सरकार ऐसी ही योजना लागू करने को तैयार थी। उन्होंने याद दिलाया कि बेंगलूरु के लोगों ने इसका विरोध किया था। फिर यह रुक गया। ये 3 हजार करोड़ की संपत्ति है। यह कांग्रेसी के पिता की संपत्ति नहीं है। बीडीए के पिछले अध्यक्षों ने



संपत्तियों को संरक्षित और विकसित किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा इसे किसी भी हालत में हाथ से नहीं जाने देगी। एचएसआर में सतीश रेड्डी के नेतृत्व में लोग विरोध प्रदर्शन के लिए आगे आये हैं। यदि सरकार दिवालिया है, तो उसे राजस्व के अन्य स्रोतों की तलाश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे किसी भी कीमत पर सरकारी संपत्ति निगलने और पानी पीने की इजाजत नहीं देंगे। टेंडर ऑफर रद्द किया जाए। अन्यथा हम विधानसभा के अंदर और बाहर संघर्ष करेंगे। ये फाइल पहले तब आई थी जब येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे। मैं मंत्री था। मैंने उनसे कहा कि यह लूट की योजना थी और इसे रद्द कर दिया। फिर यह बसवराज बोम्मई के सामने आया। हालाँकि, बोम्मई ने पट्टे की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि अब फिर कांग्रेस सत्ता में बीडीए नीलामी करने आ रहा है। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु के लोगों को सरकारी संपत्ति बचाने के लिए समर्थन में खड़ा होना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा जारी सूखा राहत राशि में समतुल्य अनुदान जोड़कर किसानों को दिया जाए। उन्होंने मांग की कि इसका इस्तेमाल किसी भी हालत में गारंटी योजनाओं के लिए नहीं किया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मालविका अविनाश, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अश्वथ नारायण उपस्थित थे।

**प्रज्वल सेक्स स्कैंडल**

# एसआईटी जांच में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं: सीएम

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने आश्वासन दिया कि विशेष जांच दल (एसआईटी), जिसे हासन जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित यौन शोषण की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह अपनी जांच स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से करेगी। उसमें राज्य सरकार द्वारा मामूली हस्तक्षेप भी नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी एक बयान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के रिमोट कंट्रोल के रूप में काम कर रही एसआईटी के खिलाफ भाजपा नेता देवराजे गौड़ा के आरोप को 'पूरी तरह से झूठ और सच्चाई से दूर बताया है। सिद्धरामैया ने भाजपा नेता देवराजे गौड़ा के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि एसआईटी में सबसे कुशल, ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारी शामिल हैं। यह पूर्ण स्वतंत्रता और निष्पक्ष तरीके से



पूर्ण स्वायत्तता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार दोषियों को उनके कद और राजनीतिक प्रभाव की परवाह किए बिना दंडित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार जांच में हस्तक्षेप नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं के इस दावे को खारिज कर दिया कि प्रज्वल सेक्स स्कैंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब कर रहा है और कहा कि सरकार को दोष देने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि यह भाजपा ही है जिसने जेडीएस के साथ गठबंधन किया है। उन्होंने कहा उन्हें (भाजपा नेताओं को) जेडीएस को गले लगाने से पहले परिस्थितियों और जमीनी हकीकत को परखना चाहिए था। हालाँकि, मुख्यमंत्री ने कहा यह मोदी सरकार है जिसे यह सुनिश्चित करने में सहायता और समर्थन देना चाहिए कि प्रज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाया जाए क्योंकि उन्होंने राजनयिक पासपोर्ट का उपयोग करके विदेश यात्रा की थी। यदि केंद्र अपना पूरा सहयोग नहीं देता है तो राजनयिक पासपोर्ट धारकों को वापस लाने में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। सिद्धरामैया ने भाजपा नेताओं से प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल के मद्देनजर जेडीएस के साथ गठबंधन जारी रखने पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा, जिसमें कई महिलाओं का यौन शोषण किया गया था और कृत्यों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई थी और बाद में पेन ड्राइव में प्रसारित किया गया था। मुख्यमंत्री ने बेंगलूरु के मणिपाल अस्पताल का दौरा किया और पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कांग्रेस के वोट जेहाद को जनता वोट की चोट से करेगी नेस्तनाबूद: अनुराग

**गगरेट/देहरा, 07 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वोट जेहाद की सोच को जनता वोट की चोट से नेस्तनाबूद करेगी। श्री ठाकुर मंगलवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में प्रचार के दौरान सर्वप्रथम गगरेट और देहरा मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलनों में भाग लिया और उसके पश्चात प्रागपुर, मुहीं अन्नपूर्णा मन्दिर तथा कुहना में जनसंपर्क अभियान चलाया।




श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस का हाथ आज विदेशी ताकतों के साथ है। विपक्ष के लोग कभी भारत से न्यूक्लियर हथियार खत्म करने की बात करते हैं, कभी भारत के टुकड़े करने की बात करते हैं, कभी जनता की संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी वोट जेहाद करने की बात करते हैं। लेकिन जनता कांग्रेस के इस खेल को समझ गई है और वोट की चोट से पाकिस्तान प्रायोजित वोट जेहाद की सोच को ख़त्म कर देगी। राहुल गांधी का साथ भारत में कोई दे ना दे, पाकिस्तान जरूर दे रहा है। और ऐसा इसलिए है क्योंकि कभी कांग्रेसी राम मंदिर की जगह पुनः बाबरी मस्जिद निर्माण की बात करते हैं तो कभी उनके साथी सनातन धर्म को कुचलने की बात करते हैं। आज विपक्ष में देश विरोधी सोच रखने वाले लोग बहुतायत में हैं।

उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास और विरासत दोनों देखे हैं। अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, काशी विश्वनाथ धाम हो, केदारनाथ धाम हो या महाकाल लोक हो, आज हमारे सभी धार्मिक स्थलों और तीर्थ क्षेत्रों का संपूर्ण विकास हो रहा है।

करतारपुर साहब कॉरिडोर के लिए रास्ता खुल गया, हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे बन गया, चारों धामों के लिए बड़ी-बड़ी फोरलेन और रेल पहुंच रही है। मोदी जी ने सनातन जन जागृति का जो कार्य किया है उससे आज हमारे नौजवानों में धर्म और संस्कृति के प्रति नया उत्साह आया है। आज हमारे कई तीर्थक्षेत्रों में श्रद्धालुओं की संख्या पहले के मुकाबले 5 गुना तक बढ़ गई है और वहां रोजगार स्वरोज-गार के नए अवसर खुले हैं। जनता के आशीर्वाद से मैंने ऊना से हरिद्वार, खाटू श्याम, कलकत्ता, नांदेड़ साहब, वृंदावन, मथुरा, ओंकारेश्वर, ग्वालियर, आगरा और महाकाल लोक तक ट्रेनें चलवा दीं हैं।

श्री ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिछली बार के विधानसभा चुनाव में भी पश्चिम बंगाल से भयानक हिंसा की खबरें सामने आई थीं जिनमें महिलाओं के खिलाफ भी अनेकों अत्याचार हुए थे। बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को बैलेट से नहीं जीत पा रही हैं तो बुलेट और बम धमाकों का उपयोग कर रही हैं। आज ममता बनर्जी की सरकार में बंगाल का आमजन, खासकर महिलाएं बेहद असुरक्षित महसूस करती हैं। ममता दीदी शाहजहां शेख जैसे अपराधी को संरक्षण देती है और महिलाओं को अत्याचार सहना पड़ता है। यह बंगाल का दुर्भाग्य है और इसके खिलाफ जनता का गुस्सा निकलने वाला है। इन लोकसभा चुनाव में बंगाल से टीएमसी साफ हो रही है और भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड सीट जीतने वाली है।

श्री ठाकुर ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में खुद को सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी साबित करने की होड़ लगी है। एक ओर जहां आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री सभी जेल में हैं वहीं कांग्रेस के सांसद के यहां से कभी 350 करोड़ रुपए तो कभी राज्य सरकार के मंत्री के पीएस के नौकर के यहां से 30 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद होता है। आप सोचिए अगर मंत्री के पीएस के नौकर के यहां 30 करोड रुपए मिल रहे हैं तो मंत्री के यहां कितने मिलेंगे।

# राधिका खेड़ा, शेखर सुमन भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** जाने माने फिल्म कलाकार शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।




भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

श्री तावड़े ने दोनों हस्तियों को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की मुहिम से प्रभावित होकर भाजपा का परिवार प्रतिदिन समृद्ध हो रहा है। श्री सुमन एवं सुश्री खेड़ा भी इस अभियान में योगदान देने के लिए उत्सुक हैं।

शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने भाजपा में शामिल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट किया तथा देश की प्रगति के लिए यथासंभव योगदान देने की बात कही। शेखर सुमन ने यह भी कहा कि वह ईश्वरीय प्रेरणा से भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, कल तक मुझे नहीं पता था कि मैं आज यहां बैठूंगा क्योंकि जीवन में कई चीजें जाने-अनजाने में होती हैं। मैं यहां बहुत सकारात्मक सोच के साथ आया हूं और मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे यहां आने की आज्ञा दी। राम मंदिर के मुद्दे पर मतभेद के बाद कांग्रेस छोड़ने के बारे में पूछे जाने पर सुश्री खेड़ा ने कहा, मैंने हमेशा सुना था कि कांग्रेस राम विरोधी है। लेकिन मैं इसका जीवित प्रमाण हूं। जब मैं अयोध्याम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने गयी थी और उसके बाद में मेरे साथ जिस तरह का दुर्व्यवहार किया गया और कांग्रेस मेरे साथ न्याय नहीं कर सकी। आज भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस पार्टी अपनी ही बेटियों और कार्यकर्ताओं को न्याय नहीं दे पा रही है, जनता देख रही है कि वे देश कैसे चलाएंगे, मैं जनता को बताना चाहती हूं कि जब वे सम्मान नहीं दे पा रहे हैं महिलाओं को, किसी को न्याय नहीं दे पाएंगे। अगर देश गलत हाथों में चला गया तो यह चिंता की बात होगी।

# चुनाव आयोग का एक्स को कर्नाटक भाजपा का पोस्ट तुरंत हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई (बीजेपी4 कर्नाटक) के एक पोस्ट को कानून का उल्लंघन बताते हुये सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती) ट्विटर से उसे तुरंत हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। आयोग द्वारा एक्स के नोडल अधिकारी को भेजे गये एक पत्र में कहा गया है कि बीजेपी4कर्नाटक का सोशल मीडिया पोस्ट नियम क़ानून के विरुद्ध है और उसके खिलाफ बेंगलुरु में मामला दर्ज़ किया जा चुका है।

आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स को पांच मई को ही उस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उसे अब तक नहीं हटाया गया है। आयोग ने उस पोस्ट को तुरंत हटाने को कहा है।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

आयोग ने पत्र के साथ इस संबंध में बेंगलुरु शहर के 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के अदालत में दायर मामले की प्रति भी लगायी है जिसमें कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र बी येदियुरप्पा और भाजपा कर्नाटक के ट्विटर हैंडल के प्रभारी अधिकारी को प्रतिवादी बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में कर्नाटक भाजपा के एक्स पर जारी एनीमेशन चित्र को शिकायत का आधार बनाया है, जिसमें एक घोसले में तीन अंडे रखे गये हैं, जो अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते दर्शाये गये हैं। उस घोसले में एक और अंडा रख दिया जाता है जो मुसलामानों का प्रतिनिधित्व करता है और दिखाया गया है कि राहुल गांधी (कांग्रेस नेता) और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया उन अण्डों को सेने के बाद निकले चूज़ों में से केवल एक को चुगा रहे हैं जो मुस्लिम पक्षी का प्रतीक है। इस पोस्ट के जरिये केवल एक समुदाय का पक्ष लिये जाने का संकेत दिया गया है।

# तेलंगाना, आंध्रा और ओड़ीशा में भी जनता के मन में एक ही भाव, फिर एक बार मोदी सरकार : जोशी

**जयपुर, 07 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हुए चहुंमुखी विकास में प्रवासी राजस्थानियों का भी अहम यो-गदान बताते हुए कहा है कि तेलंगाना, आंध्रा और ओड़ीशा में भी जनता के मन में एक ही भाव है कि फिर एक बार मोदी सरकार।




श्री जोशी मंगलवार को आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में उत्तर भारतीय प्रवासी संघ एवं राजस्थानी प्रवासी संघ द्वारा उनके स्वागत में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में श्री जोशी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह एवं चुनाव सह प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह मौजूद थे।

अभिनंदन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि राजस्थान के लोग जितना अपनी जन्मभूमि से प्रेम करते है उससे कई गुना ज्यादा अपनी कर्मभूमि से प्रेम करते है। जिस स्थान पर लम्बे समय तक रहकर अपने आप को स्थापित किया, वहां की संस्कृति को अपनाकर समर्पित भाव से काम करते है।

यही कारण है कि देश-दुनिया में राजस्थानियों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश ने सभी क्षेत्रों में तरक्की की है। इसमें प्रवासी राजस्थानियों का योगदान भी अहम रहा है।

श्री जोशी ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान करते हुए कहा कि श्री मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए आंध्रप्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत से जिताना है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जितनी सीटें थी उससे कई गुना सीटें यहां पर आने वाली है। चाहे आंध्रा हो, तेलंगाना हो या ओडिशा, सब लोगों के मन में एक ही भाव है फिर एक बार मोदी सरकार। यह विश्वास कब होता है जब जो कहा जाता है उससे कई गुना होता है। ओडिशा में चुनाव प्रचार के दौरान जब वह गांव ढाणियों में गये तो लोगों का कहना था कि साठ सालों में हमने सिर्फ वादे और नारे सुने थे लेकिन पहली बार भाजपा की मोदी सरकार में हमें वो मूलभूत सुविधाएं मिली जो आजादी के इतने वर्षों में भी नहीं मिल पाई।

# दक्षिण चीन सागर में भी तैनात होगी भारतीय नौसेना

## सिंगापुर पहुंचे आईएनएस दिल्ली, शक्ति और किल्टन जहाज

**सिंगापुर, 07 मई (एजेंसियां)।** चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारतीय नौसेना अब दक्षिण चीन सागर में भी तैनात होने वाली है। भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के तीन जहाज दक्षिण चीन सागर में तैनाती के लिए सिंगापुर पहुंचे हैं। भारतीय नौसेना की यह कार्रवाई दोनों नौसेना के मजबूत संबंधों को स्पष्ट करती है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखा के नेतृत्व में आईएनएस दिल्ली, आईएनएस शक्ति और आईएनएस किल्टन सोमवार सिंगापुर पहुंचे हैं।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वागत किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

फिलीपींस तटरक्षक बल (पी-सीजी) के प्रवक्ता जे तारिएला ने 30 अप्रैल को बताया था कि दो फिलीपीनी जहाज गश्त पर निकले थे।

इस दौरान, चीन के सीसीजी जहाजों और समुद्री मिलिशिया के छह जहाजों ने उनके गश्ती जहाजों को घेर लिया। तट से 12 समुद्री मील दूर सीसीजी के एक जहाज ने पानी की बौछार से पीसीजी के एक जहाज पर हमला किया। वहीं, दो सीसीजी जहाजों ने पी-सीजी के एक जहाज पर हमला किया। चीनी कार्रवाई के कारण फिलीपींस का एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, चीन ने इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि उन्होंने पीसीजी जहाजों को क्षेत्र से निष्कासित किया था क्योंकि वह क्षेत्र मछली पकड़ने के लिए है। इससे पहले, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का एक सोरिंग ड्रोन डब्ल्यूजेड-7 फिलीपींस के करीब उड़ता दिखाई दिया था। ड्रोन पश्चिम फिलीपीन सागर के पास उड़ता देखा गया था। चीन के साथ दूसरे थॉमस शोल और स्कारबोरो शोल सहित अन्य क्षेत्रीय विवादों के बीच चीनी ड्रोन दिखना चिंताजनक है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयरफोर्स और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी द्वारा उड़ाए गए डब्ल्यूजेड-7 जेट-संचालित ड्रोन की सर्विस सीलिंग 60,000 फीट से अधिक है। इसकी रेंज लगभग 4,350 मील है। 2022 में भी यही ड्रोन ताइवान स्ट्रेट के पास उड़ता दिखा था।

# भारत ने कनाडा से जताया कड़ा विरोध

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** भारत ने कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड में झांकियों में भारतीय राजनेताओं के बारे में हिंसक चित्रण प्रदर्शित करने पर आज कड़ा विरोध व्यक्त किया और कनाडा सरकार का आह्वान किया कि वह आपराधिक तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देना बंद करे।

सत्यमेव जयते
Ministry of External Affairs
Government of India

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हमने कनाडा में चरमपंथी तत्वों द्वारा हमारे राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और पूरे कनाडा में भारतीय राजनेताओं के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस तरह से इस्तेमाल की जा रही हिंसक छवियों के बारे में बार-बार अपनी चिंताओं को मज़बूती से उठाया है। पिछले साल, हमारी पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या को दर्शाने वाली एक झांकी का इस्तेमाल एक जुलूस में किया गया था। उन्होंने कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए।

श्री जायसवाल ने कहा, हम कनाडा में अपने राजनयिक प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वे बिना किसी डर के अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम हों। प्रवक्ता ने कहा,हम कनाडा सरकार से फिर से आह्वान करते हैं कि वह कनाडा में आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करे।

# झारखंड में ईडी की एक साथ सात नए ठिकानों पर छापेमारी

**रांची, 07 मई (एजेंसियां)।** झारखंड सरकार के काबीना मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक समेत कई अन्य लोगों ठिकानों पर ईडी ने कल छापेमारी की थी लेकिन आज भी एक साथ सात नये ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो




बिल्डरों के यहां छापेमारी चल रही है। दूसरी तरफ ईडी की टीम ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले कांट्रेक्टर राजू सिंह के ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान ठेकेदार राजू सिंह के यहां से करोड़ों नगद बरामद हुए हैं। बरामद पैसों की गिनती के लिए बैंक से नोट गिनने वाली मशीन मंगवायी गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को हुई ईडी की रेड में 35.23 करोड़ बरामद किये गये थे।

# राम–कृष्ण का अपमान करने वालों को वोट की ताकत से औकात पर ला दीजिए : योगी

## मुख्यमंत्री ने सीतापुर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को फिर से जिताने की अपील की






**सीतापुर, 07 मई (एजेंसियां)।** आप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में हैं। कई पीढ़ियां जिस कार्य को नहीं देख पाईं, उसे हम सबने अपनी आंखों से देखा। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने बयान दिया है कि राम मंदिर का निर्माण बेकार हुआ है। यही बयान अगर वह किसी मुसलमान के खिलाफ दिये होते तो मुसलमान बर्दाश्त नहीं करता, लेकिन आपके लिए उनके मन में जो भी आ जाए, वह बोल देंगे। क्या आप यह बर्दाश्त कर पाएंगे। सीएम ने आह्वान किया कि जो राम–कृष्ण व आस्था का अपमान कर रहे हैं। उन्हें चुनाव में वोट की ताकत दिखा दीजिए और औकात पर ला दीजिए। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने मंगलवार को सेउता–बिसवां रोड पर आयोजित जनसभा में सीतापुर के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को फिर से जिताने की अपील की। सीएम ने बिन नाम लिए सपा को चेताया कि यह लोग सत्ता से कोसों दूर हैं। चुनाव के बाद इनकी गर्मी अपने आप ठीक हो जाएगी।

### रामभक्तों की मौत पर खुशी मनाते हैं और माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं

सीएम योगी ने कहा कि सपा नौजवानों के हाथों में तमंचे देती थी, हमने उन्हें टैबलेट दे दिया। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं तो माफिया–अपराधियों का रामनाम सत्य की यात्रा भी निकल रही है। सपा के लोग रामभक्तों पर गोली चलाते हैं और आतंकियों की आरती उतारते हैं। उनके मुकदमे वापस लेते हैं। रामभक्तों के निधन पर खुशी मनाते हैं और माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं।

### सर्वाधिक आवास व शौचालय सीतापुर में बने

सीएम ने सीतापुर व सेवता के नागरिकों के प्रति अपना लगाव प्रदर्शित किया। बोले कि यह जनपद भाजपा प्रत्याशियों के लिए शुभ है। जब भी मेरा आगमन हुआ है तो आपका आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशियों को मिला। आपके आशीर्वाद से ज्ञान तिवारी विधायक बने और सांसद राजेश वर्मा के साथ मिलकर बाढ़ की समस्या के समाधान में लगभग पूरी सफलता प्राप्त कर ली है। देश में गरीबों को सबसे अधिक आवास व शौचालय सेवता विधानसभा और सीतापुर जनपद को मिला। सर्वाधिक किसान सम्मान निधि का लाभ सीतापुर जनपद को मिला है। आपने अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुना है, इसलिए आपका जनपद विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ा है। यहां गरीब कल्याणकारी योजनाएं भी खूब आ रही हैं।

### जल्द ही सीतापुर में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में हाइवे बन रहे हैं। नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनें चल रही हैं। एक्सप्रेसवे के साथ–साथ सीतापुर में हमारी सरकार ने नैमिषारण्य का भव्य पुनरोद्धार किया है। अब हम सीतापुर को इलेक्ट्रिक बस से जोड़ने की कार्रवाई बढ़ा रहे हैं। यहां की सभी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। सीएम योगी ने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान के हिमायती लोगों को बताइए कि भारत को तोड़कर बने पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं। एक किलो आटा के लिए छीनझपटी हो रही है और भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है।

### गरीबों की पीड़ा के साथ खड़े हैं हमारे विधायक–सांसद

सीएम योगी ने कहा कि हमारे विधायक व सांसद गरीबों की पीड़ा के साथ खड़े हैं। इन लोगों ने इलाज के लिए शासन से गरीबों को सुविधाएं और पैसे उपलब्ध करवाए हैं। सपा–कांग्रेस के समय यह पैसा गरीबों को नहीं देते थे, बल्कि बांट लेते थे। लेकिन उप्र सरकार बेटी के जन्म से लेकर शादी–विवाह के योग्य होने तक का खर्च उठा रही है। भाजपा गरीब कल्याणकारी योजना, सुरक्षा, विकास व सम्मान दे रही है। पीएम मोदी ने तीन करोड़ ड्रोन दीदी लखपति दीदी के रूप में बनाने का संकल्प लिया है। डबल इंजन सरकार इन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का कार्य करेगी।

### सीतापुर का लाल शहीद हो गया और सपाई आतंकवादियों का समर्थन करते हैं

सीएम ने सीतापुर वासियों से भावनात्मक संवाद भी स्थापित किया। बोले कि परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय यहां की माटी का लाल है। उन्होंने भारत के लिए कारगिल में विजयश्री का वरण किया और दुश्मनों के छक्का छुड़ाते हुए बलिदान हो गए। यह कांग्रेसी–सपाई आतंकवादियों, गोहत्या का समर्थन और राम मंदिर का विरोध करते हैं। आपको ऐसे लोगों का समर्थन नहीं करना है। कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन देश की बीमारी है। इस बीमारी को जितनी जल्दी दूर करेंगे, उतना जल्दी भारत विकसित बनेगा। इस अवसर पर संत प्रेमदास जी महराज, सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी, निर्मल वर्मा, आशा भदौरिया महमूदाबाद, पूर्व विधायक सुनील वर्मा समेत कई संतजन भी मौजूद रहे।

# राज्य के साथ जनपद और निकाय स्तर पर होगी हीट वेव की मॉनीटरिंग

### प्रदेश में हीट वेव से बचाव एवं राहत के लिए नगर विकास विभाग ने तैयार की कार्ययोजना

**लखनऊ, 07 मई (एजेंसियां)।** भीषण गर्मी में लोगों को हीट वेव के प्रकोप से बचाने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश में बचाव एवं राहत की तैयारी व कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा गया है। इसी क्रम में नगर विकास विभाग की ओर से हीट वेव के साथ ही इसके कारण उत्पन्न होने वाले रोगों एवं कुप्रभावों के प्रबंधन के लिए कार्ययोजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में हीट वेव से बचाव के लिए राज्य,जनपद और निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए। इसके साथ ही वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से जनपद एवं निकाय स्तर पर हीट वेव को मॉनीटर किया जाए। हीट वेव के समय क्या करें व क्या न करें के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए तो वहीं हीट वेव के दुष्प्रभाव के संबंध में मोबाइल मेसेज/वाट्सएप के माध्यम से चेतावनी जारी हो। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाडी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट की समुचित व्यवस्था की जाए। तीव्र गर्मी से बचाव के लिए विद्यालय, श्रमिकों एवं कामगारों के कार्य घंटों में परिवर्तन किए जाएं और साथ ही सनस्ट्रोक से होने वाली मृत्यु से बचाव के लिए दिशा–निर्देश निर्गत किए जाएं।

निर्देशों में ये भी कहा गया है कि मंदिरों, लोक भवन, मॉल को कूलिंग सेंटर के रूप में चिन्हित किया जाए। लोक स्थानों (सार्वजनिक स्थानों) पर एनजीओ, सामुदायिक समूहों, वैयक्तिक रूप से पानी एवं छाछ की व्यवस्था की जाए। नगरीय निकायों में गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अत्यधिक तापमान की स्थितियों में हीट वेव से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। हीट रिलेटेड इलनेसेज के बचाव एवं उपचार के संबंध में जनमानस में जन जागरूकता अभियान चलाया जाय। व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले किया जाए। इसके साथ ही, नगरीय निकायों में पेयजलापूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाकर समस्त नलकूप चालू हालत में रखे जाएं तथा बंद पडे नलकूपों को ठीक कराकर चालू किया जाए। नलकूपों की मुख्य पाइपलाइनों से बस्तियों में आपूर्ति होने वाली पाइपलाइनों की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव के स्थानों को चिन्हित करते हुए उनकी मरम्मत कराई जाए ताकि बस्तियों में स्वच्छ जल की आपूर्ति हो सके।

इसके साथ ही, समय–समय पर जल शुद्धिकरण हेतु क्लोरीनीकरण कराया जाए। पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए यूजर एंड प्वॉइंट (उपभोक्ता द्वारा उपयोग प्वॉइंट) पर जल के नमूने एकत्र कर उनका नियमित रूप से बैक्टीरियोलॉजिकल, वायरोलॉजिकल जॉच कराई जाए। जिन क्षेत्रों में पेयजल की सप्लाई हैण्डपंप से हो रही है, उन इलाकों में आवश्यकता के अनुसार क्लोरीन के टेबलेट का उचित मात्रा में वितरण कराया जाए।

# भिखमंगे पाकिस्तान का नारा लगाने वाले वहीं जाकर भूखों मरें: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

### बोले सीएम, आज बहराइच विकास के नये आयाम गढ़ रहा

### बोले, पाकिस्तान की जय–जय करने वाले भारत पर बोझ मत बनें




**बहराइच, 07 मई (एजेंसियां)।** देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है जबकि पाकिस्तान की 24 करोड़ की आबादी भूखों मर रही है। इसके बाद भी कुछ लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए पाकिस्तान का नारा लगाते हैं। उनका वही हाल होगा जो महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद का किया था। ये वीरों की धरती है। उनसे बोलिए कि जिस भिखमंगे पाकिस्तान का वह नारा लगाते हैं, वहीं जाकर भूखो मरें। यहां भारत पर बोझ मत बनें। कांग्रेस और सपा की सरकार में देश में कहीं भी आतंकी विस्फोट हो जाते थे। उस समय भारतीय जनता पार्टी जनता जनार्दन की आवाज उठाती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। देश में आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। दुनिया में देश का सम्मान बढ़ने के साथ विकास के बड़े–बड़े कार्य हो रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बहराइच लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. आनंद कुमार गोंड के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज बहराइच विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। यहां पर महर्षि बालार्क के नाम पर अस्पताल और महाराज सुहेलदेव के नाम पर मेडिकल कॉलेज खुल चुका है। इसकी पहले कल्पना नहीं की जाती थी, लेकिन मोदी है तो मुमकिन है। महाराजा सुहेलदेव का भव्य विजय स्तंभ बनकर तैयार है। वह राष्ट्र रक्षक थे इसलिए सम्मान देना हमारा काम है। वहीं उनका भव्य स्मारक भी बनाया जा रहा है। हमने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पंच तीर्थ का निर्माण भी किया है। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार देश के महापुरुषों का सम्मान करना जानती है। वहीं कांग्रेस और सपा महापुरुषों का अपमान करना ही अपना धर्म मानते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। देश की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला का भव्य, दिव्य और नव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। यह कांग्रेस, सपा और बसपा के लिए असंभव था, लेकिन इसे हमने करके दिखाया। साथ ही साथ जनता जनार्दन का सम्मान भी बढ़ाया है।

सीएम योगी ने कहा कि सपा के समय नौजवानों के हाथों में तमंचे पकड़वाए जाते थे। हमने उनके हाथों में टैबलेट थमाया। इससे प्रदेश का युवा स्मार्ट नौजवान हुआ है। उनके समय में अपराधी और माफिया जगह–जगह बम विस्फोट करते थे। हमने उनका राम नाम सत्य कर दिया। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में बमबाजी नहीं होती बल्कि हर हर बम बम के साथ कांवड़ यात्रा निकलती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान चल रहा है। दो चरणों का मतदान पहले ही समाप्त हो चुका है। जनता जनार्दन का अपार स्नेह और आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कमल निशान पर प्राप्त हो रहा है। यह रुझान तीसरे चरण में भी देखने को मिल रहा है। जनता जनार्दन का यह उत्साह दिखाता है कि प्रदेश के तीसरे चरण की सारी सीटों पर कमल खिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा होगा और देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी। यह ऐसे ही नहीं होने जा रहा बल्कि इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले दस वर्षों में देश के लिए किए गए सार्थक कार्यों से संभव हो पाया है। दुनिया आज बदलते हुए भारत को देख रही है। वहीं वर्ष 2014 से पहले देश की क्या हालत थी, सभी जानते हैं। उस समय बदहाल भारत जनता का विश्वास खो चुका है। वहीं आज जनता का विश्वास मोदी सरकार पर अडिग हुआ है। इस अवसर पर बीजेपी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, सांसद अक्षयबर लाल गौड़, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, विधायक रामनिवास वर्मा, सुरेश्वर सिंह, अनुपमा जायसवाल, सुभाष त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली और बेंगलुरु के लिए और सुगम होगी यात्रा



### इन दोनों महानगरों के लिए 29 मई से शुरू होगी अकासा एयर की उड़ान

### महज 1 घण्टे 15 मिनट में दिल्ली और 2 घण्टे 35 मिनट में बेंगलुरु पहुंच जाएंगे यात्री

**गोरखपुर, 07 मई (एजेंसियां)।** विगत सात सालों से शानदार एयर कनेक्टिविटी की नजीर प्रस्तुत कर रहे गोरखपुर से दिल्ली और बेंगलुरु की यात्रा अब काफी सुगम हो जाएगी। विमानन सेवा प्रदाता कम्पनी अकासा एयर गोरखपुर से दिल्ली और गोरखपुर से बेंगलुरु के लिए नॉन स्टॉप उड़ान शुरू करने जा रही है। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से शेड्यूल को मंजूरी मिलने के बाद टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। अकासा एयर की फ्लाइट से गोरखपुर से दिल्ली की दूरी महज 1 घण्टे 15 मिनट में तथा गोरखपुर से बेंगलुरु की दूरी 2 घण्टे 35 मिनट में पूरी हो जाएगी।

अकासा एयर की वेबसाइट के मुताबिक 29 मई से गोरखपुर से दिल्ली की फ्लाइट दोपहर बाद 2 बजकर 45 मिनट पर रवाना होकर शाम चार बजे दिल्ली पहुंचेगी। जबकि दिल्ली से गोरखपुर की फ्लाइट शाम 4 बजकर 55 मिनट पर उड़ान भरकर 6 बजकर 45 मिनट पर गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेगी।

इसी तरह 29 मई से ही बेंगलुरु की फ्लाइट का भी शुभारंभ हो जाएगा। अकासा की फ्लाइट बेंगलुरु से पूर्वाह्न 11 बजकर 15 मिनट पर टेक ऑफ करेगी और 2 बजकर 05 मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी। जबकि गोरखपुर से बेंगलुरु के लिए विमान देर शाम 7 बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरेगा और रात में 9 बजकर 55 मिनट पर बेंगलुरु पहुंचेगा। 29 मई से इन दोनों महानगरों (दिल्ली व बेंगलुरु) की एयर कनेक्टिविटी को लेकर अपनी फ्लाइट सेवा के लिए अकासा एयर ने टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है।

अकासा एयर की 29 मई से बेंगलुरु व दिल्ली के लिए हवाई सेवा शुरू होने से पहले ही यहां एलाइंस एयर और इंडिगो की प्रमुख शहरों के लिए उड़ान जारी है। जल्द ही अकासा की मुंबई के लिए भी उड़ान सेवा शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा इंडिगो भी अगले दो माह में गोरखपुर से बेंगलुरु के बीच उड़ान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के गोरखपुर के निदेशक आरके पराशर का कहना है कि अधिक विमानन कम्पनियों की तरफ से फ्लाइट सेवा शुरू होने से किराए में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और इसका लाभ यात्रियों को मिलेगा। उन्हें कम किराए पर यात्रा करने का अवसर मिलेगा।

### सात सालों में खत्म हो गई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता व बेंगलुरु की दूरी

गोरखपुर से न तो अब दिल्ली दूर है और न ही मुम्बई, कोलकाता, हैदराबाद या बेंगलुरु। किसी जरूरी काम से इन शहरों में आना–जाना हो या फिर सैर सपाटा करने, चंद घंटों में दूरी पूरी हो जाती है। जबकि पहले इन शहरों में आने–जाने को 16 से 36 घण्टे लग जाते थे। यह संभव हुआ है राज्य व केंद्र सरकार के साझा प्रयासों से, सात सालों में गोरखपुर से प्रमुख शहरों के लिए शानदार एयर कनेक्टिविटी से। कभी हवाई जहाज की सेवा से वंचित गोरखपुर से वर्तमान में देश की राजधानी, आर्थिक राजधानी समेत सात प्रमुख शहरों के लिए उड़ान सेवा उपलब्ध है।

# नवजात की साफ-सफाई का यूं रखें ध्यान, नहलाते समय न करें ये 5 गलतियां



साफ-सुथरे बच्चे किसे नहीं पसंद. अक्सर नवजात बच्चों को साफ करना मुश्किल काम हो जाता है. एक तो वे नाजुक इतने होते हैं ऊपर से बार-बार नेपी में ही सुसु करने से कई बार उनके पास नमी ज्यादा हो जाती है, जिससे एक अजीब तरह की गंध पैदा होती है. ऐसे में माता-पिता अपने नवजात को नहला कर उसकी साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि नन्हें बच्चों को नहलाते समय किन बातों का रखना चाहिए ख्याल... माना की शिशु बहुत जल्दी गंदे हो जाते हैं, लेकिन कई बार सही तरीके से या सावधानियां न बरत कर उन्हें नहलाने पर यह और बुरा साबित होता है.

चलिए एक नजर उन बातों पर जो एक नन्हें शिशु को नहलाते हुए आपको रखनी चाहिए ध्यान-

### स्टंप से न करें छेड़छाड़

बच्चे के जन्म के बाद उसकी नाभी से जुड़ी प्लेसेंटा की कोड को काट कर अलग किया जाता है. इसके बाद बच्चे की नाभि के पास बचे कोड के भाग को स्पंट लगा कर खून के बहाव का रोका जाता है. जैसे जैसे बच्चा बड़ा होता है यह स्टंप सूख कर खुद ही गिर जाता है. लेकिन नवजात को नहलाते समय इसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है. उसे ज्यादा न छेड़ें और खुद से हटाने की कोशिश तो बिलकुल भी न करें. ताजा स्टंप पर पानी ड़ालने से भी बचना चाहिए. उसके आसपास के भाग को कॉटन से सावधानी से साफ करें.

### वर्निक्स है जरूरी

जब बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी त्वचा पर एक चिकना और सफेद पदार्थ होता है. इसे वर्निक्स कहते हैं. यह आपके बच्चे की त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है. वर्निक्स को बच्चे के जन्म के कम से कम छह घंटे बाद तक उसके शरीर पर रखें. वर्निक्स जन्म के बाद बच्चे की त्वचा के लिए प्राकृतिक कोट का काम करता है.

### बहुत गर्म पानी से करें परहेज

क्योंकि नवजात बच्चे की त्वचा बहुत सेंसिटिव होती है, इसलिए उसे बहुत गर्म पानी से न नहलाएं. इससे बच्चे की त्वचा पर रैशेस हो सकते हैं. बच्चे को नहलाने से पहले पानी को अपने हाथ पर ड़ालकर देख लें कि वह ज्यादा गर्म तो नहीं है. उसके बाद ही बच्चे को नहलाएं.

### उत्पादों का सही इस्तेमाल

हर माता पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छा दिखे. कई बार इसलिए ही वे शिशु उत्पादों का अधिक इस्तेमाल भी कर लेते हैं. लेकिन इस आदत से बचने की जरूरत है. हालांकि कुछ चीजों का इस्तेमाल तो जरूरी होता है, लेकिन कई चीजें हम बस यूं ही ले लेते हैं. बच्चे की त्वचा बहुत कोमल होती है, उस पर अधिक उत्पादों का इस्तेमाल करने से उसे नुकसान पहुंच सकता है.

### बार-बार नहलाना

माना कि आप अपने बच्चे को अच्छी आदतें ड़ालना चाहते हैं और इन्हीं आदतों में से एक ही बच्चे को रोज नहाने की आदत हो. लेकिन यह आदत ड़ालने के लिए अभी आपको पास बहुत समय है. नवजात को रोज-रोज नहलाना जरूरी नहीं. आप उन्हें साफ करने के लिए बेबी वाइप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं. ज्यादा बार या बार-बार नहलाने से बच्चे की त्वचा पर मौजूद कोट को नुकसान पहुंच सकता है.

# ताकि आप दिखें खूबसूरत, यूं मेकअप का असर रहेगा देर तक...



मेकअप में फाउंडेशन का इस्तेमाल आपको अच्छा या बुरा दोनों दिखा सकता है. यह आपके प्रयोग के तरीके पर निर्भर करता है. फाउंडेशन लगाने से पूर्व प्राइमर का प्रयोग करें और फाउंडेशन को हल्के पाउडर की मदद से सेट करें. फाउंडेशन लगाने के कुछ सुझावों पर एक नजर डालें

» फाउंडेशन लगाने से पूर्व फेसवॉश से चेहरा और हाथ अच्छी तरह धुलें. तैलीय त्वचा वाले चाय पत्ती के तेल, नीम के गुणों और सैलीसिलिक एसिड वाले फेसवॉश का इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा शुष्क हुए बिना अच्छी तरह साफ हो जाए.

» उंगलियों की मदद से फाउंडेशन न लगाएं. फाउंडेशन ब्रश अपनाएं. यह आपकी त्वचा को कीटाणु मुक्त रखने में मददगार है.

» फाउंडेशन लगाने से पूर्व प्राइमर का प्रयोग करें. ऐसा करने से फाउंडेशन देर तक टिका रहेगा. प्राइमर चेहरे को केमिकल के संपर्क में आने से बचाता है और इससे आपका चेहरा स्वस्थ दिखता है.

» फाउंडेशन लगाने से पूर्व मॉश्चराइजर , सनस्क्रीन या प्राइमर लगाएं और इसे दो मिनट के लिए सेट होने के लिए छोड़ दें. अगर आपको लगता है कि ऐसा करने से आपकी त्वचा तैलीय लग रही है, तो मुलायम टिश्यू से चेहरा पोछ लें.

» उसके बाद गाल, माथे, ठुड्डी और नाक के ऊपर फाउंडेशन की डॉट लगाएं. पूरे चेहरे पर फाउंडेशन न लगाएं. याद रहे फाउंडेशन लगाने का उद्देश्य चेहरे को ढंकना नहीं, बल्कि चेहरे के कम उजले हिस्से को निखारना है.

» अब चेहरे पर लगाई गई फाउंडेशन की डॉट को ब्रश की मदद से अच्छे से फैला लें.

» फाउंडेशन को हल्के पाउडर से सेट करें. ऐसा करने से आपका लुक नेचुरल लगेगा. पूरे चेहरे पर पाउडर लगाने की जरूरत नहीं है.

# आंखों को बनाएं स्मोकी ताकि सभी आंखें आप पर ठहर जाएं



चेहरे की खूबसूरती में सबसे बड़ा योगदान होता है आंखों का। बहुत से गीतकारों और शायरों ने भी आंखों की खूबसूरती के लिए बहुत से गीत व शायरी लिखी हैं। हर महिला चाहती है कि उसकी आंखें हमेशा आकर्षक व मनमोहक लगें और इसके लिए वह मेकअप का सहारा लेती हैं। आजकल तो स्मोकी आईज का बेहद ही चलन है। आपकी आंखें चाहें किसी भी प्रकार की हों, स्मोकी आईज मेकअप बेहद ही खूबसूरत व अटैक्टिव लगता है। स्मोकी आईज मेकअप किसी भी पार्टी के लिए एकदम परफेक्ट है। यह स्मोकी आईज मेकअप आपको एकदम स्टाइलिश दिवा का लुक देती है। इस मेकअप की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि यह इंडियन ड्रेसेज से लेकर वेस्टर्न सभी पर अच्छी लगती है।

### करें एक्सपेरिमेंट

वैसे तो स्मोकी आई मेकअप करने का अपना ही एक तरीका होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो इस एक्सपेरिमेंटल युग में स्मोकी आई मेकअप में कुछ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ समय पहले तक जहां स्मोकी आईज मेकअप के लिए सिर्फ ब्लैक या ग्रे कलर के आईशेडोज को ही तवज्जो दी जाती थी, वहीं अब कलर्स के साथ एक्सपेरिमेंट किया जाने लगा है। आजकल वर्ल्डवाइड ब्लैक व ग्रे के अतिरिक्त पर्पल, ब्लू व डार्क ब्राउन कलर्स का इस्तेमाल भी काफी बड़ी रेंज में किया जाने लगा है। आप दो शेड्स के कलर्स के आईशैडो भी यूज करके स्मोकी लुक क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन कलर्स का इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि वह मैट फिनिश ही हो। इस प्रकार के कलर आपको एक अलग लुक ही प्रदान करते हैं।

### स्किन टोन पर लगे सही

जब भी बात मेकअप ही होती है तो आपको कोई भी लुक, कलर या एसेसरीज का इस्तेमाल करते समय अपने चेहरे व स्किन टोन का ध्यान रखना बेहद आवश्यक होता है। कहते हैं कि हर प्रकार की महिला पर एक-सा मेकअप अच्छा नहीं लगता। ठीक इसी प्रकार, ऐसा जरूरी नहीं है कि स्मोकी आईज मेकअप करते समय दो महिलाओं पर एक ही शेड्स फबेंगे। यदि आपका रंग थोड़ा गेंहूआ या सांवला है तो बेहतर होगा कि आप ब्लैक या ब्लू कलर से दूरी बना कर रखें। इस स्किन टोन की महिलाओं पर ब्राउन कलर अधिक अच्छा लगता है। वहीं जिन महिलाओं का रंग गोरा है, वह किसी भी शेड्स का चयन कर सकती हैं।

### फिनिशिंग है मस्ट

स्मोकी आईज मेकअप करते समय जितना ध्यान कलर्स का रखना होता है, उतना ही फिनिशिंग भी जरूरी है। स्मोकी आईज मेकअप करने का मतलब यह है कि आपके फेस का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन आपकी आंखें ही हैं। ऐसे में उसे सही प्रकार की फिनिशिंग देना बेहद आवश्यक है। इसके लिए आप आईलाइनर सहित काजल व मस्कारा का सहारा ले सकती हैं। यदि आपने मेकअप करते समय मस्कारा अप्लाई नहीं किया तो आपकी आंखों का मेकअप अधूरा ही रह जाएगा और आप मनचाहा परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगी।

### फेस मेकअप भी परफेक्ट

कोई भी मेकअप करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप अपने लिप्स या आंखों में से किसी एक पर ही फोकस रखें। मसलन, अगर आप ब्राइट लिपस्टिक यूज कर रही हैं तो आपका आईमेकअप लाइट होना चाहिए। वहीं अगर आप अपनी आंखों पर स्मोकी मेकअप अप्लाई कर रही हैं तो बेहतर होगा कि आप अपने फेस का बाकी मेकअप न्यूड ही रखें। फिर चाहे बात फाउंडेशन की हो या ब्लशर की, इन्हें बहुत हल्का ही इस्तेमाल करें। वहीं यदि आपके लिप्स यदि नेचुरली पिंक हैं तो आपके लिए सिर्फ ग्लॉस लगाना ही पर्याप्त रहेगा। अगर आप फिर भी लिपस्टिक इस्तेमाल करना चाहती हैं तो किसी भी लाइट कलर की मैट फिनिश लिपस्टिक का ही चयन करें। आईज व लिप्स दोनों पर डार्क कलर्स अप्लाई करने से चेहरा खूबसूरत दिखने की बजाय अजीब-सा लगने लगता है।

# एलोवेरा के ये नुकसान जानकर हो जाएंगे हैरान



एलोवेरा का पौधा शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल सेहत के साथ-साथ त्वचा को निखारने के लिए भी किया जाता है। एलोवेरा जैल से स्ट्रैच मार्क्स, रूखी त्वचा और स्किन की कई परेशानियों को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा कई लोग स्वस्थ शरीर के लिए एलोवेरा जूस का भी इस्तेमाल करते हैं लेकिन इन सब फायदों के साथ एलोवेरा के कई नुकसान भी हैं जिसके बारे में बहुत कम लोग ही जानते होंगे।

**1. हार्ट प्रॉब्लम :** एलोवेरा जूस का अधिक सेवन करने से शरीर में पोटेशियम की मात्रा घट जाती है जिससे दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है और हार्ट अटैक आने का खतरा बन जाता है।

**2. डायरिया :** इसमें लैक्सेटिव एंथ्राक्विनोन जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो पेट को नुकसान पहुंचाते है। एलोवेरा जूस का अधिक सेवन करने से डायरिया जैसी समस्या हो जाती है।

**3. गर्भपात :** गर्भवती महिलाओं के लिए एलोवेरा जूस काफी खतरनाक होता है। इसके सेवन से गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा जो महिलाएं स्तनपान करवाती हैं उन्हें भी एलोवेरा जूस का सेवन नहीं करना चाहिए।

**4. दवाओं का असर :** जो लोग किसी बीमारी की वजह से लंबे समय से दवाओं का सेवन करते हैं उन्हें भी इसका सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि एलोवेरा में मौजूद लैक्सेटिव गुण शरीर पर दवाओं का असर नहीं होने देते।

# भोजन के साथ न पीएं पानी हो सकते हैं नुकसान

पानी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे कई रोग दूर होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना-खाने के बाद, बीच या पहले पानी पीने से पाचन प्रक्रिया पर बहुत बुरा असर पड़ता है। आइए जानते हैं कि इस तरह पानी पीने के क्या नुकसान हो सकते हैं। खाना खाने के 1 घंटे बाद ही पानी पीएं। आइए जाने इसके नुकसान।

### न पीएं खाने के बीच पानी

खाने के बीच में पानी पीने से भोजन पच नहीं पाता और सीने में जलन होने लगती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

1. भोजन को अच्छे से चबा कर खाएं। चबा कर खाने से खाना पच जाता है और पानी पीने की जरुरत भी नहीं रहती।
2. भोजन करते समय अगर खांसी आए तो पानी की जगह दूध या लस्सी का सेवन करें।
3. अगर आप कुछ तीखा या चटपटा खा रहे हैं तो प्यास लगने पर गिलास भर कर पानी न पीएं। सिर्फ 2 घूट ही पीएं।
4. खाने के 1 घंटे बाद गर्म पानी पीने से पाचन शक्ति ठीक रहती है और खाना पचने में मदद मिलती है।
5. खाना खाते समय कोल्ड ड्रिंक और जूस का सेवन न करें।
6. अगर भोजन तीखा, मिर्च-मसालेदार, नमकीन और खट्टा है तो पानी जरुर पीएं। ऐसे में पानी पीने से शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता।

# 100 बीमारियों की एक दवा है आंवला, आजमा कर देखिये



1. आंवले का सेवन वजन घटाने के लिए भी होता है। आंवला हमारे शरीर के फैट को बर्न करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

2. अगर आपको भूलने की आदत है तो जनाब देर किस बात की है... तुरंत बाजार जाएं और आंवला खरीदकर खाएं। याददाश्त बढ़ाने में आंवले का सेवन लाभदायक है। रोजाना आंवले का मुरब्बा खाने से दिमाग तेज होता है।

3. आंवले का पेस्ट चेहरे पर लगाने से त्वचा संबंधी कई समस्याओं से छुट्टी मिल सकती है। आंवला खाने से या चेहरे पर इसका पेस्ट लगाने से झुर्रियां नहीं आती, त्वचा साफ और निखरी रहती है। चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आंवले का इस्तेमाल करें। रोजाना एक आंवला खाने से आपकी त्वचा जवां बनी रहेगी।

4. रुखे और बेजान बालों से छुटकारा पाने के लिए आंवला बेहतरीन उपाय है। आंवला बालों के लिए प्राकृतिक टॉनिक है, जो बालों का विकास करने के साथ-साथ उन्हें झड़ने से भी रोकता है।

5. शुगर के मरीजों के लिए आंवले का जूस पीना लाभदायक होता है। आंवले का जूस पीने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। बता दें, आंवले का जूस लगातार पीने से मधुमेह की बीमारी का अंत संभव है।

6. पेट से जुड़ी समस्या जैसे कब्ज और एसिडिटी से छुटकारा पाने के लिए आंवले का सेवन करें।

7. आंवले का रस आंखों के लिए फायदेमंद है। आंवला आंखों से जुड़ी समस्याओं (मोतियाबिंद, कलर ब्लाइंडनेस, कम दिखना) से निजात दिलाने में सक्षम है।

8. अगर खुजली की समस्या से परेशान हैं तो आंवले के पाउडर को किसी भी तेल में मिलाकर खुजली वाली जगह पर मसाज करें।

9. आंवले में बैक्टीरिया और फंगस से लढ़ने की क्षमता होती है। आंवला अल्सर, पेट में संक्रमण जैसी बीमारियों को खत्म करता है।

10. आंवले का जूस रोजाना पीने से कोलेस्ट्रोल लेवल कम करने में मदद मिलती है। आंवले में मौजूद एमिनो एसिड और एंटी ऑक्सीडेंट्स दिल के लिए फायदेमंद हैं।

11. महिलाओं में अक्सर वाइट डिस्चार्ज की समस्या देखी जाती है। ऐसे में आंवला पाउडर में शहद मिलाकर लगातार खाने से वाइट डिस्चार्ज की परेशानी से निजात पाया जा सकता है।

# इन फेस पैक से पाएं गोरी और निखरी त्वचा



हर लड़की चाहती है कि वो खूबसूरत दिखे लेकिन तेज धूप के कारण चेहरे की रंगत काली पड़ जाती है। इससे बचने के लिए लड़कियां कई तरह के प्रॉडक्टस का इस्तेमाल करती है लेकिन इनमें कैमिकल्स होने क कारण कई बार चेहरे को फायदे की जगह नुकसान पहुंचता है। ऐसे में इन घरेलू फेस पैक के इस्तेमाल से चेहरे की रंगत को निखारा जा सकता है।

**1. मिल्क पाउडर और नींबू :** 1 चम्मच मिल्क पाउडर में आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर पेस्ट तैयार करें। फिर इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट के बाद पानी से धो लें।

**2. ओटमील और दही :** ओटमील को रातभर पानी में भिगो कर रख दें। सुबह इसको ब्लैडर में पीस लें और फिर इसमें दही मिला कर पैक तैयार करें। इस पैक को चेहरे पर लगाएं और सूखने पर पानी से धो लें।

**3. आलू:** आलू के रस को चेहरे पर अच्छे से लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

**4. टमाटर और हल्दी :** 1 चम्मच टमाटर के रस में आधा चम्मच नींबू का रस और एक चुटकी हल्दी को मिला कर पैक तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें।

**5. बेसन :** 1 चम्मच बेसन में 2 चम्मच दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर 20 मिनट तक लगाएं

**6. पुदीना :** पुदीने के पत्तों को पीस कर पेस्ट तैयार करें। सूखने पर चेहरे को अच्छे से धो लें। इससे त्वचा की टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

**7. केला :** केले को पीस कर उसमें 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच दही मिला कर पेस्ट तैयार करें।



## रेसिपी

### पनीर चीज टोस्ट



1 1/2 स्पून तेल,
1/2 स्पून जीरा,
90 ग्राम प्याज, 1 स्पून हरी मिर्च, 1 स्पून अदरक का पेस्ट, 90 ग्राम टमाटर, 1/4 स्पून हल्दी,1/2 स्पून नमक,
1/2 स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 170 ग्राम पनीर, 1/2 टीस्पून मेंथी,
1 1/2 टेबलस्पून धनिया, ब्रेड स्लाइस, मोत्ज़ारेला पनीर, रेड चिली फ्लेक्स

#### विधि

एक पैन में तेल गर्म करके जीरा और प्याज डालें और अच्छे से भूनें। अब इसमें हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट डालकर 4-5 मिनट के लिए भूनें। फिर इसमें टमाटर, हल्दी, नमक, गरम मसाला और लाल मिर्च डालकर मिलाएं । इसके बाद इसमें पनीर, मेंथी और धनिया डालकर भूनें। अब एक ब्रेड स्लाइस लें और उसपर पनीर की भुर्जी, मोत्ज़ारेला पनीर और रेड चिली फ्लेक्स डालें। ओवन को 330°F/170°C के तापमान पर प्रीहीट करके ब्रेड स्लाइस को 7-10 मिनट के लिए बेक करें। पनीर चीज टोस्ट तैयार है, इन्हें सर्व करें।

### पापड़ पनीर फ्रिटर्स



1 कप चूरा किया हुआ पनीर, नमक स्वादअनुसार,
1 टेबल-स्पून कसा हुआ लहसुन,
1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 टी-स्पून टमेटो कैचप, 1/3 कप मैदा,
3/4 कप क्रश किए हुए पापड़, तलने के लिए- तेल ,
परोसने के लिए : टमेटो कैचप

#### विधि

पनीर को प्लेट में रखकर अच्छी तरह गूंथ लें। नमक, लहसुन, लाल मिर्च पाउडर, टमेटो कैचप डालकर अच्छी तरह मिला लें। मिश्रण को 9 बराबर भाग में बांट लें और प्रत्येक भाग को 50 मिमी

(2) लंबे गोल आकार में रोल कर लें। एक तरफ रख दें। मैदा और 1/2 कप पानी को बाउल में अच्छी तरह मिला लें। प्रत्येक रोल को मैदा-पानी के पेस्ट में डुबोकर क्रश किए हुए पापड़ में लपेट लें और सभी तरफ सुनहरा और करारा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज में निकालकर, टमेटो कैचप के साथ तुरंत परोसें।

संपादकीय

# मातृशक्ति के साथ भाजपा

**देश** में इस समय जद(एस) एवं पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के नाती प्रज्वल रेवन्ना के मामले की गूंज हैं। महिलाओं के साथ संबंध बनाने के उसके लगभग 200 वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुके हैं, इनकी संख्या कहीं अधिक बतायी जा रही है। आरोप-प्रत्यारोपों के अनुसार प्रज्वल ने दो हजार से अधिक महिलाओं का शोषण किया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाकर जाँच प्रारंभ कर दी है। मामला लगभग पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जैसा है ही है, जहाँ तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता शाहजहाँ शेख ने अनेक हिन्दू महिलाओं का शोषण किया। निःसंदेह, दोनों ही मामलों में कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी घरेलू सहायिका ने यौन शोषण का प्रकरण दर्ज कराया है। मामला जैसे ही तूल पकड़ा तो जद(एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, अब उसकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में तेज गति से जाँच करे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। चूँकि अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए इस मामले में राजनीति होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रज्वल के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं। सबको ही इस मामले में मुखर होना चाहिए। चूँकि जद(एस) भाजपा के साथ गठबंधन में है और लगभग 10 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रज्वल के लिए वोट माँगकर आए थे इसलिए भी कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। लेकिन वह भूल रही है कि विधानसभा चुनाव के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया भी उनके लिए वोट माँग रहे थे। इसलिए मामला सामने आने से पहले किसने क्या कहा, यह महत्व का नहीं है। महत्व इस बात का है कि मामला सामने आने के बाद किसका क्या रवैया है। भाजपा ने स्पष्ट कहा है कि भाजपा मातृशक्ति के साथ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि "भाजपा का रुख स्पष्ट है कि हम देश की 'मातृ शक्ति' के साथ खड़े हैं। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि वहां किसकी सरकार है? सरकार कांग्रेस पार्टी की है। उन्होंने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? यह राज्य की कानून व्यवस्था का मामला है, राज्य सरकार को इस पर कार्रवाई करनी है। हम जांच के पक्ष में हैं"। इससे अधिक स्पष्ट बयान और कुछ हो नहीं सकता। अब गेंद कांग्रेस के पाले में है कि उसकी सरकार कितनी तेजी से मामले को परिणाम तक पहुँचाती है या फिर केवल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इसका उपयोग करती है। अब जरा याद कीजिए कि संदेशखाली में महिलाओं के शोषण के मामले पर कौन-सा राजनीतिक दल भाजपा की तरह मुखर हुआ था। प्रज्वल के मामले में मुखर कांग्रेस के सुर भी संदेशखाली के मामले में कहीं दब गए थे। तृणमूल कांग्रेस ने तो किस प्रकार की टालमटोली एवं बेशर्मी दिखायी थी, यह सबके ध्यान में ही है। महिला मुख्यमंत्री होकर भी ममता बनर्जी खुलकर संदेशखाली की महिलाओं के समर्थन में नहीं उतरीं। भाजपा ने संदेशखाली में भी मातृशक्ति का साहस बढ़ाया और प्रज्वल के मामले में भी भाजपा पीड़ति महिलाओं के साथ होने की बात कह रही है। भाजपा का स्पष्ट मत है कि प्रज्वल के मामले में कांग्रेस सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अब देखना होगा कि जिस मुखरता से कांग्रेस इस मुद्दे को उठा रही है क्या उतनी ही तेजी से कार्रवाई भी करेगी?

महिलाओं के साथ संबंध बनाने के उसके लगभग 200 वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुके हैं, इनकी संख्या कहीं अधिक बतायी जा रही है। आरोप-प्रत्यारोपों के अनुसार प्रज्वल ने दो हजार से अधिक महिलाओं का शोषण किया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाकर जाँच प्रारंभ कर दी है। मामला लगभग पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जैसा है ही है, जहाँ तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता शाहजहाँ शेख ने अनेक हिन्दू महिलाओं का शोषण किया। नि:संदेह, दोनों ही मामलों में कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी घरेलू सहायिका ने यौन शोषण का प्रकरण दर्ज कराया है। मामला जैसे ही तूल पकड़ा तो जद(एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, अब उसकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में तेज गति से जाँच करे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। चूंकि अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए इस मामले में राजनीति होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रज्वल के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं। सबको ही इस मामले में मुखर होना चाहिए। चूँकि जद(एस) भाजपा के साथ गठबंधन में है और लगभग 10 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रज्वल के लिए वोट माँगकर आए थे इसलिए भी कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। लेकिन वह भूल रही है कि विधानसभा चुनाव के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया भी उनके लिए वोट माँग रहे थे। इसलिए मामला सामने आने से पहले किसने क्या कहा, यह महत्व का नहीं है। महत्व इस बात का है कि मामला सामने आने के बाद किसका क्या रवैया है।

## हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

ललित गर्ग

हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दु:खी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं।

**खुशियाँ** मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है। विश्वहास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।' आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र



अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो। दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद, हिंसा, युद्ध एवं महामारियों के डर से सहमे हुए हैं, ऐसे समय विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले दुनिया के लोगों में इतनी घबराहट और अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल हंसी ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक को बढ़ावा देना चाहिए।

दृष्टि कोण

# भारत की कुर्बानियां भूल रहा बांग्लादेश

**हिंदोस्तान** के फजल से वजूद में आया बांग्लादेश भी भारत विरोधी देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है। हाल ही में मालदीव की तर्ज पर बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी के रहनुमाओं ने इंडिया आउट का नारा देकर भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की आवाज बुलंद की है। हांलाकि बांग्लादेश की वजीरे आजम मोहतरमा शेख हसीना ने 26 मार्च 2024 को अपने मुल्क के यौम ए तासीस के मौके पर हिंदोस्तान की मुखालफत करने वाले लोगों को तल्ख तेवर जरूर दिखाए थे मगर भारत के रहमो करम पर पलने वाले मुल्क बांग्लादेश में भारत विरोधी आवाज चितांजनक है। दिसंबर 1971 से पहले बाग्लांदेश पूर्वी पाक के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा था। पाकिस्तान के फौजी हुक्मरानों के जुल्मों सितम से परेशान हो चुकी बांग्ला आवाम अपने लिए एक आजाद मुल्क के तौर पर जीना चाहती थी। मगर पाक तानाशाह याहिया खान के आदेश पर पूर्वी पाक के सैन्य कमांडर 'टिक्का खान' ने बांग्ला आवाम की आजादी की आवाज को खामोश करने के लिए 25 मार्च 1971 को आपरेशन सर्च लाइट के तहत बांग्ला लोगों का नरसंहार करके बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। पाक सेना ने आधी रात को ढाका विश्वविद्यालय पर हमला करके सैकड़ों छात्रों व प्रोफेसरों का कत्ल कर दिया था। आपरेशन सर्च लाइट में पाक सेना द्वारा कत्लोगारत की हकीकत को ब्रिटेन के अखबार 'संडे टाइम्स' में पत्रकार 'एंथनी मैस्करनेहास' ने अपने आर्टिकल के जरिए जब आलमी सतह पर पेश किया तो हलाकत के उस खौफनाक मंजर से आहत होकर अमरीका की टाइम मैगजीन ने टिक्का खान को 'बूचर ऑफ बांग्लादेश' कहा था। सन-1971 की जंग की वजह तथा पाकिस्तान का दो टुकड़ों में तब्दील होने का कारण टिक्का खान का जहालत भरा आपरेशन सर्च लाइट ही बना था। मगर पाकिस्तान के हुक्मरानों ने बांग्लादेश को



रक्तरंजित करने वाले कुख्यात टिक्का खान को मार्च 1972 में पाक सेना का चार सितारा जरनैल बनाया था। मानवता को शर्मशार करने वाले आपरेशन सर्च लाइट की बर्बरता से बांग्ला लोगों को बचाने के लिए भारतीय सेना सरहदों की बंदिशों को तोडक़र पूर्वी पाकिस्तान में दाखिल हुई। वीरभूमि हिमाचल के रणवांकुरों से सुसज्जित 'तीन डोगरा' बटालियन ने सन-1971 की जंग में बांग्लादेश के महाज पर चौड़ाग्राम व काठियाचोर तथा चटगांव क्षेत्रों की लड़ाई में पाक सेना को धूल चटाकर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। डोगरा सैनिकों के जोरदार हमले व संगीनों से पाक फौज की हलाकत से बेबस होकर पाक सेना के ब्रिगेडियर 'एएमके मलिक' ने अपने ब्रिगेड के साथ तीन डोगरा बटालियन की एक कंपनी के सामने आत्मसर्मपण कर दिया था। युद्ध में पाक सेना के मंसूबों को ध्वस्त करके दास्तान ए शुजात का परिचय देने वाले तीन डोगरा के मेजर 'अनूप सिंह गहलोत' को 'महावीर चक्र' (मरणोपरांत) तथा हवलदार 'रमेश कुमार' व 'खुशाल चंद' दोनों को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। पूर्वी पाक में जिल्लत भरी शिकस्त से बौखला कर जनरल 'नियाजी' के सलाहकार राव फरमान अली के इशारे पर पाक सेना ने 14 दिसंबर 1971 को बांग्ला लेखकों, डाक्टरों, रजाकारों, शिक्षकों, वकीलों तथा बुद्धिजीवी वर्ग के सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस नरसंहार की याद में बांग्लादेश 14 दिसंबर को 'बुद्धिजीवी दिवस' के तौर पर मनाता है। ढाका में मौजूद 'शहीद बुद्धिजीवी स्मारक' पाक सेना द्वारा कत्लेआम की दास्तां को बयान करता है। पूर्वी पाक की आवाम ने अपने मुल्क की आजादी का एक मुद्दत से जो पुरनूर ख्वाब देखा था। उसे भारतीय सेना के 3845 जांबाजों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मुकम्मल किया था। युद्ध में बलिदान देने वाले 195 शूरवीरों का संबंध हिमाचल से था। भारतीय सेना ने पूर्वी पाक को आजाद कराकर नए मुल्क को बांग्ला जुबान के नाम पर बांग्लादेश बनाकर बांग्ला लोगों को ही सौंप दिया था। अतः बांग्लादेश को भारतीय सैनिकों की कुर्बानियां याद रखनी होंगी। अंग्रेजों द्वारा बंगाल के विभाजन से आहत होकर अपने सूबे में एकता का माहौल कायम रखने के लिए 'रविंद्रनाथ टैगोर' ने सन-1906 में 'आमार सोनार बांग्ला' नामक गीत की रचना की थी। बांग्लादेश की हुकूमत ने आजादी के बाद सन-1972 में उस नगमें को अपना कौमी तराना तसलीम कर लिया था। आज चीन के इशारे पर बांग्लादेश के सियासतदान भारत का विरोध कर रहे हैं।

कुछ अलग

# इस रील रोग का क्या इलाज

**कुछ** समय पहले नोएडा के वेद वन पार्क और दिल्ली की सुंदर नर्सरी जाना हुआ। गए तो थे वहां की शांति और सौंदर्य के अहसास के लिए, पर वास्ता पड़ गया उटपटांग हरकतें करते कुछ लोगों से। पता चला कि ये सभी प्राणी रील बना रहे हैं। पार्क हो या सड़क, इस तरह का नज़ारा आम होता जा रहा है। भीड़ के बीच में रील बनाने का चस्का इस कदर बढ़ा है कि हदें पार करने लगा है। अभी होली के मौके पर दिल्ली मेट्रो में हुआ वाकया इसका ताज़ा उदाहरण है। लाइक्स पाने की चाहत में दो युवतियों ने ऐसी हरकतें कीं कि हंगामा हो गया। बाद में पता चला कि नोएडा में स्कूटी पर बैठकर इसी तरह की हरकतें करने वाली भी यही दोनों लड़कियां थीं। विवाद बढ़ा तो इनके खिलाफ केस दर्ज कर भारी जुर्माना लगाया गया। इन युवतियों ने जो बताया, उसमें ऐसे शॉर्ट विडियो बनाने के क्रेज़ की कहानी छिपी है। बेहद साधारण परिवार से आने वाली इन बालाओं के सोशल मीडिया पर मल्टीपल अकाउंट और लाखों फॉलोअर्स हैं। पहले ये सामान्य विडियो बनाती थीं तो लाइक्स नहीं मिलते थे। लेकिन जब फालतू हरकतों वाला एक विडियो वायरल हुआ और उससे होने वाली कमाई का पता चला तो फिर ये इसी तरह के और कंटेंट डालने के चक्कर में सारी सीमाएं पार कर गईं। इन रील रोगियों को पुलिस का भी कोई खौफ नहीं। अभी पिछले हफ्ते दिल्ली की सड़कों पर भी स्पाइडरमैन की कॉस्ट्यूम में एक कपल बिना नंबर प्लेट की बाइक पर स्टंट करते पकड़े गए। न हेलमेट, न लाइसेंस। एक अन्य जनाब ने मेन रोड पर अपनी बाइक खड़ी की और चलते ट्रैफिक के बीच कुर्सी लगाकर बैठ गए। लाइक्स और व्यूज़ के चक्कर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले इन दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने न सिर्फ केस दर्ज किया बल्कि सोशल मीडिया अकाउंट हटाने की सिफारिश भी। रील बनाकर जल्द मशहूर होने का यह नशा युवाओं पर ही नहीं, हर उम्र के लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या जवान, सब रील बनाने में लगे हैं। ज़ाहिर है, जब देखने वाले होंगे, तभी इतना कंटेंट भी अपलोड हो रहा है। कहीं भी जाएं, हर शख्स अपने मोबाइल में रील स्क्रॉल करते देखा जा सकता है। अभी एक दिन मेट्रो में तीन साल के बच्चे को मोबाइल में डूबे देखा। उसका अंगूठा रील्स पर चले जा रहा था, जिसमें बीच-बीच में एडल्ट कंटेंट भी आ रहा था। उसे शायद ही कुछ समझ आ रहा हो, लेकिन उसकी आंखें स्क्रीन पर गड़ी हुई थीं। थोड़ी देर में ही एक बुजुर्ग दाखिल हुए। सीधे कॉर्नर वाली सीट पर पहुंचकर वहां बैठे युवक को ऊपर लिखे संदेश की ओर इशारा किया। सीनियर सिटिज़न की सीट देख लड़का तुरंत खड़ा हो गया। बुजुर्ग ने बैठते ही जेब से फोन निकाला। लगा कि शायद किसी को फोन कर बताना होगा कि बैठ गए। पर उन साहब ने भी झट से ऐप खोला और शॉर्ट विडियो देखने में तल्लीन हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टूडेंट्स के साथ अपने सालाना कार्यक्रम में भी यह मुद्दा उठाया था कि आप रील देखना शुरू करते हैं तो फिर कितनी देर देखेंगे उसका कोई हिसाब नहीं रहता। देखते-देखते आधा घंटा कब निकल जाता है पता ही नहीं चलता। उसके बाद यह भी याद नहीं रहता कि पहली रील कौन सी देखी थी। यानी आपने सिर्फ वक्त बर्बाद किया। आप भी ज़रा अपने पिछले दिन की दिनचर्या पर नज़र दौड़ाएं और बताएं कि आपने इन शॉर्ट विडियो पर कितना वक्त बर्बाद किया।

देश दुनिया से

# सोना क्यों बन रहा है पहली पसंद

युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया।

**पहले** विश्व युद्ध के बाद से अब तक दुनिया में डॉलर का महत्त्व लगातार बढ़ता रहा है। जब अमरीका के सहयोगी देश सामान के बदले सोना देने लगे, तो ऐसे में संयुक्त राज्य अमरीका आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया। समझना होगा कि उतार-चढ़ाव के साथ वर्ष 1999 से डॉलर का महत्त्व अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के नाते लगातार घटता रहा है। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि चाहे डॉलर का महत्त्व घटता गया हो, लेकिन डॉलर अभी भी दुनिया की सबसे अधिक पसंदीदा करंसी बना हुआ है। उसके मुकाबले दूसरे स्थान पर यूरो का हिस्सा अभी भी 20 प्रतिशत के आसपास ही है और बाकी कोई भी करंसी उसके नजदीक भी नहीं है। आज भी दुनिया के अधिकांश अंतरराष्ट्रीय लेन-देन डॉलर में होते हैं। इस कारण से डॉलर लंबे समय से कभी भी खास कमजोर नहीं हुआ। भारतीय रुपए के संदर्भ में देखें तो 1964 में जहां एक डॉलर 4.66 रुपए के बराबर था, वो अब बढक़र 83.4 रुपए तक पहुंच चुका है। अन्य करंसियों की तुलना में भी यह काफी मजबूत रहा है। लेकिन कुछ समय से दुनिया के देशों में वि.डॉलरीकरण के संकेत मिल रहे हैं। डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण लगभग सभी देशों, खासतौर पर विकासशील देशों को खासा नुकसान होता रहा है। भारत की यदि बात करें तो पिछले कुछ समय से भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपए की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। लगभग 20 देशों के साथ इस बाबत सहमति भी बनी है। उधर अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अमरीका और यूरोपीय देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के चलते अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में कठिनाई के कारण, दूसरे देशों में भी स्थानीय करंसियों में भुगतान के प्रयास तेज हो गए हैं। दुनिया में डॉलर के प्रति विमुखता इस कारण से भी बढ़ी है, क्योंकि अमरीका ने रूस को आक्रमणकारी बताते हुए उसके तमाम डॉलर रिजर्व को जब्त कर लिया है। ऐसे में दूसरे मुल्कों में यह भय व्याप्त हो गया है कि देर-सवेर अमरीका ऐसी कार्रवाई उन पर भी कर सकता है। ऐसे में उन मुल्कों पर रूस जैसी भुगतान की समस्या आ सकती है। ऐसे में दुनिया के मुल्क दो तरफा प्रयास कर रहे हैं। एक, स्थानीय करंसियों में भुगतान तो दूसरा डॉलर के स्थान पर सोने के भंडार में वृद्धि। भारत की यदि बात करें तो देखते हैं कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ते-बढ़ते अप्रैल के पहले सप्ताह तक 648.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन इस बीच में एक और महत्त्वपूर्ण बात जो दिखाई दी कि विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का भंडार 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक ही सप्ताह में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में 6 टन वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान 9वां है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार की प्राथमिकता के बारे में आधिकारिक पुष्टि भी की है। वल्र्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थाओं द्वारा 450.1 टन सोने की खरीद की गई, वो बढक़र 2022 में 1135.7 टन हो गई। वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीद की। गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले में लगातार घटती जा रही है।



आप का नजरिया

# और कितने 'परौर'

**हम** इसे पर्यटन का 'पीक' कहें या मानें कि भीड़ कभी सैलानी नहीं होती। पिछले कुछ दिनों से कांगड़ा में पर्यटन राजधानी का शुमार सडक़ों पर देखा जा रहा है। जो दैनिक कार्यों के लिए सडक़ से हो कर गुजरते होंगे, उन्हें मालूम हो गया कि सैलानी अगर गाडिय़ों की गिनती या महासमागमों की बस्ती हैं, तो एक ही दिन की आफत में कितनी सदियां गुजर गईं। परौर में राधास्वामी सत्संग की ट्रैफिक व्यवस्था करने में छक्के छूट जाते हैं। पसीना-पसीना पुलिस करे भी तो क्या करे। पुलिस कोई पार्किंग मशीनरी नहीं कि कोई स्थायी खाका बना ले या सडक़ों की धूल में यातायात व्यवस्था की खाक छानती फिरे, फिर भी पर्यटन सीजन का सही मायने में कोई नायक है, तो यह सेहरा कांगड़ा पुलिस को जाता है। काश! कभी पर्यटन, सडक़ विस्तार और सरकार की योजनाएं पर्यटक सीजन की कतार में खड़ी होकर देखें कि हमें करना क्या है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि एडबी बैंक के कार्यालय को धर्मशाला से स्थानांतरित करके पर्यटन में कैबिनेट प्राप्त आर एस बाली नगरोटा बगवां ले जाएं या कल जब सुबह हो तो हम एक नया सरकारी होटल खोल दें। कायदे से अगर होटल व्यवसाय का पर्यटन की भीड़ से कोई रिश्ता होता, तो परौर तक आ रहे लोग तमाम होटलों को खचाखच भर देते, मगर वे तो सडक़ों, जंगलों और यातायात को पूरी तरह भरने आए थे और आते रहेंगे। ताज्जुब यह भी कि पिछले चंद दिनों में पर्यटन के एक साथ कई दीप जले, मगर हमारे दीये में तेल है ही कितना। धर्मशाला में क्रिकेट का आई पी एल और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा बेशक सम्मानित करता है और यह प्रमाणित करते हैं कि हिमाचल 'खुशामदीद' कहने की आदत डाल रहा है, लेकिन इस वसंत को हम चार दिन की चांदनी बना कर स्वयं ही नष्ट कर देंगे या पर्यटन को हमेशा पुलिस के हाथों में सौप देंगे, जबकि इसकी स्थायी व्यवस्था व प्रबंधन की जरूरत है और यही निकम्मापन हर धार्मिक स्थल पर पाजेब पहने हुए मिल जाएगा। मान लिया चंद दिन हमारा सामान्य जनजीवन पुलिस के हवाले भी चल सकेगा या वन वे के नाम पर पालमपुर की ओर से जनता चामुंडा होकर कांगड़ा निकल जाए, लेकिन ट्रैफिक जाम के मुहानों पर अड़ गई एंबुलेंस की गाड़ी को कैसे निकालोगे या भीड़ को वाहन चलाना कौन सिखाएगा। क्या हमारी पुलिस व्यवस्था केवल संकट में समाधान की वर्दी है या साल भर हमें ट्रैफिक व्यवस्था में नागरिक शिष्टाचार सिखाएगी। खुशखबरी यह है कि बड़े समागमों या वीआईपी मूवमेंट में भी जनता के बीच से निकले स्वयंसेवक कई जगह काम आ जाते हैं या वाहनों के चालक खुद ट्रैफिक पुलिस बन जाते हैं, वरना पर्यटक सीजन को लांघना हमारे लिए मुश्किल व पीड़ाजनक बनता जा रहा है। ऐसे में पर्यटन की संभावना को समझते व विकसित करते हुए यह अनुमान लगाएं कि हमारी छवि किसे बुला रही है। क्या हम कसोल या धर्मकोट की किसी पार्टी में पर्यटकों को बुला रहे हैं या खड्डों में नहाने के लिए कांगड़ा बाइपास का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या हम धार्मिक समागमों, प्रवचनों या लंगरों में मुफ्त का खाना व रहने का लुत्फ उठा रहे लोगों के कारण पर्यटक सीजन की खिल्ली उड़ा रहे हैं। क्यों नहीं हम बड़े आश्रमों, डेरों व धार्मिक आकाओं को प्रेरित करते हैं कि वे ऑफ-सीजन में आकर तंबू लगाएं।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे

# ई-रुपी से जुड़ी चिंताओं को ऐसे किया जा सकता है दूर, आरबीआई ने बताया तकनीक से निकलेगा हल



**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।**

ई-रुपी या सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पायलट प्रोग्राम भी चलाया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने वर्ष 2022 में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके ई-रुपी लॉन्च किया था।

ई-रुपी के लॉन्च के समय से ही इसकी गोपनीयता सबसे बड़ी चिंता बनी हुई थी। कुछ लोग कहते थे कि ई-रुपी के जरिये जो लेनदेन होता है उसका रिकॉर्ड तैयार हो जाता है। ऐसे में रिकॉर्ड के चोरी होने का खतरा बना रहता है। कागजी मुद्रा में इस तरह का खतरा नहीं होता है क्योंकि इसमें लेनदेन की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय होती है।

केंद्रीय बैंक चाहती है कि देश में जिस तरह कागजी मुद्रा के जरिये लेनदेन होता है, ठीक उसी प्रकार ई-रुपी के जरिये भी लेनदेन हो।

### कैसे दूर हो सकती है ई-रुपी से जुड़ी चिंता

बीआईएस इनोवेशन सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि ई-रुपी की गोपनीयता से जुड़ी चिंता पर प्रकाश डाला।

ई-रुपी के ऑफलाइन ट्रांजेक्शन को लेकर केंद्रीय बैंक के अधिकारी इस समस्या के समाधान के लिए काम कर रहे हैं।

सीबीडीसी को ऑफलाइन ट्रांसफर के लिए प्रोग्रामेबिलिटी फीचर पेश करने पर काम कर रही है। प्रोग्रामेबिलिटी फीचर का उद्देश्य है कि खराब इंटरनेट या फिर सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी क्षेत्र में भी पूर्ण रूप से ई-रुपी के जरिये ट्रांजेक्शन किया जा सके।

आरबीआई यूपीआई के साथ सीबीडीसी की इंटरऑपरेबिलिटी को भी सक्षम करने के लिए काम कर रही है।

भारत ने सीबीडीसी को गैर-लाभकारी बना दिया है। इसके लिए बैंक मध्यस्थता के किसी भी संभावित जोखिम को कम करने के लिए इसे ब्याज रहित बनाता है। केंद्रीय बैंक सीबीडीसी बनाता है और बैंक इसे वितरित करता है।

आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने वर्ष 2021 में ई-रुपी की सिक्योरिटी को मजबूत बनाने के लिए आग्रह किया था। ई-रुपी के ट्रांजेक्शन डेटा चोरी ना हो इसके लिए भी काम किया जा रहा है।

देश में ऑनलाइन पेमेंट के लिए यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन भविष्य में यह स्थिति बदल सकती है। जल्द ही ई-रुपी भी ठीक कागजी मुद्रा की तरह गुमनामी की डिग्री हो सकती है।

आरबीआई गवर्नर ने फरवरी में ई-रुपये की पहुंच में विस्तार लाने के लिए आरबीआई ने हाल ही में पायलट प्रोग्राम में गैर-बैंकों की भागीदारी की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### आनंद महिंद्रा ने रोल बेचने वाले दिल्ली के 10 वर्षीय लड़के को की मदद की पेशकश



**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा दिल्ली के एक 10 वर्षीय लड़के की मदद के लिए आगे आए। लड़का अपने पिता के निधन के बाद रोल बेच रहा है। उन्होंने कहा कि लड़के की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए और उनका फाउंडेशन उसकी मदद करेगा। एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए, महिंद्रा ने लड़के को अपना समर्थन दिया और परिवार के लिए उसके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लिखाख,साहस, आपका नाम जसप्रीत है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मेरा मानना है कि वह दिल्ली के तिलक नगर में है। अगर किसी के पास उसका संपर्क नंबर है, तो कृपया इसे शेयर करें। महिंद्रा फाउंडेशन टीम यह पता लगाएगी कि हम उसकी शिक्षा में कैसे सहयोग कर सकते हैं। शेयर किए जाने के बाद से पोस्ट को पांच लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर यूजर्स की खूब प्रतिक्रियाएं आईं। एक यूजर ने लिखा, वह हार नहीं मान रहा है। इस बच्चे ने जिम्मेदारी लेने और अपने लिए खड़े होने का फैसला किया है। उसका साहस प्रेरणादायक है, जो उसे विषम समय में खड़े होने के लिए प्रेरित कर रहा है। एक अन्य यूजर ने कहा, उसका साहस और कभी हार न मानने वाला रवैया प्रेरणादायक है! उसे समाज से सहयोग मिलेगा। एक अन्य यूजर ने उल्लेख किया, जसप्रीत निडर है! शिक्षा महत्वपूर्ण है। यह बहुत अच्छा है कि महिंद्रा फाउंडेशन उसकी शिक्षा में सहयोग के लिए आगे आ रहा है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को अंतरिम जमानत दी, धन शोधन का है मामला



**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। हाईकोर्ट ने गोयल को अपना पासपोर्ट भी सरेंडर करने को कहा है। 75 वर्षीय गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हालांकि अदालत ने उन्हें अपनी पसंद के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। उसके बाद गोयल ने हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी दी थी। उन्होंने अदालत से चिकित्सकीय आधार पर रिहा करने की मांग की थी। उनके वकील हरीश साल्वे ने अदालत में अपील की थी कि गोयल को उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए अंतरिम जमानत दिया जाना चाहिए। हालांकि ईडी की ओर से अदालत में पेश हुए हितेन वेनगांवकर ने गोयल की अपील का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि गोयल को जमानत ना देकर उनके अस्पताल की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। इस पर साल्वे की ओर से तर्क दिया गया था कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी बीमार हैं। गोयल को जांच एजेंसी ईडी ने सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। उनपर केनरा बैंक से मिले 538.62 करोड़ रुपये के लोन की राशि में हेरफेर करने का आरोप है।


### इंतजार हुआ खत्म, अगस्त 2024 में लॉन्च होगी 4जी सेवाएं, इंस्टॉल होंगे 1.12 लाख टावर

**नई दिल्ली।** यदि आप भी भारत संचार निगम लिमिटेड के ग्राहक हैं और 4जी सर्विस का इंतजार कर रहे हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। बीएसएनएल की 4जी सर्विस इसी साल अगस्त से पूरे देश में लॉन्च हो जाएगी। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, क्योंकि देश में 5जी को लॉन्च हुए दो साल हो चुके हैं और बीएसएनएल 4जी के लिए ही जूझ रहा है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएनएल के अधिकारियों ने कहा है कि अगस्त से देश में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं रोल आउट होना शुरू हो जाएंगी। कहा जा रहा है कि बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क पर 40-45एमबीपीएस तक की स्पीड मिलेगी। बीएसएनएल की 4जी सर्विस 700 मेगाहर्ट्स पर लॉन्च होगी और पायलट प्रोजेक्ट के दौरान इसे 2,100एमएच5 बैंड पर ले जाया जाएगा। बीएसएनएल ने हाल ही में पंजाब में अपनी 4जी सेवाएं शुरू की है। 4जी सर्विस के लिए बीएसएनएल ने टीसीएस और सी-डोट के साथ साझेदारी की है। पंजाब में करीब 8 लाख 4जी सब्सक्राइबर्स हो गए हैं।

# सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पीएलआई विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता खत्म करेगी, रोजगार सृजित करेगी

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।**

**सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण के लिए मानक बनाने की कवायद शुरू कर दी है. उद्योग हितधारकों ने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत बनाने व निर्यात को और बढ़ाने के लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा. आईटी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक क्षेत्र के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना तैयार करने के लिए विभिन्न हितधारकों से उनके दृष्टिकोण मांगे हैं।**



विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम से मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) की अपने उत्पादों के लिए विभिन्न घटकों और उप-असेंबली की खरीद के लिए चीन और वियतनाम जैसे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी. ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक ए. गुरुराज ने बताया, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड देश में संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए सरकार के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गुरुराज ने कहा, हम देश में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना का विस्तार करने के सरकार के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं, जो वास्तव में आत्मनिर्भर भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा. सरकार के इस कदम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होंगे. पिछले 10 वर्षों में, जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम शुरू किया है, लाखों नई नौकरियां पैदा हुई हैं। अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में लगभग 12 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण 100 अरब डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है। सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) के सीईओ अवनीत सिंह मारवाह ने बताया कि यह कदम घरेलू घटक विनिर्माण को बढ़ावा देने का वादा करता है, जो मेक इन इंडिया पहल को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मारवाह ने बताया, इस समय हम विभिन्न देशों से प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक घटकों की आउटसोर्सिंग पर बहुत अधिक निर्भर हैं. हालांकि, इन-हाउस विनिर्माण की शुरुआत के साथ हम दो महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए खड़े हैं : अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता और हमारी आपूर्ति श्रृंखला के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना. विशेषज्ञों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पीएलआई योजना निस्संदेह गेम चेंजर है।

उन्होंने आगे कहा, हमने एक प्रमुख कंपनी को अपने सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन करते हुए देखा है, जबकि अन्य कंपनियां भी इस उभरते पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए तेजी से इसका अनुसरण कर रही हैं।

मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सीएमआर में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक घटकों के निर्माण के लिए पीएलआई योजना का विस्तार भारत के घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण बाधा - विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता को खत्म करने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

राम ने बताया, इस नीति का लक्ष्य घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देना और समय के साथ देश के भीतर मजबूत अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम क्षमताओं के साथ एक अधिक लचीली एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य श्रृंखला बनाना है, ताकि स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके।

### विदेशी ऑर्डर से सेवा क्षेत्र में वृद्धि 14 साल के शीर्ष पर, मजबूत मांग से मिला समर्थन

**नई दिल्ली।** भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पर दुनिया का भरोसा बना हुआ है। दुनिया के कई हिस्सों से नए ऑर्डर मिलने के कारण देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नरमी के बावजूद अप्रैल, 2024 में 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर एचएसबीसी इंडिया का सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक पिछले माह 60.8 रहा, जो 2010 मध्य के बाद सर्वाधिक है। मार्च, 2024 में सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 61.2 रहा था। एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार थोड़ी धीमी रही। इसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ऑर्डर और आर्थिक वृद्धि का समर्थन मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू कंपनियों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से नए ऑर्डर मिले। इससे सितंबर, 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि रही। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है। धीमी रही कर्मचारियों की भर्ती की रफ्तार नौकरियों के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि नए कारोबारी ऑर्डर में तेजी के बीच कुछ घरेलू सेवा प्रदाताओं ने अप्रैल में नई नियुक्तियां की। हालांकि, कुछ कंपनियों ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी।

## पतंजलि के खिलाफ क्यों और कैसे हो गई कार्रवाई

# डॉ. बाबू केवी ने बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के खिलाफ की थी शिकायत



**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।**

उत्तराखंड सरकार ने हाल में बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के 14 प्रॉडक्ट्स का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएमओ के निर्देश पर बाबा रामदेव की कंपनी के खिलाफ कार्रवाई हुई है। पीएमओ को भेजी गई एक आरटीआई में शिकायत की गई थी कि पतंजलि आयुर्वेद आयुष उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े कानून का बार-बार उल्लंघन कर रही है। शिकायत में कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग गई थी।

उत्तराखंड की लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने पतंजलि आयुर्वेद के 14 उत्पादों का लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही कंपनी के खिलाफ हरिद्वार की एक अदालत में कानूनी कार्यवाही भी शुरू कर दी है। कंपनी पर ड्रग्स एंड मैजिक रेमाडाइस एक्ट के उल्लंघन का आरोप है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पतंजलि के खिलाफ दोनों एक्शन पीएमओ के निर्देश पर हुए। पीएमओ ने 24 जनवरी को आयुष मंत्रालय को इस बारे में जरूरी उपाय करने को कहा था।

अथॉरिटी ने रेस्पॉन्स में कहा कि डॉ. बाबू केवी ने दिव्य फार्मेसी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा बनाई गई कुछ दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों के बारे में शिकायत की थी। संबंधित कंपनियों को कई बार चेतावनी और नोटिस जारी किए गए। लेकिन इसके बावजूद भ्रामक विज्ञापन जारी रहे, इसलिए अथॉरिटी को कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी। बाबू पिछले दो साल से बाबा रामदेव के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लेकिन राज्य सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। इसके बाद बाबू ने पीएमओ और सुप्रीम कोर्ट से इसमें हस्तक्षेप करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई थी। पतंजलि ने हाल में अखबारों में एक माफीनामा प्रकाशित किया था। इसमें कहा कि कंपनी अदालत का पूरा सम्मान करती है और गलतियों को नहीं दोहराया जाएगा।

# अनिल अंबानी की कंपनी का बिग एफएम 92.7 अब सफायर मीडिया का होगा, एनसीएलटी ने दी सौदे को मंजूरी

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।**

एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली बिग एफएम 92.7 को खरीदने के लिए सफायर मीडिया के रिजोल्यूशन प्लान को अपनी मंजूरी दी है। इस संबंध में एनसीएलटी बेंच ने आदेश भी जारी कर दिया है। अनिल अंबानी के रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क के स्वामित्व वाले बिग एफएम 92.7 का मालिकाना हक अब सफायर मीडिया के पास चला गया है। इस अधिग्रहण को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने अपनी मंजूरी दे दी है।

एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने बिग एफएम 92.7 को खरीदने के लिए सफायर मीडिया के रिजोल्यूशन प्लान को अपनी मंजूरी दी है। इस संबंध में एनसीएलटी बेंच ने आदेश भी जारी कर दिया है। इस अधिग्रहण को मंजूरी देने वाली एनसीएलटी की बेंच में न्यायिक सदस्य रीता कोहली और तकनीकी सदस्य मधु सिन्हा शामिल थी।

सफायर मीडिया के रिजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी देने के साथ ही एनसीएलटी बेंच ने एक मॉनिटरिंग कमिटी का गठन करने का भी आदेश दिया है। मॉनिटरिंग कमिटी रिजॉल्यूशन प्लान से जुड़ी प्रक्रिया से संबंधित रिपोर्ट एनसीएलटी को सौंपेगी। बिग एफएम का मालिकाना हक हासिल करने के लिए सफायर मीडिया 261 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। बिग एफएम देश का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क है, जो लगभग 1200 शहरों और 50 हजार गांवों तक फैला है। देश में इसके 58 रेडियो स्टेशन हैं। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही बिग एफएम को खरीदने का प्रस्ताव सफायर मीडिया ने फरवरी 2022 में दिया था। उसके बाद इसके समाधान पेशेवर के रूप में रोहित मेहरा की नियुक्ति की गई थी।




# शार्क-टैंक ने स्टार्टअप डोर्जे टीज को भेजा लीगल नोटिस: टी-कंपनी ने शो के क्लिप को अपने ऐड में यूज किया था, कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।**

सोनी पर आने वाले रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया के मेकर्स ने स्टार्टअप टी-कंपनी डोर्जे टीज को कॉपीराइट उल्लंघन के लिए लीगल नोटिस भेजा है। डोर्जे टीज के को-फाउंडर स्पर्श अग्रवाल ने खुद इस बात की जानकारी दी।

**स्टार्टअप ने शो में पिच के क्लिपों को अपने यूट्यूब और मेटा ऐड में यूज किया** - स्पर्श अग्रवाल ने लिंक्डइन पोस्ट में बताया कि शो में उनकी खुद की पिच के क्लिपों को अपने यूट्यूब और मेटा ऐड में यूज करने के लिए कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर उन्हें यह लीगल नोटिस मिला है। उन्होंने बताया कि शार्क टैंक पर दिखाई देने वाले हर स्टार्टअप पर अब नकेल कस दी गई है। स्पर्श ने कहा कि उन्हें लगता है कि कॉपीराइट रेगुलेशन इसका सपोर्ट करते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि वे ऐसा करेंगे। डोर्जे टीज एक सब्सक्रिप्शन-बेस्ड टी फर्म है, जो पूरे देश में कंज्यूमर्स को खेत से ताजा ऑर्गेनिक दार्जिलिंग टी सप्लाई करती है। अग्रवाल ने बताया कि बियॉन्ड स्नैक, वाकाओ फूड्स, नैशेर माइल्स, डोर्जे टीज, हूवू फ्रेश, असेंबली, स्किप्पी, परफोरा और कई अन्य बिजनेस हर महीने शार्क टैंक के कंटेंट को प्रमोट करने के लिए हजारों डॉलर खर्च करते हैं, जो फ्री विजिबिलिटी और ब्रांड रिकॉल प्रोवाइड करके शार्क टैंक इंडिया को लाभ पहुंचाता है।



**छोटे स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की पहल के पूरी तरह से खिलाफ** - स्पर्श ने आगे कहा कि यह छोटे स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की पहल के पूरी तरह से खिलाफ है। स्पर्श ने इसे सोनी के कुछ एग्जीक्यूटिव या लीगल पर्सन द्वारा बनाया गया एक खराब बिजनेस ऑप्शन बताया। स्पर्श ने कहा, शार्क टैंक सीजन-3 का फोकस एक नया भारत बनाने और भारत में स्टार्टअप माहौल में सपोर्ट करने पर रहा है। उन्होंने एक सेल्फी वीडियो में पूछा, मगर इस तरह नया इंडिया कैसे बनेगा

**अमेरिकी शो शार्क टैंक का इंडियन एडेप्टेशन है शार्क टैंक इंडिया** - शार्क टैंक इंडिया का यह तीसरा सीजन था, जो 31 मार्च को खत्म हो गया। यह अमेरिकी शो शार्क टैंक का इंडियन एडेप्टेशन है। इस शो में उभरते एंटरप्रेन्योर्स को अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेस को इन्वेस्टर्स और शार्क्स के एक पैनल के सामने पेश करने का मौका मिलता है। इसके बाद शार्क्स एंटरप्रेन्योर्स की कंपनियों में इन्वेस्ट करने का फैसला लेते हैं। शार्क टैंक इंडिया का पहला सीजन दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 तक चला था, जबकि दूसरा सीजन जनवरी 2023 में शुरू और मार्च 2023 में खत्म हुआ था।

## सेबी ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने का प्रस्ताव किया खारिज

# एनएसई ने दिया था डेरिवेटिव मार्केट में समय बढ़ाने का प्रस्ताव

**मुंबई, 07 मई (एजेंसियां)।**

**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को डेरिवेटिव सेगमेंट में कारोबार का समय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था मगर बाजार नियामक ने प्रस्ताव पर ब्रोकरों के एकमत नहीं होने की वजह से उसे खारिज कर दिया। एनएसई ने बाजार नियामक से डेरिवेटिव मार्केट को अतिरिक्त तीन घंटे शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक खोलने का अनुरोध किया था।**



एनएसई का तर्क था कि इससे बाजार भागीदारों को देर शाम वैश्विक संकेतों का आकलन करने और उसके हिसाब से खरीद-बिक्री करने में मदद मिलेगी। लेकिन शेयर ब्रोकरों में इस पर सहमति नहीं थी। ब्रोकरों का कहना था कि इससे उनकी लागत बढ़ जाएगी और अतिरिक्त तकनीक की भी जरूरत होगी।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रस्ताव को फिलहाल ठंडे बस्ते में डालने की पुष्टि की। एनएसई के नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि फिलहाल कारोबार का समय बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि ब्रोकरों की ओर से इस बारे में अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से सेबी ने हमारा आवेदन खारिज कर दिया।

इसलिए मार्केट का समय बढ़ाने की योजना फिलहाल स्थगित कर दी गई है।' इस साल की शुरुआत में शेयर ब्रोकरों के निकाय एसोसिएशन ऑफ नैशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि बंबई स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम अलग सेगमेंट के पक्ष में नहीं था। बाजार नियामक ने बाजार में कारोबार का समय बढ़ाने के साथ ही अन्य मुद्दों पर ब्रोकरों के बीच आम राय बनाने के लिए ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम का गठन किया था जिसमें ब्रोकरों के तीन संगठन बतौर सदस्य शामिल थे।

सूत्रों के अनुसार आईएसएफ ने पिछले महीने प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां सौंपी थीं। उसने न तो बाजार का समय बढ़ाने की जरूरत की पुष्टि की और न ही इससे जुड़ी चुनौतियों से इनकार किया। बाजार नियामक ने एक्सचेंज के परिचालन, सौदों का निपटान, पोजीशन की निगरानी और जोखिम प्रबंधन के मसले पर सवाल उठाए थे।

दूसरी ओर कई ब्रोकरों ने छोटे निपटान चक्र, ब्लॉक मैकेनिज्म तथा ग्राहकों के पैसों के उपयोग सहित अन्य नियामकीय बदलावों के बीच अतिरिक्त लागत और अनुपालन पर चिंता जताई थी। ब्रोकरों की राय थी कि कारोबार का समय बढ़ाने से तकनीक और मानव संसाधन पर अतिरिक्त निवेश करने की जरूरत होगी और संभवत: यह उतना लाभकारी नहीं होगा। एनएसई की इरादा विस्तारित घंटों में केवल इंडेक्स डेरिवेटिव में ट्रेडिंग की अनुमति देने की थी।



# रोहित को वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ देखना चाहता हूं: युवराज

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एम्बेसडर और भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारत के आईसीसी ट्रॉफी सूखे को खत्म करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन किया है।

आईसीसी के बड़े टूर्नामेंटों में कई बार टीम इंडिया को अंतिम क्षणों में हार का सामना करना पड़ा, इन विफलताओं के बाद जैसे कि 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दिल तोड़ने वाली हार, 2023 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल और सबसे बड़ी वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली फाइनल मुकाबले की हार।

अब टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2024 में अपना पूरा ध्यान केंद्रित करेगी और अपनी पुरानी गलतियां दोहराना नहीं चाहेगी।

रोहित के साथ समय बिताने और उनके अविश्वसनीय कारनामों को देखने के बाद, युवराज को प्रतिबद्धता, प्रतिभा और धैर्य की प्रत्यक्ष समझ हुई है, जिसने इस विनाशकारी बल्लेबाज को भारतीय क्रिकेट के शीर्ष पर पहुंचाया है।

रोहित की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। मुझे लगता है कि हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है, एक समझदार कप्तान जो दबाव में अच्छी तरह से निर्णय लेता है और वह इस क्षमता वाला व्यक्ति है। जब हम विश्व कप 2023 फाइनल में हारे तो वह हमारे कप्तान थे। उन्होंने एक कप्तान के रूप में पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं, मुझे लगता है कि हमें भारत की कप्तानी के लिए उनके जैसे किसी व्यक्ति की जरूरत है।

2007 में जब रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था तब युवराज टीम में थे। युवराज का विकेट गिरने के बाद वह पहली बार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दिखाई दिए। 42 वर्षीय ने रोहित के बारे में अपनी पहली छाप को याद किया, जो 17 साल की कम उम्र में भारतीय टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने भारत के कप्तान की जमकर तारीफ की और मैदान के अंदर और बाहर उनके नेतृत्व, सौहार्द और विनम्रता पर प्रकाश डाला।

युवराज ने मजाक में कहा, उसकी इंग्लिश बहुत खराब है। बहुत मजाकिया आदमी है। बोरीवली मुंबई की सड़कों से, हम हमेशा उसे चिढ़ाते हैं। लेकिन दिल से एक महान व्यक्ति। उन्हें जितनी अधिक सफलता मिली, एक व्यक्ति के रूप में उनमें कभी बदलाव नहीं आया। यही रोहित शर्मा की खूबसूरती है।

मौज-मस्ती करने वाले, हमेशा लोगों के साथ मस्ती करने वाले, मैदान में एक महान लीडर और क्रिकेट से मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक। मैं वास्तव में रोहित शर्मा को विश्व कप ट्रॉफी और विश्व कप पदक के साथ देखना चाहता हूं। वह वास्तव में इसके हकदार हैं।

भारत को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।

रोहित की अगुवाई वाली टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टिमैक ने प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची की घोषणा की



**नई दिल्ली।** कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड 2 मैचों में हर हाल में जीत से पहले, भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 संभावितों की दूसरी सूची की घोषणा की है। पहली सूची में 26 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 10 मई को शिविर के लिए रिपोर्ट करेंगे। दूसरी सूची में इंडियन सुपर लीग के दो फाइनलिस्ट मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के 15 खिलाड़ी शामिल हैं और वे 15 मई को शिविर के लिए रिपोर्ट करेंगे, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ड्यूटी पर जाने से पहले पर्याप्त आराम मिलेगा। राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुने गए 41 खिलाड़ी 1 जून को टेबल टॉपर्स का सामना करने के लिए कतर जाने के बाद 6 जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ने के अवसर की तैयारी करेंगे। भारत इस समय तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसे इस दौर के अंतिम दो मैचों में कड़ी मेहनत करनी होगी अन्यथा ब्लू टाइगर्स के लिए शुरुआती निराशा सामने आ सकती है क्योंकि अफगानिस्तान और कुवैत दोनों अभी भी बहुत अधिक प्रयास में हैं। शीर्ष दो टीमें क्वालीफायर के अगले दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी। भुवनेश्वर कैंप के लिए 15 संभावितों की दूसरी सूची (15 मई से प्रशिक्षण): गोलकीपर: फुरबा टेम्पा लाचेनपा, विशाल कैथ डिफेंडर: आकाश मिश्रा, अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस मिडफील्डर: अनिरुद्ध थापा, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियानजुआला चांगटे, लिस्टन कोलाको, सहल अब्दुल समद फॉरवर्ड: मनवीर सिंह, विक्रम प्रताप सिंह भुवनेश्वर कैंप के लिए 26 संभावितों की पहली सूची (10 मई से प्रशिक्षण): गोलकीपर: अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू। डिफेंडर: अमेय गणेश रानावाडे, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मुहम्मद हम्माद, नरेंद्र, निखिल पुजारी, रोशन सिंह नाओरेम।

### टी20 विश्वकप में नजर नहीं आयेंगे आईपीएल में धूम मचाने वाले नरेन

**मुम्बई।** आईपीएल 2024 सत्र में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से धूम मचाने वाले वेस्ट इंडीज के सुनील



नरेन आगामी टी20 विश्वकप कप में नजर नहीं आयेंगे। नरेन से विश्वकप में खेलने के लिए इंडीज टीम के कप्तान रोवमन पॉवेल ने संन्यास से वापसी की अपील की थी पर इस क्रिकेटर ने ये कहते हुए इंकार कर दिया कि ये स्थान किसी युवा क्रिकेटर को मिलना चाहिये। नरेन ने आईपीएल में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं जबकि14 विकेट भी लिए हैं। वह आईपीएल में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे नंबर पर हैं और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में छठे नंबर पर है। नरेन इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब इस टी20 लीग में 41.90 की औसत और 183.66 स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 14 विकेट भी लिए हैं। अब तक केवली 5 गेंदबाज ही उनसे ज्यादा विकेट ले पाए हैं इसके बाद भी वह वेस्टइंडीज की टीम में नहीं रहेंगे। पॉवेल ने नरेन को मनाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं माने। पॉवेल ने कहा कि नरेन को वेस्टइंडीज की विश्व कप टीम का हिस्सा बनना चाहिये। पॉवेल ने कायरन पोलार्ड सहित कई दिग्गजों से भी अपनी बात नरेन तक पहुंचाई पर नरेन ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर संन्यास लिया है और अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। सुनील नरेन ने नवंबर 2023 में ही संन्यास का ऐलान किया है।

### गावस्कर ने विराट के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये बयान का बचाव किया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में विराट कोहली के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये अपने बयान का बचाव किया है। गावस्कर ने कहा कि कमेंटरी करने पर जो दिखता है वही हम बोलते हैं। इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाने विराट पावर प्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का केन्द्र बने थे। इसके बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर सबका मुंह बंद कर दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स को को मिली जीत के बाद विराट ने स्ट्राइक रेट को लेकर अपनी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया थी। वहीं उनके बयान से गावस्कर नाराज दिखे। गावस्कर ने कहा कि कमेंटेटर कोहली से सवाल इसलिए पूछ रहे थे क्योंकि वह 118 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे और 14-15वें ओवर में आउट हुए थे। वहीं विराट ने गुजरात के खिलाफ 70 रन बनाकर कहा था कि वो सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे अच्छे से स्पिन नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं वो नहीं जानते कि मेरे लिए केवल टीम को जीत दिलाना ही मायने रखता है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराया



**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)** अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 56वें मुकाबले में राजस्थान रायल्स को 20 रन से हराकर अपनी छठीं जीत दर्ज करते हुए प्ले ऑफ की उम्मीद जिंदा रखी।

222 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। छठे ओवर में अक्षर ने जॉस बटलर को (19) को आउट कर राजस्थान को दूसरा झटका दिया। रियान पराग 22 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुये। संजू सैमसन ने 46 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (86) रनों की पारी खेली। उन्हें मुकेश ने होप के हाथों कैच आउट कराया। शिवम दूबे (25), डॉवोन फरेरा (1) रवि अश्विन (2) रन बनाकर आउट हुये। जब तक संजू सैमसन और शिवम दूबे की जोड़ी मैदान पर थी लग रहा था कि राजस्थान यह मुकाबला आसानी से जीत लेगा। लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए इस जोड़ी को धराशायी कर राजस्थान की उम्मीदों को तोड़ा दिया। रोवमन पॉवेल 13 और ट्रेंट बोल्ट एक रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई।

दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल और रसिख सलाम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 222 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (60) रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर अश्वनि ने जैक फ्रेजर को फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। जैक फ्रेजर ने 20 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। शो होप एक रन बनाकर रनआउट हुये। 10वें ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पारेल ने 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (65) रन बनाये। उन्हें अश्विन ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान रिषभ पंत ने 13 गेंदों में 15 रन बनाये। उन्हें चहल ने बोल्ट के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में गुलबदीन नईब 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुये (41)रनों की पारी खेली। रासिख सलाम (9) रन बनाकर आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कुलदीप यादव (5) रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रवि अश्विन ने तीन विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत की टी20 विश्व कप उम्मीदों के लिए दो खिलाड़ी यशस्वी और शिवम महत्वपूर्ण :रवि शास्त्री

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भारत के लिए सीनियर आईसीसी स्पर्धाओं में पदार्पण करने के लिए तैयार दो खिलाड़ियों - यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को चुना है, जो जून 2024 में कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप में टीम की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण हैं। जायसवाल और दुबे को अगले महीने से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है। जहां पूर्व खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में रिकॉर्ड रनों के साथ शीर्ष फॉर्म में थे, वहीं दुबे ने मौजूदा आईपीएल में 11 मैचों में 26 छक्के लगाए हैं और बल्ले से शीर्ष फॉर्म में हैं। शास्त्री ने आईसीसी को बताया, जिन दो खिलाड़ियों पर आपको नजर रखनी होगी, और दोनों बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं, दोनों अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक हैं (यशस्वी) जायसवाल। हम उसके बारे में बहुत कुछ जानते हैं, उसने इंग्लैंड के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, शीर्ष क्रम में विस्फोटक, बाएं हाथ का, वह युवा है, वह निडर है और वह शॉट्स खेलेगा। शास्त्री ने दुबे को भारतीय टीम से बाहर देखने के लिए एक और खिलाड़ी के रूप में चुना। शास्त्री ने कहा, लेकिन मध्य क्रम में कोई है, कृपया (उससे) सावधान रहें, क्योंकि वह विस्फोटक है, वह विनाशकारी है और वह मैच विजेता है। वह मनोरंजन के लिए छक्के मारता है, और जब स्पिन गेंदबाजी की बात आती है, तो वह आपको मार सकता है।



वह लॉन्ग आइलैंड से कुछ गेंदें छोटे द्वीप में पार्क करेगा, वह उस तरह का खिलाड़ी है। वह इसे बड़ा मारता है, वह इसे लंबा मारता है, और जैसा कि मैंने कहा, स्पिन के खिलाफ, वह आपको मार सकता है। यहां तक कि तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी, उसने अपने खेल पर काम किया है, वह खेलने के तरीके को समझ गया है और मुझे लगता है कि वह नंबर पांच, नंबर छह की स्थिति में महत्वपूर्ण है क्योंकि यदि आप निराशा में हैं, तो आप चाहते हैं कि कोई इसे बदल दे। 20-25 गेंदें, वह खेलने लायक खिलाड़ी है। दुबे ने आईपीएल 2024 में 170.73 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि इस साल 11 आईपीएल मैचों में उन्होंने 350 रनों में 40 से अधिक का औसत निकाला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की शास्त्री ने बहुत प्रशंसा की, उनका मानना है कि दुबे की बड़ी हिट प्रतियोगिता में भारत के लिए बड़े स्कोर का रास्ता खोल सकती है। उनका स्ट्राइक रेट, जो ज्यादातर समय 200 के करीब होगा, भारत को आगे बढ़ने में काफी मदद करेगा, उन 190, 200 को हासिल करने में, जिनकी बड़ी प्रतियोगिताओं में जरूरत होती है, खासकर (टी20) विश्व कप में। तो इसका आनंद लीजिए, इस बाएं हाथ के खिलाड़ी से सावधान रहें - वह बड़ा है, वह स्ट्रैपिंग कर रहा है, और वह लंबी गेंद मारता है।

# मलयेशियाई फुटबॉलर पर जानलेवा हमला, तेजाब फेंका तीन दिन पहले लूटपाट में घायल हुआ था एक साथी खिलाड़ी

**कुआलालंपुर, 07 मई (एजेंसियां)।** मलयेशिया के एक फुटबॉलर पर जानलेवा हमला हुआ। फैसल हलीम नाम के इस फुटबॉलर पर एक शॉपिंग मॉल में तेजाब फेंका गया, जिससे वह झुलस गया। सेलांगोर राज्य के खेल अधिकारी नजवान हलीमी ने बताया कि मलयेशिया की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी फैसल पर कुआलालंपुर के बाहर पेटलिंग जाया जिले में हमला किया गया। इससे फैसल घायल हो गए। उनकी गर्दन, कंधे, हाथ और सीने पर जख्म के निशान हैं। 26 साल के फैसल सेलांगोर फुटबॉल क्लब में विंगर हैं।



### फैसल की तस्वीर ऑनलाइन वायरल हुई

नजवान ने कहा, मैं इस हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं और पुलिस से अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ने का आग्रह करता हूं। सेलांगोर पुलिस प्रमुख हुसैन उमर खान के मुताबिक, इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, उसने अब तक इसके पीछे के मकसद का खुलासा नहीं किया है। ऑनलाइन वायरल हुई एक तस्वीर में फैसल को एक बेंच पर बैठे दिखाई दिए और उनके शरीर पर जलने के निशान हैं।

### तीन दिन पहले साथी खिलाड़ी हमले में हुआ था घायल


इस हमले से तीन दिन पहले एक अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ी अख्यार राशिद पूर्वी राज्य तेरेंगानु में अपने घर के बाहर लूटपाट में घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार दो अज्ञात संदिग्धों ने 25 वर्षीय अख्यार पर लोहे की रॉड से वार किया और उनके सिर और पैर में चोटें आईं थीं, जिससे उन्हें टांके लगाने पड़े थे। स्थानीय पुलिस प्रमुख अज़्ली नूर ने कहा कि संदिग्ध अख्यार के पैसे लेने के बाद भाग गए थे। मलयेशिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष का बयान मलयेशिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष हमीदीन मोहम्मद अमीन ने कहा कि वह राष्ट्रीय टीम के दो खिलाड़ियों पर दोनों हमलों से निराश और दुखी हैं।

# बारिश के कारण पहले गुवाहाटी और फिर वाराणसी पहुंची केकेआर टीम

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।**

**कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ अपना पिछला आईपीएल 2024 का मैच खेलकर वापस कोलकाता लौट रही थी लेकिन देश के पूर्वी हिस्से में तेज़ बारिश के कारण उनकी फ़्लाइट लैंड नहीं हो सकी। केकेआर मीडिया टीम ने जानकारी दी कि उन्होंने शाम 5: 45 पर लखनऊ से उड़ान भरी, जहां उन्होंने शाम 7.25 पर लैंड होना था।**

रात 8.46 पर उन्हें बताया गया, कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनकी चार्टर फ़्लाइट को गुवाहाटी भेजा जा रहा है, हम अभी यहीं उतरे हैं। हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है, जहां बताया गया कि चीज़ें सही नहीं जा रही हैं। फ़्लाइट ने गुवाहाटी से कोलकाता को उड़ान भरी थी और कई प्रयासों के बाद एक बार फरि ख़राब मौसम के कारण फ़्लाइट लैंड नहीं हो सकी। अब फ़्लाइट को वाराणसी भेजा गया है और हम बस उतरने वाले हैं। कोलकाता वापसी की फ़्लाइट की है। वाराणसी से उड़ान भरने की उम्मीद है। उनके लिए ख़ुशकिस्मती यह रही कि आईपीएल में उनका अगला मैच एक सप्ताह के अंतराल के बाद है। पिछले मैच में उन्होंने लखनऊ को 98 रन से हराकर अंक तालिका में पहला स्थान अर्जित किया था। अब उनको अपने घर में मुंबई इंडियंस का सामना करना है। इसके बाद अहमदाबाद में 13 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ मैच खेलने हैं। कोलकाता में मूसलाधार बारिश हुई, जहां पिछले कुछ दिनों और हफ्तों में रिकॉर्ड-उच्च तापमान दर्ज किया गया था, समाचार प्रसारणों और सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में सड़कों पर पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा था।



# मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया, किया बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली, 07 मई (एजेंसियां)।** पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया।

शुरुआती गेम में हारकर की वापसी

मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गईं, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।



यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि

भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की। मैं अपने कोच अमन बाल्गु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने अगले मैच में इस जज्बे को बरकरार रखूंगी।

हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने अल्वारो रोबल्स और मारिया जिओ की स्पेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-2 (11-5, 5-11, 3-11, 11-7,11-7) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले चिली के निकोलस बर्गोस और पॉलिना वेगा की जोड़ी को 3-2 (11-7, 9-11, 11-4, 4-11, 11-5) से हराया था। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी ने मरियम और मारवा अल्होदाबी को 3-0 (11-7, 1-3, 11-4) से हराकर प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

श्रीजा अकुला में मिली हार

### आईपीएल के समय पीएसएल का आयोजन पीसीबी के लिए होगा नुकसानदेह

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का आयोजन अप्रैल-मई में करने जा रहा है। वहीं इसी समय पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल का आयोजन करता है। ऐसे में पीएसएल का आयोजन पीसीबी को महंगा पड़ सकता है। इसका कारण ये है कि पीएसएल के लिए आईपीएल जैसी विश्व की सबसे महंगी टी-20 लीग का मुकाबला करना कठिन रहेगा। इसका कारण है कि पीएसएल को को विदेश खिलाड़ी मिलना कठिन हो जाएंगे क्योंकि सभी की पसंद आईपीएल होता है। अब तक रोवमैन पॉवेल, शेन रदरफोर्ड, सिकंदर रजा, ल्यूक वुड, राइली रूसो, शेमार जोसफ, शाई होप और डेविड विली ही आईपीएल के अलावा पीएसएल के इस सत्र में नजर आए थे। वहीं पिछले कुछ सत्र में आंद्रे रसेल, राशिद खान और सुनील नरेन ने भी पीएसएल में खेला था। यदि दोनों टूर्नामेंट एक ही समय हुए तो विदेशी खिलाड़ी आईपीएल की तरह आयेंगे और पीएसएल को दूसरे दर्जे के ही क्रिकेटर मिल पायेंगे। इसके अलावा पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए भी मुश्किल होगी क्योंकि दोनो ही टूर्नामेंट एक ही समय पर होते हैं। ऐसे में मैच का समय एक होने से पीएसएल की व्यूवरशिप कम होना तय है। वैसे ही टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम में कम होते दर्शकों से पीसीबी पहले ही परेशान है। अब तक देखा गया है कि आईपीएल के दौरान कोई अन्य क्रिकेट बोर्ड अपनी घरेलू लीग नहीं आयोजित करता है। इतना ही नहीं अपने खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने की अनुमति भी देता है। वहीं पीएसएल के पास कोई अलग से विंडो नहीं है, ऐसे में सिर्फ वही खिलाड़ी इसमें खेलने पहुंचते हैं जो या तो अपनी टीम से बाहर चल रहे हैं या फिर संन्यास से चुके हैं। इन हालातों में आईपीएल से सामने पीएसएल के लिए टिकना असंभव होगा।

# चेक गणराज्य की कोर्ट ने निखिल गुप्ता का अमेरिका प्रत्यर्पण टाला, पन्नू की हत्या की साजिश रचने का है आरोप



**वॉशिंगटन, 07 मई (एजेंसियां) ।**

चेक गणराज्य की सर्वोच्च अदालत ने निचली अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण को मंजूरी दी गई थी। निखिल गुप्ता पर अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पन्नू, भारत में आतंकवादी घोषित है और कई मामलों में वांछित है।

**चेक गणराज्य के कोर्ट ने निखिल गुप्ता को दी राहत** – एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, चेक गणराज्य के सुप्रीम कोर्ट ने निखिल गुप्ता के अमेरिका को प्रत्यर्पित करने के फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि अगर प्रत्यर्पण में देरी होती है तो इससे जनहित को कोई नुकसान नहीं होगा। चेक गणराज्य के न्याय विभाग की प्रवक्ता मारकेता एंद्रोवा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब ये है कि चेक गणराज्य के न्याय मंत्री भी अब निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण पर फैसला नहीं कर सकते, जब तक चेक गणराज्य का संवैधानिक कोर्ट इस पर अंतिम फैसला नहीं दे देता।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीते साल 23 नवंबर को चेक गणराज्य की प्राग म्युनिसिपल कोर्ट ने निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था। इसके बाद मामला प्राग के हाईकोर्ट में पहुंचा और वहां से भी 8 जनवरी 2024 को दिए फैसले में निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया गया। 19 जनवरी 2024 को निखिल गुप्ता ने इस आदेश को चुनौती दी। चेक गणराज्य के सुप्रीम कोर्ट में निखिल गुप्ता का पक्ष रखने वाली वकील ने फैसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**बीते साल चेक गणराज्य की पुलिस ने निखिल गुप्ता को किया था गिरफ्तार** – अमेरिका और चेक गणराज्य के बीच प्रत्यर्पण संधि है और इसी संधि के तहत अमेरिका, निखिल गुप्ता को प्रत्यर्पित करना चाहता है। निखिल गुप्ता पर आरोप है कि वह खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रच रहा था। आरोप है कि निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक अधिकारी के कहने पर पन्नू को अमेरिका में ही मारने की साजिश रची थी, लेकिन उससे पहले ही अमेरिका को इसकी भनक लग गई और चेक गणराज्य की पुलिस ने अमेरिका की मांग पर गुप्ता को बीते साल प्राग से गिरफ्तार कर लिया। निखिल गुप्ता ने चेक गणराज्य की पुलिस पर हिरासत में उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। निखिल गुप्ता ने किस अधिकारी के कहने पर पन्नू को मारने की साजिश रची, इसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन अमेरिका की एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत की जांच के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, पन्नू की हत्या की कथित साजिश मामले में बोला अमेरिका



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश के मामले में हम भारत की जांच का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश की जांच भारत द्वारा भी की जा रही है। बीते दिनों अमेरिका में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अलगाववादी नेता की हत्या में भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के एक अधिकारी के शामिल थे। हालांकि भारत के विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। अमेरिका के विदेश विभाग ने कही ये बात अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मीडिया से बात की। इस दौरान मैथ्यू मिलर से गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश मामले में भारत की जांच को लेकर सवाल किया गया। इस पर मिलर ने कहा कि उन्होंने (भारत सरकार) इस मामले में जांच के लिए एक समिति बनाई है और इस मामले में जांच चल रही है। हम भी नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने साफ कर दिया है कि ये ऐसी चीज है, जिसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैं और हमें लगता है कि उन्हें भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए। गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का दावा अमेरिका ने बीते साल दावा किया था कि उन्होंने अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया है। कथित तौर पर इस हत्या की साजिश में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर आरोप लगे। निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया और अमेरिका निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रहा है।

### सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टली, उड़ान से 90 मिनट पहले रोकी गई उड़ान




**वॉशिंगटन ।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टल गई है। दरअसल तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का फैसला किया गया। अभी लॉन्च की नई तारीख का एलान नहीं किया गया है। तकनीकी खामी के चलते रोकी गई उड़ान सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाली थीं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से फ्लोरिडा के कैप कॉर्निवाल स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार, सुबह 8.04 बजे उड़ान भरने वाली थीं। हालांकि उड़ान भरने से 90 मिनट पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यान के ऑक्सीजन वाल्व में तकनीकी खामी का पता चला, जिसके चलते उड़ान को रोक दिया गया। सुनीता विलियम्स के साथ नासा के वैज्ञानिक बैरी विल्मोर भी बोइंग के अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले थे। सुनीता विलियम्स के नाम दर्ज है रिकॉर्ड सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं और उनके पास सबसे ज्यादा घंटे तक स्पेसवॉक करने वाली महिला वैज्ञानिक होने का रिकॉर्ड है। विलियम्स पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गईं थी और 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। सुनिता विलियम्स ने चार बार रिकॉर्ड 29 घंटे और 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। इसके बाद सुनीता विलियम्स 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्षयात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं थी।

### रूस में अमेरिकी सैनिक को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया, दोनों के बीच बढ़ा तनाव

**वॉशिंगटन।** रूस में एक अमेरिका सैनिक को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। सैनिक पर पिछले हफ्ते एक चोरी का संदेह है। अभी जांच चल रही है। अमेरिका और रूस के बीच पहले से ही तनाव चल रहा है। इसी बीच रूस में अमेरिकी सैनिक के गिरफ्तारी की सूचना से दोनों देशों में मनमुटाव और बढ़ गया है। अमेरिका के विदेश विभाग का मानना है कि उनके सैनिक को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। रूसी अधिकारियों ने एक अमेरिकी सैनिक को 2 मई को गिरफ्तार किया। सार्जेंट सैनिक दक्षिण कोरिया में तैनात है। वह रूस की यात्रा पर गया था। रूस प्रशासन का कहना है कि उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग का कहना है कि सैनिक दक्षिण कोरिया से छुट्टी लेकर गया था। सैनिक के लिए कांउसलर पहुंचाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी नागरिकों की विदेश में सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

# कोलंबिया विश्वविद्यालय ने रद्द किया उद्घाटन समारोह, सुरक्षा चिंताओं का दिया हवाला




**न्यूयॉर्क, 07 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के विश्वविद्यालयों में फलस्तीन के समर्थन में छात्रों के प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी कोलंबिया विश्वविद्यालय में भी छात्र जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते विश्वविद्यालय ने अपने उद्घाटन समारोह को रद्द कर दिया। यह समारोह अगले सप्ताह के लिए तय किया गया था। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने को यह जानकारी दी।

गाजा पट्टी में इजराइली सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ अमेरिकी विश्‍विविद्यालयों में भड़क उठे हैं। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 34 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा चिताओं के कारण इस साल स्नातक वर्ग के लिए एक बड़ा उद्घाटन समारोह आयोजित न करने का फैसला किया गया। विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया कि उसने 15 मई को मॉर्निंग साइड परिसर के साउथ लोन में होने वाले उद्घाटन समारोह रद्द करने का फैसला किया गया है और सभी स्कूल समारोहों को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने कहा कि यह आने वाले दिनों में 15 मई को एक उत्सव कार्यक्रम के बारे में जानकारी साझा करने की योजना बना रहा है, जो स्नातकों को जश्न मनाने के लिए एक साथ आने की अनुमति देगा। यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब न्यूयॉर्क पुलिस ने पिछले सप्ताह परिसर से 200 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के बाद विश्वविद्यालय ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां 17 मई तक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिसर में रहेंगी।

**युद्ध के विरोध में प्रदर्शनरत छात्र परिसर से हटे** – गाजा में जारी युद्ध का विरोध कर रहे छात्रों ने पुलिस से घिरे होने के बाद यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया (यूएससी) में अपने शिविर से हट गए जबकि नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह बोस्टन के फेनवे पार्क में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गत माह हुई कई गिरफ्तारियों के बाद दोनों स्थानों के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। लॉस एंजिलिस स्थित यूएससी में 94 लोगों और बोस्टन स्थित नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी में करीब 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है। हालांकि 18 अप्रैल से अब तक करीब 50 परिसरों में लगभग 2,500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### हमास द्वारा शांति समझौता स्वीकार करने पर इजराइल ने दी प्रतिक्रिया, कहा- राफा में अभियान जारी रहेगा

**यरूशलम ।** इजराइल और हमास के बीच पिछले सात महीनों से संघर्ष जारी है। इस बीच हमास ने बताया कि उन्होंने इस संघर्ष को रोकने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इस घोषणा के बाद इजराइल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह प्रस्ताव उनकी मूल मांगों को पूरा करने से बहुत दूर है। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया था हमास पर दवाब बनाने के लिए राफा में जमीनी आक्रमण जारी रहेगा। इजराइल राफा में अपने अभियानों को जारी रखेगा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा गया, युद्ध कैबिनेट ने यह फैसला किया है कि इजराइल हमास पर सैन्य दवाब बनाने के लिए राफा में अपने अभियानों को जारी रखेगा। ताकि हमारे बंधकों की रिहाई को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि हमास की तरफ से स्वीकार किए गए प्रस्ताव इजराइली मूल मांगों को पूरा करने से बहुत दूर है। हालांकि, इजराइल अब इस समझौते की संभावना को अधिकतम करने के लिए मिस्र में एक रैंकिंग प्रतिनिधिमंडल को भेजेगा। हमास नेता इस्मायल हानियेह ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को स्वीकार करने की सूचना कतर और मिस्र मध्यस्थों को भेजी है। प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद ही इजराइल ने लगभग एक लाख फलस्तीनियों को राफा से निकलने का आदेश दिया। युद्धविराम समझौते का के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है।

# चर्च में एक आदमी ने पादरी पर तानी बंदूक, बोला- आत्माओं ने ऐसा कहा है, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वॉशिंगटन, 07 मई (एजेंसियां) ।**

**पेंसिल्वेनिया के एक चर्च में एक पादरी पर बीच उपदेश में एक आदमी ने बंदूक तान दी। बाद में वहां किसी ने उस आदमी के हाथ से बंदूक छीनी, मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उस आदमी में ने बताया कि आत्माओं ने उसको ऐसा करने के लिए कहा था। गिरफ्तार हुए व्यक्ति के घर के पास ही एक शव बरामद किया गया है, जिसको सिर पर गोली मारी गई थी, पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

जीजस डवेलिंग प्लेस चर्च में एक पादरी ग्लेन जर्मनी उपदेश दे रहे थे। चर्च में उस वक्त लगभग कई लोग मौजूद थे। अचानक से एक 26 वर्षीय बर्नार्ड पोलाइट आया हाथ में बंदूक लेकर, उसे देखकर सब लोग वहीं डरकर छिपने लगे। पादरी भी उससे बचकर छिपने की कोशिश कर रहे थे। बर्नार्ड ने पादरी पर बंदूक तान दी। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। एक अन्य व्यक्ति ने पीछे से बर्नार्ड से बंदूक छीन ली, और उसे पुलिस के आने तक पकड़ के रखा। बाद में उसे पुलिस का सुपुर्द कर दिया गया।

बाद में पादरी ने बताया कि ईशवर का हाथ था मुझपर, इसलिए वह मुझ पर गोली नहीं चला सका। ईशवर ने बंदूक जाम कर दी थी। पुलिस ने बर्नार्ड को गिरफ्तार किया तब उसने बताया कि यह सब करने के लिए उसे आत्माओं ने कहा था। बर्नार्ड ने बताया कि आत्माएं मेरे दिमाग में थीं, उसने मुझे का था कि पादरी को गोली मार दो।

वहीं पादरी ने बताया कि पुलिस हिरासत में उसने मुझसे माफी मांगी। पादरी ने बर्नार्ड से कहा कि मैंने तुम्हें माफ कर दिया।

वहीं पोलाइट को गिरफ्तार करने के बाद, पुलिस को 56 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। जिसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह शव पोलाइट के घर के पास मिला। एलेघेनी काउंटी पुलिस के अनुसार, घर चर्च से आधे मील से भी कम दूरी पर है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि व्यक्ति को गोली कर मारी गई। वहीं बर्नार्ड पर हमले और हत्या के कई आरोप लगाए गए हैं।

# भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद के कार्यालय में तोड़फोड़, दीवारों पर लिखे फलस्तीन की आजादी के नारे

**वॉशिंगटन, 07 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका में भारतीय मूल के सांसद श्री थानेदार के डेट्रायट स्थित कार्यालय में तोड़फोड़ हुई है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में श्री थानेदार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कार्यालय की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की, जिनमें दिखाई दे रहा है कि कार्यालय की दीवारों पर फलस्तीन की आजादी के नारे लिखे गए हैं।




### पहले भी हो चुका है श्री थानेदार का विरोध

श्री थानेदार के कार्यालय के प्रवक्ता ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। थानेदार ने अपने पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का सदस्य होने के नाते मैं हमेशा बातचीत और चर्चा करना चाहता हूं, दुर्भाग्य से कम्युनिटी सेंटर (ऑफिस) में हुई तोड़फोड़ कोई अकेली घटना नहीं है, साथ ही न ये बातचीत का सही तरीका है। ये सब सिर्फ डर फैलाने और लोगों को बांटने की कोशिश है। श्री थानेदार ने लिखा कि वह पहले भी ऐसे विरोध झेल चुके हैं। बीते साल दिसंबर में तो यह विरोध हिंसक हो गया था। इन घटनाओं के चलते लोग घायल हुए और इससे मेरे परिजन घबराए हुए हैं।

### इजराइल का किया था समर्थन

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कुछ समय पहले इजराइल हमास युद्ध में इजराइल का समर्थन किया था। थानेदार ने कहा कि इजराइल को अमेरिका के समर्थन की जरूरत है। साथ ही उन्होंने हमास को बर्बर आतंकी संगठन बताया और इसे खत्म करने की जरूरत बताई थी। इसके चलते श्री थानेदार फलस्तीन समर्थकों के निशाने पर आ गए हैं और माना जा रहा है कि ताजा हमला भी फलस्तीन समर्थकों की तरफ से किया गया है।

# नेपाल ने रूसी सेना में भर्ती नागरिकों की सुरक्षित वापसी की मांग की, भारत के साथ राजनयिक बातचीत का जिक्र

**काठमांडू, 07 मई (एजेंसियां) ।**

नेपाल के उप प्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने दावा किया कि सरकार ने रूस-यूक्रेन युद्ध में काम कर रहे नेपानी नागरिकों को बचाने और उनकी वापसी के सभी प्रयास किए हैं। एक बैठक को संबोधित करते हुए श्रेष्ठ ने कहा कि रूसी सेना में काम कर रहे नेपालियों की संख्या, उनकी स्थिति के बारे में जानकारी, मृतकों के शवों की वापसी, पीड़ितों को प्रदान किए जाने वाले मुआवजे और रूसी सेना में भर्ती नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी जैसे मुद्दों पर रूसी सरकार के साथ बातचीत जारी है।



विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि सरकार के पास सूचना है कि रूसी सेना में भर्ती कई नेपाली नागरिक घायल हुए हैं और संकट में हैं। उन्होंने कहा कि कई नेपालियों को यूक्रेनी सेना ने पकड़ लिया है और कई मारे गए हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार उनके बचाव और सुरक्षित वापसी के लिए सभी राजनयिक प्रयास कर रही है। मुआवजे पर सहमति देकर रूसी सरकार ने अब उसके प्रक्रिया शुरू कर दी है। हमने इसके लिए पहले ही जरूरी दस्तावेज भेज दिए हैं।

उन्होंने कहा, हमने मांग की है कि अगर रूसी सेना का नेपालियों के साथ सेना में शामिल होने का समझौता है तो उसे रद्द कर दिया जाना चाहिए और उन्हें नेपाल वापस भेज दिया जाना चाहिए। श्रेष्ठ ने कहा कि वह रूसी विदेश मंत्री के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं और रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ सीधे बातचीत करने की भी कोशिश कर रहे हैं।

श्रेष्ठ ने आगे कहा, हमने यूक्रेन द्वारा युद्धबंदी के रूप में पकड़े गए लोगों की वापसी की भी मांग की है। इसके लिए हम रूस के विदेश मंत्री के साथ-साथ रक्षा मंत्रालय से बात कर रहे हैं। बैठक के दौरान नेपाल-भारत सीमा मुद्दे और ईपीजी (प्रतिष्ठित व्यक्तियों के समूह) के बारे में उठाए गए सवालों पर उन्होंने बताया कि सुस्ता और कालापानी सीमा विवाद अभी भी औपचारिक चर्चा में है। नेपाल द्वारा लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी के विवादास्पद क्षेत्रों को 100 रुपये के नए नोट के नक्शे में छापने की घोषणा पर उन्होंने कहा कि नेपाल-भारत संबंधों के सभी आयामों को राजनयिक बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए।

# नेपाल में सत्तासीन गठबंधन में फूट, कई सांसदों ने नई पार्टी बनाने का दिया आवेदन

**काठमांडू, 07 मई (एजेंसियां) ।**

नेपाल में सत्ताधारी गठबंधन पार्टी में फूट पड़ गई है। चुनाव आयोग में नई पार्टी के लिए आवेदन भी आए हैं। सत्ताधारी पार्टी से कई सांसदों, केंद्रीय समिति सदस्यों ने अपने को पार्टी से अलग कर लिया है।

नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल की गठबंधन पार्टियों में से एक जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-एन) के कई सांसद, विधायक और कई केंद्रीय समिति सदस्य अलग हो गए हैं। अलग होने के बाद इन्होंने चुनाव आयोग में नई पार्टी बनाने के लिए आवेदन किया है। पार्टी के संघीय परिषद के अध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में जेएसपी-एन ने एक नई पार्टी के लिए आवेदन दर्ज किया है। यह स्थिति तब बनी है जब पार्टी के अध्यक्ष उपप्रधानमंत्री उपेंद्र यादव, विदेश यात्रा पर हैं।



वहीं जेएसपी-एन विधायक प्रदीप यादव ने बताया कि 29 केंद्रीय समिति के सदस्यों और सात सांसदों ने संयुक्त रूप से एक नई पार्टी बनाने के लिए आवेदन किया है। पार्टी के 12 प्रतिनिधि सभा सदस्यों में से सात- राय, सुशीला शेरस्थ, प्रदीप यादव, नवल किशोर साह, रंजू कुमारी झा, बीरेंद्र महतो और हसीना खान ने जनता समाजवादी पार्टी (नेपाल के बिना) नामक नई पार्टी का समर्थन किया है।

चुनाव आयोग ने अशोक राय के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) को आधिकारिक तौर पर एक नए राजनीतिक दल के रूप में मान्यता भी दे दी। सूत्रों ने बताया कि राय ने यादव का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड की सलाह पर नई पार्टी पंजीकृत करवाई है।

नेपाल कांग्रेस (नेकां) अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने के प्रयास में हैं। इसके लिए विपक्षी नेपाली कांग्रेस और माधव कुमार नेपाल के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ दल गठबंधन सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट एक साथ आ गए हैं।

केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल और सीपीएन (माओवादी सेंटर) वाला सत्तारूढ़ गठबंधन नवीनतम राजनीतिक घटनाक्रम के साथ संसद में एक संकीर्ण बहुमत बनाए रखने में कामयाब रहा है। राय के नेतृत्व वाले गुट के नेताओं ने दावा किया कि उन्हें पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करना पड़ा क्योंकि यादव निरंकुश तरीके से पार्टी चला रहे थे। प्रदीप ने कहा कि अध्यक्ष ने पार्टी को एकतरफा चलाया और सांसदों का अनादर किया।

वन एवं पर्यावरण मंत्री नवल किशोर साह सुदी ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष सत्तारूढ़ गठबंधन को तोड़ने की कोशिश के बाद नए संगठन को तैयार किया जा रहा है। नवल किशोर ने भी पार्टी छोड़ दी। उन्होंने कहा कि हमने मौजूदा सरकार की स्थिरता के लिए यह फैसला लिया। पार्टी अध्यक्ष (यादव) इस गठबंधन के खिलाफ हैं लेकिन हम इस सरकार का समर्थन करना जारी रखेंगे।

सीपीएन-माओवादी केंद्र के केंद्रीय सदस्य सुनील कुमार मनंधर ने कहा कि जेएसपी-एन में विभाजन से फिलहाल सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, इन अटकलों के बीच कि यह गठबंधन सरकार को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट और जेएसपी-एन सरकार से समर्थन वापस नहीं लेते, तब तक प्रचंड सरकार को विश्वास मत हासिल करने की कोई जरूरत नहीं है। वहीं पार्टी प्रवक्ता मनीष सुमन ने कहा कि अकेले विधायक कोई पार्टी नहीं बनाते। पार्टी के अधिकांश नेता हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि 300 सदस्यीय केंद्रीय समिति में से कई लोगों ने पार्टी छोड़ी है। यह विभाजन पार्टी में लंबे समय से चले आ रहे असंतोष के बाद हुआ है।

# वैशाख अमावस्या आज, जानिए अमावस्या की कथा

***पंचांग के अनुसार अभी वैशाख का महीना चल रहा है । हर मास अमावस्या तिथि पड़ती है। यह तिथि विशेषकर पितरों को समर्पित होती है। इस दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान आदि किए जाते हैं, जिससे पितरों को तृप्ति मिलती है। वैशाख माह की अमावस्या तिथि को बहुत खास माना जाता है, जोकि 8 मई 2024 को है। मान्यता है कि वैखाश अमावस्या पर शाम के समय दीपदान करना चाहिए। इससे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।***




### पितरों का पर्व है अमावस्या तिथि

अमावस्या के दिन स्नान-दान, व्रत और पूजा-पाठ का महत्व है। लेकिन पितरों के लिए यह तिथि विशेष महत्व रखती है। अमावस्या को पितरों का पर्व कहा जाता है। क्योंकि इसी तिथि में पितृ अमृतपान करते हैं और पूरे माह संतुष्ट रहते हैं।

ऐसी भी मान्यता है कि अमावस्या तिथि पर सूर्यास्त के बाद वायु के रूप पितृ घर के चौखट पर रहते हैं। क्योंकि पितृ अपने परिजनों से श्राद्ध व तर्पण की इच्छा रखते हैं। इसलिए अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण या पितृ पूजन जरूर करना चाहिए। इससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और पितृ प्रसन्न होकर परिवार वालों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

### अमावस्या पर अमृतपान करते हैं पितृ

विष्णु, मत्स्य और गरुड़ पुराण के अनुसार, हर महीने के कृष्ण पक्ष की द्वितिया तिथि से चतुर्दशी तिथि तक देवतागण चंद्रमा से अमृतपान करते हैं और फिर चंद्रमा का प्रवेश सूर्य मंडल में होता है। सूर्य की अमा नामक किरण को ही अमावस्या तिथि कहा जाता है।

### कैसे पड़ा अमावस्या तिथि का नाम

वहीं मत्स्य पुराण के 14वें अध्याय के अनुसार, पितरों की एक मानस कन्या ने कठिन तपस्या की थी। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर वरदान देने के लिए सभी पितृगण उपस्थित हुए। पितृगण में एक पितर था, जिसका नाम अमावसु था। अमावसु के सुंदर रूप पर कन्या आकर्षित हो गई और उसने अमावसु से विवाह करने की इच्छा जताई। लेकिन अमावसु ने इंकार कर दिया। अमावसु का धैर्य देख यह तिथि पितरों को प्रिय हुई और इसके बाद से ही अमावसु के नाम से इस तिथि का नाम अमावस्या पड़ा।

### वैशाख अमावस्या की कथा

वैशाख अमावस्या से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार, धर्मवर्ण नाम का एक ब्राह्मण था। उसने किसी महात्मा के मुख से सुना कि, घोर कलियुग में विष्णु जी के स्मरण से अधिक पुण्य किसी अन्य काम में नहीं होगा। जैसा पुण्य यज्ञ से मिलता है, उससे कहीं ज्यादा पुण्य केवल श्रीहरि के सुमिरन मात्र के मिल जाएगा।

धर्मवर्ण ने महात्मा की इस बात को आत्मसात कर लिया और सांसारिक जीवन छोड़कर भ्रमण के लिए निकल पड़े। भ्रमण करते हुए वो पितृलोक पहुंच गए। धर्मवर्ण ने देखा कि, पितृलोक में पितृ बहुत कष्ट में हैं।

पितरों ने बताया कि, उनकी यह स्थिति धर्मवर्ण के सन्यास के कारण हुई, क्योंकि अब उनके लिए पिंडदान करने वाला कोई नहीं है। पितरों ने धर्मवर्ण से कहा कि, तुम गृहस्थ जीवन की शुरुआत करो और संतान उत्पन्न करो, जिसके पिंडदान से हमें तृप्ति मिले।

## अमावस्या पर अपनी समस्या के अनुसार करें दान, मिल जाएगा समाधान

**वैशाख अमावस्या, हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष की दूसरी अमावस्या है। यह पितरों का तिथि माना जाता है और इस दिन पितरों की तृप्ति के लिए दान करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन दान करने से न केवल पितरों को तृप्ति मिलती है, बल्कि दान करने वाले को भी अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। वैशाख अमावस्या पर दान करना एक पुण्य कार्य है। इस दिन दान करने से न केवल आपको अनेक लाभ प्राप्त होते हैं, बल्कि आप जरूरतमंदों की भी मदद कर सकते हैं। आप अपनी समस्या के अनुसार इस दिन क्या दान करें अगर आप ये सोच रहे हैं तो जान लें।**

**ज्योतिष शास्त्र में दान पुण्य का खास महत्व बताया गया है अगर आप अपनी समस्या के अनुसार उसका निवारण करने के लिए सही चीज़ों को दान करते हैं तो आपको उसका समाधान मिलने में समय नहीं लगता।**

### वैशाख अमावस्या पर क्या दान करें

पितृ ऋण से मुक्ति: वैशाख अमावस्या पर अन्न चावल, गेहूं, दाल, आटा, घी आदि दान करने से पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है। पितृ ऋण व्यक्ति को जीवन में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए, पितरों के लिए दान करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सुख-समृद्धि में वृद्धि: फल केला, नारियल, संतरा, सेब, आम आदि वैशाख अमावस्या पर दान करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। दान करने से व्यक्ति के पुण्य में वृद्धि होती है और उसे जीवन में सफलता और समृद्धि प्राप्त होती है।

आरोग्य लाभ: वस्त्र काले कपड़े, धोती, चादर, कंबल आदि दान करने से आरोग्य में लाभ होता है। दान करने से व्यक्ति के शरीर और मन स्वस्थ रहता है।

संतान प्राप्ति: धन सोना, चांदी, तांबा, पैसे आदि वैशाख अमावस्या पर दान करने से संतान प्राप्ति में बाधाएं दूर होती हैं। कोई दंपति संतान प्राप्ति की इच्छा रखते हैं, तो उन्हें इस दिन दान जरूर करना चाहिए।

ग्रह शांति: वैशाख अमावस्या के दिन तिल, काले तिल, गुड़, नमक, दीपक, धूप आदि दान करने से ग्रह शांति होती है। दान करने से ग्रहों की अशुभ स्थिति दूर होती है और व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त होती है।

वैशाख अमावस्या पर दान कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि दान शुद्ध मन से करें और जरूरतमंदों को करें। दान में कभी भी अहंकार न रखें। आप अपनी श्रद्धा और क्षमता के अनुसार दान कर सकते हैं। वैशाख अमावस्या पर दान करना एक पुण्य कार्य है। इस दिन दान करने से न केवल आपको अनेक लाभ प्राप्त होते हैं, बल्कि आप जरूरतमंदों की भी मदद कर सकते हैं।

# चमत्कारी है धागे वाली मिश्री का ये उपाय बरसने लगेगी देवी लक्ष्मी की कृपा




देवी मां को शुक्रवार का दिन अत्यंत प्रिय होता है। इस दिन देवी मां की पूजा करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं। देवी मां को शुक्रवार के दिन धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार के दिन धागे वाली मिश्री का भोग लगाना एक उत्तम उपाय माना जाता है। अगर आप नौकरी नहीं लग रही, नौकरी है लेकिन तरक्की नहीं मिल रही, व्यापार में अड़चने आ रही हैं या शादी की बाधा दूर नहीं हो रही तो आप ये उपाय कर सकते हैं।

मिश्री के उपाय

1) सुख-समृद्धि में वृद्धि- देवी मां को धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। मिश्री मीठी होती है और मीठे को लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इसलिए, देवी मां को धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से लक्ष्मी मां प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

2) वैवाहिक जीवन में सुख- लक्ष्मी माता को धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से वैवाहिक जीवन में सुख प्राप्त होता है। मिश्री पति-पत्नी के बीच प्रेम और सौहार्द बढ़ाती है। यदि आपके वैवाहिक जीवन में कोई समस्या है, तो आप देवी मां को धागे वाली मिश्री का भोग जरूर लगाएं।

3) संतान प्राप्ति- देवी लक्ष्मी को धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से संतान प्राप्ति में सहायता मिलती है। मिश्री पुत्र की प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है। यदि आप संतान प्राप्ति की इच्छा रखते हैं, तो आप देवी मां को धागे वाली मिश्री का भोग जरूर लगाएं।

4) रोगों से मुक्ति- धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से रोगों से मुक्ति मिलती है। मिश्री रोगों का नाश करती है और स्वास्थ्य प्रदान करती है। यदि आप बीमार हैं, तो आप देवी मां को धागे वाली मिश्री का भोग जरूर लगाएं।

5) मनोकामना पूर्ति- लक्ष्मी मां को धागे वाली मिश्री का भोग लगाने से मनोकामना पूर्ति होती है। मिश्री आपकी मनोकामनाओं को पूरा करने में मदद करती है। यदि आपकी कोई मनोकामना है, तो आप देवी मां को धागे वाली मिश्री का भोग जरूर लगाएं।

धागे वाली मिश्री का भोग कैसे लगाएं?

एक सफेद कपड़े में थोड़ी मिश्री लें। मिश्री को धागे से बांध लें। इस पोटली को देवी मां के चरणों में रख दें। देवी मां को धूप, दीप और नैवेद्य भी अर्पित करें। देवी मां की आरती करें और प्रार्थना करें।

# नकारात्मक ऊर्जा से हैं परेशान पानी में ये डालकर करें स्नान

**ज्योतिष शास्त्र में, फिटकरी को एक शुभ और लाभकारी पदार्थ माना जाता है। इसका उपयोग विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और उपचारों में किया जाता है। फिटकरी, जिसे पोटेशियम सल्फेट के नाम से भी जाना जाता है, एक प्राकृतिक खनिज है। इसका उपयोग कई घरेलू उपचारों और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, फिटकरी के पानी से नहाने के कई लाभ हैं। फिटकरी को ग्रहों के प्रभाव को कम करने और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का एक शक्तिशाली उपाय माना जाता है। फिटकरी के पानी से नहाने से कई ज्योतिषीय लाभ प्राप्त होते हैं।**




### 1) नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, फिटकरी में नकारात्मक ऊर्जा को सोखने और दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए, फिटकरी के पानी से नहाने से व्यक्ति के चारों ओर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और उसे सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

### 2) ग्रहों के दोषों को कम करता है

ज्योतिष शास्त्र में, ग्रहों की स्थिति व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में कोई ग्रह दोष है, तो उसे फिटकरी के पानी से नहाना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से ग्रहों के दोष कम होते हैं और व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त होती है।

### 3) मानसिक शांति प्रदान करता है

फिटकरी के पानी से नहाने से व्यक्ति को मानसिक शांति प्राप्त होती है। यह तनाव, चिंता और डिप्रेशन को दूर करने में मददगार होता है। फिटकरी को धन प्राप्ति का सूचक माना जाता है। फिटकरी के पानी से नहाने से लक्ष्मी देवी प्रसन्न होती हैं और धन प्राप्ति में सहायता करती हैं।

### 4) त्वचा के लिए लाभदायक

फिटकरी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। इसलिए, फिटकरी के पानी से नहाने से त्वचा के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। यह त्वचा को मुलायम और स्वस्थ भी बनाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, फिटकरी के पानी से नहाने से रोगों से बचाव होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### 5) बालों के लिए लाभदायक

फिटकरी के पानी से नहाने से बालों का गिरना कम होता है। यह बालों को मजबूत और चमकदार भी बनाता है। फिटकरी के पानी से नहाने से आत्मविश्वास बढ़ता है और मानसिक दबाव भी कम होता है।

एक बाल्टी पानी में एक चम्मच फिटकरी डालकर अच्छी तरह मिला लें। अच्छी तरह मिलाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। इस पानी से स्नान करें। सिर पर पानी डालते समय ध्यान रखें कि फिटकरी आपकी आंखों में न चली जाए। स्नान करने के बाद साफ पानी से धो लें।

# दूसरा प्रदोष व्रत, जानें पूजा का सही समय




हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत देवों के देव महादेव को समर्पित है। हर महीने में 2 बार प्रदोष व्रत किया जाता है। एक कृष्ण पक्ष में और दूसरा शुक्ल पक्ष में। इस बार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 20 मई को है। इसी दिन प्रदोष व्रत किया जाएगा। इस तिथि पर भगवान शिव के संग मां पार्वती की पूजा करने का विधान है। साथ ही जीवन में सुख-शांति के लिए व्रत भी किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में।

### प्रदोष व्रत 2024 डेट और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 20 मई को दोपहर 03 बजकर 58 मिनट से शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 21 मई को शाम 05 बजकर 39 मिनट पर होगा। ऐसे में प्रदोष व्रत 20 मई को किया जाएगा। प्रदोष व्रत की पूजा संध्याकाल में करने के विधान है।

### प्रदोष व्रत पूजा विधि

प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें।

**सूर्य देव को जल अर्पित करें।**

**चौकी पर साफ कपड़ा बिछाकर भगवान शिव और मां पार्वती की प्रतिमा विराजमान करें।**

**पंचामृत से उनका स्नान करवाएं।**

**शिव जी को सफेद चंदन का तिलक लगाएं।**

**देसी घी का दीपक जलाएं।**

**भोलेनाथ को बेल पत्र अवश्य चढ़ाएं।**

इसके बाद दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों का जाप करें।

प्रदोष व्रत पर शिव चालीसा का पाठ करना भी फलदायी होता है।

### अंत में प्रिय चीजों का भोग लगाएं।

लोगों में प्रसाद का वितरण करें और खुद भी ग्रहण करें।

### शिव पूजन मंत्र

**ऊँ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि, तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्‌।**

**ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्‌।**


# अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 में नजर आएंगे अभिषेक बच्चन, जल्द शुरू होगी शूटिंग






साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया । अब तक इसकी 4 फिल्में आ चुकी हैं और अब इस फिल्म के 5वें पार्ट का इंतजार है। फैंस भी हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक फिल्म को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया है लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और नाम जोड़ दिया है। इसका ऐलान मेकर्स ने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है। साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 का ऐलान पिछले साल किया था। तभी से फैंस इसकी हर एक अपडेट पाने के लिए बेकरार थे। वहीं अब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के स्टारकास्ट में से एक नए नाम को रिवील कर दिया है। साजिद ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया है कि हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है। जी हां, साजिद के बेटे ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिषेक बच्चन और साजिद की एक तस्वीर पोस्ट की है। इसके साथ ही कैप्शन में ये भी जानकारी दी है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है। कैप्शन में लिखा है- हम लोग ऐलान करते हैं कि हाउसफुल 5 में फिर से अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है। हम उन्हें वापस पाकर बहुत खुश हैं। अभिषेक बच्चन ने भी फिल्म में वापसी करने के बाद अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि- हाउसफुल मेरी फेवरेट कॉमेडी फ्रचाइंची है। अब इस फिल्म में वापस आकर बिल्कुल घर जैसा फील हो रहा है। साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत खुशी की बात रही है। मैं अपने साथी कलाकारों अक्षय और रितेश के साथ सेट पर जमकर मस्ती करने के लिए भी बहुत एक्साइटिड हूं। मैं अपने प्यारे दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ फिर से काम करने के लिए बहुत एक्साइटिड हूं। मैं दोस्ताना के बाद अब उनके साथ दोबारा काम करने जा रहा हूं। फिल्म में अभिषेक के साथ ही रितेश देशमुख और अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में इस बार अनिल कपूर और नाना पाटेकर भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा चंकी पांडे का भी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलेगा। फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म अगले साल यानी 2025 में 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बैकलेस आउटफिट पहन अवनीत कौर ने शेयर किया हॉट लुक, तस्वीरें देख फैंस के उड़े होश



एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का ध्यान उनकी ओर खींच लिया है।टिकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद कम उम्र में लोगों के बीच अपनी पहचान बनाई है।एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर फैंस को हैरान कर दिया है।लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक में पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं।बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया पर बवाल मच जाता है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अवनीत कौर ने व्हाइट कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख स भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर रहे हैं।

# द फैमिली मैन सीजन 3 की शुरू हुई शूटिंग

## श्रीकांत तिवारी बन फिर धूम मचाने को तैयार मनोज बाजपेयी

मनोज बाजपेयी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज द फैमिली मैन सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक है। वहीं दूसरे सीजन के लिए रिन्यू की गई इस सीरीज की स्टार कास्ट को बहुत प्यार मिला है और दर्शक इसके तीसरे पार्ट का लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो की अब खत्म हो चुका है। प्राइम वीडियो ने द फैमिली मैन 3 की शूटिंग को लेकर अपडेट शेयर कर दी है। इस सीरीज का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। डायनेमिक जोड़ी राज और डीके की द फैमिली मैन 3 से एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी बन धमाका करने को तैयार हैं।मनोज बाजपेयी ने आखिरकार फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्राइम वीडियो ने




सोशल मीडिया पर तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए स्टार कास्ट की तस्वीर भी शेयर की है। अपकमिंग सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी एक बार फिर श्रीकांत तिवारी के दमदार किरदार में नजर आने वाले हैं। अभी तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई भी अपडेट सामने नहीं आई है।फैमिली मैन के दोनों सीजन के हिट होने के बाद अब इसका तीसरा सीजन भी जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं फैमिली मैन 3 को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। फैमिली मैन 3 की शूटिंग की घोषणा करते हुए प्राइम वीडियो ने दो फोटो शेयर की है। पहली तस्वीर में क्लैपिंग बोर्ड दिख रहा है। वहीं, दूसरी फोटो में मनोज बाजपेयी, सुमन कुमार और राज एंड डीके नजर आ रहे हैं।राज-डीके द्वारा क्रिएटेड और डायरेक्टेड सुमन कुमार और राज एंड डीके द्वारा लिखित मच अवेटेड सीरीज फैमिली मैन के तीसरे सीजन में पूरानी कास्ट वापस दिखाई देने वाली है, जिनमें प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति तिवारी), वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) का नाम शामिल हैं।

# फिल्म अग्नि का फर्स्ट पोस्टर रिलीज

## प्रतीक-दिव्येंदु की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार




रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपनी अपकमिंग फिल्म अग्नि का फर्स्ट पोस्टर रिलीज किया। इस स्पेशल पोस्टर की थीम से पता चलता है कि इसमें फायर फाइटर्स की एक ब्रेव स्टोरी दिखाई जाएगी। फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, जितेंद्र जोशी, सई ताम्हणकर, सैयामी खेर, उदित अरोड़ा और कबीर शाह जैसे कलाकार शामिल हैं। राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित अग्नि एक खास कहानी होने का दावा करती है जिसमें उन रियल हीरोज की कहानी दिखाई जाएगी जो अपनी जान पर खेलकर लोगों की जान बचाते हैं।अग्नि के इस पोस्टर में प्रतीक गांधी को धांसू लुक में देखा जा सकता है। इस पोस्टर ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है, साथ ही साहस, सम्मान और बलिदान का एक पावरफुल मैसेज भी गूंजता है। अग्नि के साथ, एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने दर्शकों के लिए एक और मनोरंजक कहानी पेश करने के लिए तैयार है। इस फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, जितेंद्र जोशी, सई ताम्हणकर, सैयामी खेर, उदित अरोड़ा और कबीर शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद प्रतीक और दिव्येदु की जोड़ी को एक बड़े पर्दे पर देखना फैंस के लिए डबल डोज होगा।रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, अग्नि राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित है।

## नम्रता सेठ ने किया खुलासा

# गर्मियों में किस तरह रखती हैं अपनी बालों और स्किन का ध्यान



एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने बताया कि वह गर्मियों में कम से कम मेकअप करना पसंद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी स्किन अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहे।वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में अपने काम के लिए मशहूर नम्रता ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर रूटीन के साथ-साथ फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की।नम्रता सेठ ने कहा, गर्मियों के लिए मेरा स्किन केयर रूटीन यह है कि जितना संभव हो उतना कम मेकअप करती हूं, अपनी स्किन को लाइटवेट सीरम और सनस्क्रीन के साथ सुपर हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं चिलचिलाती धूप से बच सकूं। मैं बस इतना ही करती हूं, अपने चेहरा को हर समय साफ और हाइड्रेटेड रखती हूं, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स या हैवी मेकअप लगाने से बचती हूं, क्योंकि गर्मियों में पसीना बहुत आता है।अपनी डू इट योरसेल्फ रूटीन के बारे में, नम्रता ने कहा, मैं घर पर खीरे को पीसकर और फिर उसे दही के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाती हूं। हमारे पास बहुत सारी नेचुरल रेमेडी हैं, जो हमारी माएं और दादी-नानी सालों से करती आ रही हैं, जैसे उबटन। मैं जितना हो सके, पानी पीती हूं।नम्रता ने आगे बताया कि कैसे शूटिंग के चलते गर्मी से उनके बालों को नुकसान पहुंचता है, जो दुर्भाग्य से उनके प्रोफेशन के लिए सही नहीं है।उन्होंने कहा, मैं हर महीने हेयर स्पा लेने की कोशिश करती हूं। यह एक तरह का इन-वेस्टमेंट है, जिसे मुझे आजमाना होगा। यह मेरे बालों के नुकसान को कम करता है। मैं घर पर होती हूं, तो मैं अपने बालों में तेल लगाकर रखती हूं, जिससे मेरे बालों की ग्रोथ हो सके। मैं अपने बालों को कंडीशन करने की कोशिश करती हूं।अपनी फिटनेस रूटीन के बारे में बात करते हुए नम्रता ने कहा, मैं हर दिन किसी न किसी तरह की फिटनेस रूटीन को शामिल करने की कोशिश करती हूं, भले ही वह कम दूरी की वॉक ही क्यों न हो। मुझे लगता है कि एक्टिव रहना वास्तव में जरूरी है, एक्टिव रहने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मैं अपने दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करती हूं। इसके बाद मैं अपनी बॉडी को एक्टिव रखने के लिए या तो जिम जाती हूं या डांस या बॉक्सिंग क्लास।

# अल्लू अर्जुन के मास ट्रैक पुष्पा-पुष्पा ने किया वर्ल्डवाइड धमाका

## 50 मिलियन से ज्यादा व्यूज किया हासिल




साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मोस्ट से भी मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का इंतजार तो उनके फैंस बेसब्री से कर रहे है। फिल्म का हाल ही में पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज हुआ है। सॉन्ग पुष्पा-पुष्पा तेलुगू और दिंही समेत 6 भाषाओं में रिलीज हुआ है। पुष्पा-पुष्पा में अल्लू अर्जुन का डांस एक बार फिर छा गया है। इसमें साउथ सुपरस्टार के तीन पॉपुलर स्टेप्स हैं, जिसमें शूज, चाय और मोबाइल स्टेप्श शामिल हैं। अब सॉन्ग पुष्पा-पुष्पा यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है। पुष्पा-पुष्पा ना सिर्फ घरेलू बल्कि इंटरनेशनल ऑडियंस को भी हिट कर रहा है। अब सॉन्ग पुष्पा-पुष्पा ने अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड कर लिया है।पुष्पा-पुष्पा पहला ऐसा गाना बन गया है, जिसने 6 भाषाओं में सबसे जल्दी 50 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं। वहीं, इंस्टाग्राम पर इस पर 1 लाख से ज्यादा रील्स बन चुकी हैं। इस मौके पर पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें यह आंकड़ा बताया है। बता दें, तेलुगू और हिंदी के साथ-साथ यह गाना तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में भी रिलीज हुआ है।इस गाने को मिका सिंह और नकाश अजीज ने गाया है। वहीं, देवी श्री प्रसाद सॉन्ग पुष्पा-पुष्पा के कंपोजर हैं। तेलुगू में इसे नकाश अजीज, तमिल में दीपक ब्लू, हिंदी में मिका सिंह, कन्नड़ में विजय प्रकाश, मलयालम में रंजीत गोविंद और बंगाली में इसे तिमिर बिस्वास ने गाया है।फिल्म की रिलीज डेट के बारे में बता दें, यह मौजूदा साल के स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है, जिसमें अल्लू अर्जुन के अपोजिट एक बार फिर रश्मिका मंदाना नजर आएंगी।

# एक्ट्रेस सयानी गुप्ता ने अपकमिंग फिल्म बारह बाय बारह को लेकर जताई खुशी

एक्ट्रेस सयानी ने अपने दोस्त ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की फिल्म बारह बाय बारह की रिलीज को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के क्लासरूम से उनकी यात्रा को याद किया।सयानी गुप्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया।उन्होंने कैप्शन में लिखा, प्यारे दोस्त की फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह मुझे बहुत भावुक कर देता है। एफटीआईआई में हमारी कक्षा से लेकर अब तक का सफर कैसा रहा, अच्छी चीजें यहां हैं, बधाई हो।गौरव मदान द्वारा निर्देशित, बारह बाय बारह की कहानी एक फोटोग्राफर के इर्द-गिर्द घूमती है, वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर मृतकों के अंतिम क्षणों को कैद करता है। वह जीवन और मृत्यु के चक्र की परिधि से होकर यात्रा पर निकलता है। फिल्म में हरीश खन्ना और गीतिका विद्या ओहल्याण भी हैं।सयानी को पिछली बार नंदिता दास की फिल्म ज़्विगाटो में देखा गया था, कपिल शर्मा और शहाना गोस्वामी मुख्य भूमिका में थे।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आपको पैसों से जुड़ी कोई समस्या आ सकती है जिसे सुलझाने के लिए आप अपने पिता या पितातुल्य किसी आदमी से सलाह ले सकते हैं। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस–पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की ज़रूरत है। अपने घर में बिखरी चीजों को संभालने का आज आप प्लान करेंगे लेकिन आपको इसके लिए आज खाली समय नहीं मिल पाएगा। आपको ज़रूरत है तो जीवनसाथी के साथ आत्मीय बातचीत की।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज–मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी। संदिग्ध आर्थिक लेन–देन में फँसने से सावधान रहें।
अपना कुछ समय दूसरों को देने के लिए अच्छा दिन है। आज आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने को जा सकते हैं। आपके लिए आज बहुत सक्रिय और लोगों से मेल–जोल भरा दिन रहेगा। लोग आपसे आपकी राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे। घर के छोटे सदस्यों को साथ लेकर आज आप किसी पार्क या शॉपिंग मॉल में जा सकते हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आपका पैसा तभी आपके काम आएगा जब आप उसको संचित करेंगे यह बात भली भांति जान लें नहीं तो आपको आने वाले समय में पछताना पड़ेगा। आपकी दूसरों को राज़ी करने की क्षमता आने वाली मुश्किल को हल करने में कारगर साबित होगी। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ ज़रूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क करना आपके लिए अच्छे परिणाम लाएगा। आपको अपने घर के छोटे सदस्यों के साथ वक्त बिताना सीखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप घर में सद्भाव बना पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में आप आराम करना और अपने परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फ़ायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं। लेकिन फिर आपको महसूस होगा कि जो होता है अच्छे के लिए ही होता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे– इसलिए इस बात का ख़याल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते और बोलते हैं। आज आप काफ़ी पैसे बना सकते हैं– लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें। आपको कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है, जो न केवल आपको बल्कि आपके परिवार को भी रोमांचित कर देगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक सौदे करते समय दूसरों के दबाव में न आएँ। इस राशि के जातक आज लोगों से मिलने से ज्यादा अकेले में वक्त बिताना पसंद करेंगे। आज आपका खाली समय घर की सफाई में बीत सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फ़ायदेमन्द साबित होंगे। आज किसी विपरीत लिंगी की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आप अपने जीवन की परेशानियों को अपने संगी से साझा करना चाहेंगे लेकिन वो अपनी परेशानियों के बारें में बता के आपको और ज्यादा परेशान कर देंगे। आज अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। जीवनसाथी से बहुत ज़्यादा उम्मीदें रखना आपको वैवाहिक जीवन में उदासी की तरफ़ ले जा सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

दोस्तों का रुख़ सहयोगी रहेगा और वे आपको ख़ुश रखेंगे। आपसी संवाद और सहयोग आपके और आपके जीवनसाथी के बीच रिश्ते को मज़बूत बनाएगा। अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक़्क़त महसूस करेंगे। नौकरी–पेशे के लिहाज़ से की गयी यात्रा सकारात्मक फल देगी। आपको इंटरव्यू के दौरान दिमाग़ ठण्डा रखने और ख़ुद को अभिव्यक्त करने की ज़रूरत है। आज आपको अपने कामों को समय पर निपटाने की कोशिश करनी चाहिए। आपका जीवनसाथी आपकी ज़रूरतों को अनदेखा कर सकता है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आप महसूस करेंगे कि आस–पास के लोग बहुत ज़्यादा मांग करने वाले हैं। लेकिन जितना आप कर सकते हैं, उससे ज़्यादा करने का वादा न करें और केवल दूसरे को ख़ुश करने के लिए ख़ुद को तनाव से नहीं थकाएँ। सट्टेबाज़ी से फ़ायदा हो सकता है। जिन लोगों से आपकी मुलाक़ात कभी–कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। एकतरफ़ा लगाव आपके लिए सिर्फ़ दिल तोड़ने का काम करेगा। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। आज आप सबसे दूर होकर अपने आप के लिए वक्त निकाल पाएंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपके जीवन–साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें और महज़ मूक दर्शक न बने रहें।
लंबित परियोजनाएँ पूरी होने की दिशा में बढ़ेंगी। अगर आपके पास हालात से उबरने के लिए दृढ़ इच्छा–शक्ति है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। आपको और आपके जीवनसाथी को वैवाहिक जीवन में कुछ निजता की ज़रूरत हे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

सिर्फ़ सकारात्मक विचारों के ज़रिए इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है। रियल एस्टेट और वित्तीय लेन–देन के लिए अच्छा दिन है। घरेलू मामलों और काफ़ी समय से लंबित घर के काम–काज के हिसाब से अच्छा दिन है। कार्यक्षेत्र में दिल लगाने से बचें नहीं तो आपकी बदनामी हो सकती है। यदि आप किसी से जुड़ना भी चाहते हैं तो ऑफिस से दूरी बनाकर ही उनसे बात करें। इस राशि के जातक खाली वक्त में आज किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर सकते हैं सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

मानसिक शान्ति के लिए किसी दान–पुण्य के काम में सहभागिता करें। जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। गर्लफ्रेण्ड/बॉयफ्रेण्ड से धोखा मिल सकता है। सहकर्मियों और वरिष्ठों के पूरे सहयोग के चलते दफ़्तर में काम तेज़ रफ़्तार पकड़ लेगा। अपने ज़बरदस्त आत्मविश्वास का फ़ायदा उठाएँ, बाहर निकलें और कुछ नए सम्पर्क व दोस्त बनाएँ। आपका जीवनसाथी रोज़ाना की ज़रूरतों को पूरा करने से अपने हाथ पीछे खींच सकता है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

बचपन की यादें आपके मन पर छायी रहेंगी। लेकिन इस काम में आप ख़ुद को मानसिक तनाव दे सकते हैं। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी।
दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

## बुधवार का पंचांग

दिनांक : 08 मई 2024 , बुधवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , कृष्ण पक्ष
तिथि : अमावस्या प्रात: 08:53 तक
नक्षत्र : भरणी दोपहर 01:43 तक
योग : सौभाग्य सायं 05:40 तक
करण : नाग प्रात: 08:53 तक
चन्द्रराशि : मेष रात्रि 07:07 तक
सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त 06:38 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:56 , सूर्यास्त 06:36 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:48 , सूर्यास्त 06:39 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:39 , सूर्यास्त 06:28 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : देवकार्य अमावस्या , श्रीशुकदेवजी जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

**पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)**
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में तीन डॉक्टरों का इस्तीफा

## एसीबी ने किया था मामले का भंडाफोड़

जयपुर, 07 मई (एजेंसियां)। फर्जी एनओसी जारी करके ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में एसीबी की कार्रवाई के बाद राजस्थान के तीन बड़े डॉक्टरों को इस्तीफा देना पड़ा है। सरकार ने मामले में जिम्मेदार पदों पर बैठे इन अधिकारियों की लापरवाही मानते हुए इनसे इस्तीफा मांगा था। मामले में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के चेयरमैन डॉ. सुधीर भंडारी को इस्तीफा देना पड़ा है। ये तीनों डॉक्टर जिम्मेदार पदों पर बैठे रहे लेकिन पिछले दो–तीन साल से फर्जी तरीके से हो रहे ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में इन जिम्मेदार चिकित्सा अधिकारियों ने कोई एक्शन नहीं लिया। तीनों डॉक्टरों के इस्तीफे सरकार ने तुरंत स्वीकार कर लिए हैं।

पिछले महीने एसीबी ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी तरीके से



एनओसी जारी करने के मामले का खुलासा करते हुए एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह के साथ दो निजी अस्पतालों के अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह के घर पर दबिश में एसीबी को वहां सैकड़ों फर्जी एनओजी बरामद हुई, जिनमें से कुछ पर दस्तखत किए हुए थे और कुछ बिना हस्ताक्षर की थीं। मामले में जयपुर के निजी अस्पतालों की मिलीभगत सामने आने के बाद सरकार ने तीन नामी अस्पतालों ईएचसीसी, फोर्टिस और मणिपाल हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने के लाइसेंस रद्द कर दिए थे।

नियमानुसार सरकारी या निजी अस्पतालों में ऑर्गन ट्रांसप्लाट के लिए एनओसी कमेटी की अनुमति लेना जरूरी होता है लेकिन पिछले दो–तीन सालों में हुए ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई सुध ही नहीं ली, जबकि देशी–विदेशी मरीजों के किडनी ट्रांसप्लांट की खबरें कई बार मीडिया में भी प्रकाशित हुई थीं। ऑर्गन ट्रांसप्लांट की अनुमति के लिए बनी कमेटी द्वारा पिछले दो साल में कोई भी मीटिंग नहीं लिए जाने के बावजूद ऑर्गन ट्रांसप्लांट होते रहे लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। पिछले महीने गुड़गांव पुलिस द्वारा किडनी तस्करी के मामले में पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के तार भी मामले से जुड़े होने का अंदेशा है। ऐसा इसलिये माना जा रहा है क्योंकि दलालों ने बांग्लादेश के कई लोगों को जयपुर के निजी अस्पतालों में किडनी डोनेट करने भेजा था। एसीबी की छानबीन में पता चला है कि फर्जी एनओसी के जरिये ब्लड रिलेशन ना होने के बावजूद ऑर्गन ट्रांसप्लांट कर दिए गए। बहरहाल चिकित्सा विभाग की अनुमति मिलने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, मामले में आगे और भी खुलासे हो सकते हैं।

## हाई कोर्ट से शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को मिली बड़ी राहत




**जयपुर, 07 मई (एजेंसियां)।** उच्च न्यायालय ने राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों का बिना कारण निरीक्षण किए जाने पर रोक लगाकर प्रदेश के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को बड़ी राहत दी है। न्यायालय की एकल पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेंद्र कुमार गोयल ने फेडरेशन ऑफ राजस्थान टीचर एजुकेशन कालेज के सचिव डॉ. प्रभात शर्मा की याचिका पर सोमवार को यह आदेश दिए। न्यायालय ने विश्वविद्यालय द्वारा सभी महाविद्यालयों का बिना कारण निरीक्षण किए जाने को रोक दिया है केवल कुछ बिंदुओं को और वो भी आवश्यक होने पर ही या उन बिंदुओं में कोई शिकायत होने पर ही उन्हीं महाविद्यालयों का निरीक्षण कर सकती है।

महाविद्यालयों को भी आठ मई तक का समय दिया है कि वे अपनी वेबसाइट पर राज्य सरकार द्वारा निर्देशित बिंदुओं को अपडेट कर ले तथा अपनी वित्तीय सूचना भी अपलोड कर ली जाए। न्यायालय ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय खंडपीठ के दो सितंबर 2016 के निर्णय के अनुसार 10 मई तक इन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को संबद्धता प्रदान कर दे जिससे पीटीईटी को और नए बीएड करने वाले छात्रों को स्थिति स्पष्ट हो सके।

## सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख 38 हजार रुपए की ठगी




**अलवर, 07 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अलवर शहर के साइबर थाने में एक डॉक्टर से सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख 38 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार कोटा दादाबाड़ी के डॉक्टर अबरार अली से अलवर में रहते हुये सऊदी अरब के फैसल स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रियाद में नौकरी लगाने का झांसा देकर एक लाख 38 हजार रुपये की ठगी हो गयी।

अलवर के सानिया हॉस्पिटल में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अबरार अली ने साइबर थाने में रिपोर्ट दी है।

पीड़ित डॉ अबरार के अनुसार वह अब अलवर के रणजीत नगर में रहता है और सानिया हॉस्पिटल में नौकरी करता हैं। गत नौ मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया और सऊदी अरब के फसल स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रियाद में नौकरी करने का ऑफर किया, जिसके लिए 5500 रुपए यूपीआई के जरिये जमा कराकर इंटरव्यू देने की बात की गयी थी। उक्त राशि यूपीआई से भेज दी गई। इसके बाद इंटरव्यू की औपचारिकताएं पूरी की गयी। इसके उपरांत उक्त व्यक्ति द्वारा 13 मार्च से अलग–अलग बहाने कर रुपये मांगे गये।

डॉ अबरार ने पांच बार में कुल एक लाख 38 हजार 400 रुपये यूपीआई के जरिये भेजे। इसके बाद कई बार जॉब ऑफर लेटर मांगा गया। तब हर बार कहा गया कि दो–तीन दिन में आ जायेगा, लेकिन नहीं आया। इसके बाद डॉ अबरार द्वारा पुलिस थाना साइबर को रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजस्थान में वर्ष 2024 की वन्यजीव गणना 23 मई को

**उदयपुर, 07 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में वर्ष 2024 की वन्यजीव गणना आगामी 23 मई को की जायेगी। उप वन संरक्षक (वन्यजीव) देवेन्द्र कुमार तिवारी ने आज बताया कि वन्यजीव अभयारण्य जयसमंद, सज्जनगढ़, फुलवाडी की नाल, कोटड़ा में वन्यजीव गणना की जायेगी। उन्होंने बताया कि 23 मई की प्रातः आठ बजे से 24 मई प्रातः आठ बजे तक वन्यजीव गणना की जायेगी।

इस गणना में भाग लेने के इच्छुक वन्यजीव प्रेमी या स्वयंसेवक कार्यालय की मेल आईडी डीसीएफ

डब्ल्यूएलयूडीजेड एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम एवं कार्यालय में पदस्थापित सहायक प्रशासनिक अधिकारी हितेश सक्सेना के मोबाईल नंबर 8949034518 पर सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

## गार्ड पर हमला कर घर में जा घुसा तेंदुआ एक घंटे तक दहशत में रहा परिवार



**जयपुर, 07 मई (एजेंसियां)।** इंडस्ट्रियल एरिया में गार्ड पर हमला करने के बाद एक घर में घुसे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज कर लिया है। करीब एक घंटे तक पूरा परिवार तेंदुए के साथ घर में ही कैद रहा। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए को ट्रैंकुलाइज करने के लिए शूट किया परंतु शॉट मिस हो जाने के कारण तेंदुए ने एक मजदूर पर हमला कर दिया।

इससे पहले पास में ही एक फैक्ट्री के गार्ड पर हमला करके तेंदुआ एक घर में घुस गया था। परिवार को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद तेंदुए को ट्रैंकुलाइज करने के लिए तीन शॉट लगाए गए थे लेकिन एक शॉट मिस होन के कारण उसने एक मजदूर पर हमला कर दिया। आज सुबह करीब आठ बजे सबसे पहले तेंदुए का मूवमेंट देखा गया था।

स्थानीय लोगों की सूचना पर मालवीय नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आसपास के इलाकों में सर्च अभियान शुरू किया।

तेंदुआ बिड़ला कॉलेज के ग्राउंड और फैक्ट्री के आसपास बताया जा रहा था इसलिए आसपास काम करने वाले लोगों को सुरक्षित रखने के लिए सभी को घर में ही रहने के लिए कहा गया था। ट्रैंकुलाइज करने के बाद अब उसे वापस वन क्षेत्र में छोड़ने की कवायद की जा रही है।

## कांग्रेस के पास न नीयत और न ही नीति : नायब सिंह सैनी




**सोनीपत, 07 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास न नीयत है और न ही नीति है। कांग्रेस भाईचारा बिगाड़कर वोट मांग रही है। कांग्रेस सरकार में जनता को न पर्याप्त बिजली मिल पा रही थी और ना ही गैस सिलिंडर। भाजपा सरकार ने जनता की परेशानी को दूर किया है। शहर से लेकर गांवों तक पर्याप्त बिजली दी जा रही है। गैस सिलिंडर के लिए अब लाइनों में नहीं लगना पड़ता।

मुख्यमंत्री मंगलवार को बरोदा हलके के गांव बली ब्राह्मणान में आयोजित विजय संकल्प रैली में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आने वाली 25 मई को लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली को वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विजय संकल्प रैली से कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करते हुए अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार के नारे लगाए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार चरम पर था।

देश के विकास की किसी को चिंता नहीं थी। एक रुपये में से 15 पैसे ही जनता तक पहुंच रहे थे। भाजपा सरकार ने सबसे पहले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया है, जिससे मोदी सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा है। इस दौरान कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, महिपाल ढांडा, योगेश्वर दत्त, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, संतोष अहलावत, शुभकरण चौधरी, जसबीर दोदवा, प्रदीप सांगवान, रामफल चिड़ाना, निशांत छोक्कर सहित अन्य मौजूद रहे।

## सोनीपत की शराब फैक्टरी में ब्लास्ट, 200 मीटर दूर मिला कर्मचारी का शव



**सोनीपत,07 मई (एजेंसियां)।** जिले के गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में मंगलवार दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने से ब्लास्ट हो गया। वहां काम कर रहे कर्मी काफी दूर खेत में जाकर गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद आग भड़क गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर आग पर काबू पाने में लगी है। मामले की सूचना के बाद उपायुक्त भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रबंधों की जायजा लिया।

गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में कर्मी काम कर रहे थे। दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने के साथ ही ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से वहां काम कर रहे गांव सांदल निवासी संदीप करीब 120 मीटर दूर खेत में जाकर गिरे। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें करीब 20 हजार लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है। उसके बाद फैक्टरी में आग लग गई।

आग लगी देख कर्मी बाहर भागे। जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी। आग की सूचना के बाद सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई है। टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसके साथ ही फैक्टरी में एक अन्य स्प्रिट टैंक भी है। टैंक में ढाई लाख लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है। उसमें आग पहुंचने से रोकने के प्रयास किए जा रहे है।

सोनीपत के उपायुक्त मनोज यादव ने बताया कि फैक्टरी में आग की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर बचाव प्रबंधों को देखा गया है। फायर ब्रिगेड की गाडिय़ा अलग–अलग जगह से बुलवाई गई है। आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। हादसे में एक कर्मी की मौत की जानकारी मिली है।

## नफे सिंह राठी हत्याकांड: बहादुरगढ़ में थाने पहुंची सीबीआई, गाड़ी का किया मुआयना

**बहादुरगढ़, 07 मई (एजेंसियां)।** इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी और उनके समर्थक जयकिशन दलाल हत्याकांड मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी सीबीआई की टीम पांच दिन में दूसरी बार बहादुरगढ़ पहुंची। टीम ने लाइनपार थाना में खड़ी नफे सिंह राठी की फार्च्यूनर गाड़ी की जांच की। आरोपियों की आई–20 गाड़ी की भी छानबीन की। इस दौरान उनके साथ लाइनपार थाना एसएचओ संदीप कुमार भी रहे। टीम ने करीब एक घंटे तक जांच पड़ताल की। इसके बाद वापस लौट गई।चार दिन पहले सीबीआई के एडिशनल एसपी प्रशांत श्रीवास्तव, डीएसपी महेंद्र सिंह व उनकी टीम बहादुरगढ़ में पहुंची थी और टीम ने एसआईटी, एसएचओ संदीप कुमार, बहादुरगढ़ में डीएसपी महेंद्र सिंह को साथ लेकर वारदात स्थल का मौका मुआयना किया था और अधिकारियों से केस




के बारे में जानकारी ली थी। सोमवार को दूसरी बार दो गाड़ियों में सीबीआई के अधिकारी लाइनपार थाना पहुंचे और यहां पर खड़ी नफे सिंह राठी की फॉर्च्यूनर गाड़ी और आरोपियों द्वारा वारदात के लिए प्रयोग की गई आई–20 गाड़ी की जांच पड़ताल की। सीबीआई अधिकारियों ने हरियाणा पुलिस से वारदात से संबंधित रिकॉर्ड मांगा है। नफे सिंह राठी की 25 फरवरी की शाम 5 बराही फाटक के नजदीक नफे सिंह राठी और उनके समर्थक जयकिशन दलाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके भांजे संजय और गनमैन संजीत कबलाना गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में लाइनपार थाना पुलिस ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, कर्मवीर राठी के पुत्र कमल राठी, पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र सतीश नंबरदार, उनके भतीजे राहुल और गौरव, नप के वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, कांग्रेस नेता विजेंद्र राठी, संदीप राठी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। केस को लेकर एसआईटी सभी से पूछताछ कर चुकी है। इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी और उनके समर्थक जयकिशन हत्याकांड में अभी कई सवाल अनसुलझे हैं। अभी तक पुलिस यह पता नहीं कर पाई है कि हत्याकांड में किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया।

### शिवकुमार को कैबिनेट से हटाया जाए

# कुमारस्वामी अश्लील वीडियो मामले में सीबीआई जांच की मांग की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मांग की है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को उन आरोपों की पृष्ठभूमि में मंत्रिमंडल से हटा दिया जाए कि हासन की अश्लील वीडियो वाली पेन ड्राइव लीक होने के पीछे उनका हाथ था। साथ ही उन्होंने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कुमारस्वामी ने दावा किया कि कथित अश्लील वीडियो मामले का वीडियो जानबूझकर प्रसारित किया गया था। मैं इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक गंदी घटना पर संबोधित कर रहा हूं जो समाज में नहीं होनी चाहिए थी। 21 अप्रैल को, एक पेन ड्राइव पूरे राज्य में प्रसारित की गई थी। इसे बेंगलूरु ग्रामीण, मांड्या और हासन में प्रसारित किया। जानबूझकर पुलिस या चुनाव रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब मतदान हो रहा था



तो सीएम ने कम से कम 100 बार कहा कि एचडी कुमारस्वामी और जेडीएस उम्मीदवार निश्चित तौर पर हारेंगे। विशेष जांच दल को सिद्धरामैया जांच दल और शिवकुमार जांच दल कहते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि शुरू में, उन्होंने सोचा था कि एसआईटी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करेगी। लेकिन अब ऐसा नहीं लगता है। डीके शिवकुमार ने कहा था, कुमारस्वामी, आप जीत नहीं सकते। फिर भी, किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। मैं समझता हूं कि क्या हो रहा है। मैंने सोचा कि एसआईटी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करेगी। लेकिन मैंने पढ़ा कि यह एक विशेष जांच टीम नहीं है, यह सिद्धरामैया जांच टीम है और शिवकुमार जांच टीम है। उन्होंने एसआईटी अधिकारियों को कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार का एजेंट बताया और शिवकुमार को कैबिनेट से निलंबित करने की मांग की। हम जानते हैं, एक ऑडियो है जिसमें आपने कहा है कि उस मामले के लिए 30-40 करोड़ खर्च किए गए थे। कृपया इसे न्यायिक जांच के लिए दें, क्योंकि हमें एसआईटी पर भरोसा नहीं है। मैं जो मांग कर रहा हूं वह इस पूरे मामले में डीके शिवकुमार की साजिश के कारण कर रहा हूं। पीड़ितों की छवि खराब करने के प्रकरण को ध्यान में रखते हुए डीके शिवकुमार को कैबिनेट मंत्री पद से हटाया जाना चाहिए। मैं इतनी आसानी से यह मामला नहीं छोड़ने वाला हूं। अगर इस मुख्यमंत्री में थोड़ी भी नैतिकता है, तो इन सभी बातों को स्वीकार करें और डीके शिवकुमार को कैबिनेट से निलंबित करें।

हर कोई जानता है कि डीके शिवकुमार किस चीज में विशेषज्ञ हैं। जब आप कह रहे हैं कि ये सभी चीजें सामने आनी चाहिए, तो इसे सीबीआई को दे दें। सब कुछ सामने लाने के लिए इसे सीबीआई को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि प्रज्वल रेवन्ना कहां हैं, उन्हें वापस लाना कर्नाटक सरकार और एसआईटी की जिम्मेदारी है। मुझे नहीं पता कि वह कहां हैं, मुझे यह भी नहीं पता कि वह कब गए, मैं चुनाव प्रचार में व्यस्त था, मुझे इस घटना के बारे में तब पता चला जब वह देश से बाहर गए। अब जिम्मेदारी एसआईटी पर आती है कि वे उन्हें वापस लाए।

#### अदालत से स्थगन आदेश ले लिया

उन्होंने आगे दावा किया कि मामले में राज्य सरकार की जांच से पता चलता है कि एचडी देवेगौड़ा के परिवार को कलंकित करने और नष्ट करने की एक साजिश है, जो कभी नहीं होगी। अगर ये सभी प्रज्वल रेवन्ना मामले या पेन ड्राइव मामले मुझे पता होते तो मैं हासन से प्रज्वल रेवन्ना को टिकट देने के बारे में सोचता भी नहीं। कुमारस्वामी ने आगे कहा कि उन्होंने इस मामले में मीडिया या किसी अन्य को उनका या देवेगौड़ा का नाम लेने से रोकने के लिए अदालत से स्थगन आदेश ले लिया है। मैं यह नहीं कह सकता कि बीजेपी क्या फैसला लेगी, यह उन पर निर्भर है। मेरा कहना है कि ऐसी घटना इस देश में नहीं होनी चाहिए। जो भी जिम्मेदार है, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

## पेन ड्राइव मामले में विपक्षी दलों की हताशा दिख रही: मंत्री मधु बंगारप्पा

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा कि हासन के पेन ड्राइव मामले में विपक्षी दलों में निराशा है। इसलिए आरोपों से बचने के लिए अनावश्यक आरोप लगाये जा रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में पीड़ितों को न्याय जरूर मिलेगा। ऐसे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करना निंदनीय है। कानून हर हाल में कायम रहना चाहिए, हमारे दायरे में कानून की जीत होगी। मुझे भी इस पर टिप्पणी करने की जल्दी है। लेकिन मैं इसे खुले तौर पर नहीं कहूंगा, मैं इसे अपने नेताओं के साथ साझा करूंगा।

देश में सच और झूठ पर चुनाव चल रहा है। हमारी गारंटी जीतती है। जनता ने भावुक राजनीति को नकार दिया है। मतदाता झूठ बोलने और विकास को भूलने वालों को सबक सिखायेंगे। यह भावना पैदा हो गई है कि अगर देश को सुरक्षित रखना है तो मोदी की जरूरत है। क्या 70 साल के कांग्रेस शासन में सुरक्षा नहीं थी? भाजपा के मतदाता भी इस बार राज्य सरकार की गारंटी के लिए कांग्रेस को वोट दे रहे हैं। आम लोग सहयोग चाहते हैं। जो सहयोग करेंगे, वे बदले में वोट देंगे। विश्वास के आधार पर कांग्रेस को विधानसभा में प्रवेश दिया गया था। उन्होंने कहा कि गारंटी लागू होने के बाद जिले का प्रभाव और बढ़ गया है। शिवमोग्गा में कांग्रेस उम्मीदवार गीता शिवकुमार के पक्ष में जिले के सभी नेताओं ने मिलकर काम किया है। अच्छे परिणाम की उम्मीद है।



## खड़गे ने पूर्व सीएम से अस्पताल में की मुलाकात

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि बेंगलूरु अस्पताल में अनुभवी राजनेता से मुलाकात की है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। जहां फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक के पूर्व सीएम एसएम कृष्णा से मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा मैं उनसे मिलने आया था। उनकी हालत में सुधार हो रहा है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं कि वह जल्द ठीक हो जाएं।



## कांग्रेस लोकसभा चुनाव जीतकर नया इतिहास रचेगी: लक्ष्मी हेब्बालकर



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने अपने परिवार के साथ विजयनगर के सरकारी मराठी प्राइमरी स्कूल के बूथ नंबर 61 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बाद में बोलते हुए मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार मतदान दिवस है। सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे प्रतिनिधि को चुनना चाहिए। बेलगावी निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार मृणाल हेब्बालकर के पक्ष में अच्छी लहर है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव जीतकर नया इतिहास रचेगी। मेरे भाई, कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। अराभावी, गोकक, बेलगावी उत्तर निर्वाचन क्षेत्रों में भी कांग्रेस को बढ़त मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान का आशीर्वाद प्राप्त है। कांग्रेस प्रत्याशी मृणाल हेब्बालकर ने कहा कि इस बार बेलगावी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी सौ फीसदी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि बेलगावी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत तय है। विधान परिषद के सदस्य चन्नराज हत्तीहोली ने बात करते हुए कहा कि हमने साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चिक्कोडी और बेलगावी दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस के उम्मीदवार जीतेंगे और बेलगावी के स्वाभिमान को जीत मिलेगी।

## प्रज्वल रेवन्ना के जल्द ही बेंगलूरु पहुंचने की उम्मीद



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** यौन उत्पीड़न और बलात्कार मामलों के आरोपी सांसद प्रज्वल के बुधवार सुबह शहर आने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी चले गए थे। प्रज्वल के खिलाफ होलेनरसीपुर शहर पुलिस स्टेशन में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है और सरकार ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी है। एसआईटी के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए एक टीम बनाई और प्रज्वल को सुनवाई में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया। प्रज्वल के वकील ने सुनवाई के लिए समय मांगा, लेकिन एसआईटी ने इसकी इजाजत नहीं दी। बाद में लुकआउट नोटिस जारी किया गया और प्रज्वल के ठिकाने की तलाश जारी रही। इस बीच प्रज्वल के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। एसआईटी प्रज्वल को गिरफ्तार करने के लिए तैयार है और प्रज्वल के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि सीआईडी में एक महिला ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करायी है।

## कांग्रेस उम्मीदवार श्रेयस पटेल ने देवराजे गौड़ा के आरोपों से किया इनकार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** हासन लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार श्रेयस एम. पटेल ने जद (एस) के लोकसभा सदस्य प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ मामलों में शामिल होने के आरोपों से इनकार किया है। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए, श्रेयस पटेल ने कहा कि न तो किसी पीड़िता ने उनसे संपर्क किया, न ही उन्होंने किसी से संपर्क किया। भाजपा नेता और वकील जी. देवराजे गौड़ा ने मेरे खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं। देवराजे गौड़ा ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस होटल का जिक्र किया था, वहां मैं किसी से नहीं मिला। मैं उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने पर विचार कर रहा हूं। उन्होंने विरोधियों को इस मामले में किसी भी तरह से अपनी संलिप्तता साबित करने की चुनौती भी दी। होटल में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकालने की जांच होनी चाहिए। अगर मेरी संलिप्तता दिखाने के लिए कोई सबूत है तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। अगर मैं जून में होने वाली मतगणना में निर्वाचित हुआ तो इस्तीफा दे दूंगा।



## पिछले चरणों में कम मतदान पर चिराग पासवान ने जताई चिंता, विपक्ष को भी घेरा



**बेगूसराय (एजेंसियां)।** एलजेपी आरवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान आज मंगलवार को हेलीकॉप्टर से बेगूसराय जिले के बखरी पहुंचे। जहां से वह सड़क मार्ग से अपने पैतृक गांव बेलाही मतदान करने के लिए जाएंगे। इस दौरान हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वह संवाददाताओं से भी रूबरू हुए और लोगों से मतदान करने की अपील की। चिराग पासवान ने कहा कि मतदान सभी लोगों का अधिकार है और मतदान से देश का भविष्य तय होता है। इसलिए लोगों को बढ़-चढ़ कर मतदान के पर्व में हिस्सा लेना चाहिए।

चिराग पासवान ने कहा कि वह प्रत्येक चुनाव में अपने पैतृक गांव मतदान करने के लिए आते हैं और लोगों को जागरूक भी करते हैं। साथ ही साथ उन्होंने माना कि पिछले दो चरण में मत प्रतिशत में कुछ कमी दर्ज की गई थी। खासकर बिहार में मतदान का प्रतिशत कम रहा था। लेकिन अब मतदाताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है और निश्चित रूप से आने वाले सभी चरणों में मत प्रतिशत में वृद्धि होगी। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष, तेजस्वी यादव और लालू यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए लगातार आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जो कहीं से उचित नहीं है। एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के संबंध में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग बिल्कुल अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोगों को डरा रहा है कि आरक्षण खत्म हो जाएगा और मोदी की सरकार आएगी तो आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन गौर करने की बात है कि पिछले 10 वर्षों से नरेंद्र मोदी की सरकार है, न तो अब तक किसी का आरक्षण खत्म हुआ और न ही मुसलमान को किसी अन्य प्रकार से परेशान किया गया। बल्कि आलम यह है कि देश की जनता प्रधानमंत्री पर विश्वास करती है और पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी को ही गारंटी मानती है। चिराग पासवान आज अपने पैतृक गांव खगड़िया के बेलाही में मतदान करेंगे। उसके बाद विभिन्न जगहों पर जनसभाओं को संबोधित करने के लिए बेगूसराय से रवाना हो जाएंगे।

### तेजस्वी का शाह पर पलटवार

# अगर यूपीए का कार्यकाल जंगल राज था, तो एनडीए का राक्षस राज है

**पटना (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस नीत यूपीए के कार्यकाल को 'जंगल राज' कहा जा सकता था, तो भाजपा नीत एनडीए को 'राक्षस राज' कहा जा सकता है।

पटना में पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा कि यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, शिक्षा का अधिकार और मनरेगा जैसी कई पहल शुरू की थीं। उन्होंने कहा, (राजद सुप्रीमो) लालू प्रसाद के दौरान रेलवे ने अतिरिक्त राजस्व हासिल किया और गरीब रथ जैसी ट्रेनें शुरू की गईं। सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वालों ने एसी कोच में यात्रा करना शुरू कर दिया। अगर भाजपा के नेता इसे जंगल राज कहते हैं, तो



पीएम मोदी के शासन काल को राक्षस राज कहा जाना चाहिए।

तेजस्वी की ओर से यह प्रतिक्रिया तब सामने आई है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समस्तीपुर में एख चुनावी रैली में कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो देश में जंगल राज हो जाएगा और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म कर देगा। उनके आरोप को खारिज करते हुए राजद नेता ने कहा कि ये बातें हकीकत से कोसों दूर हैं। गृह मंत्री को लोगों से जुड़े मुद्दों के बारे में बात करनी चाहिए। लोगों ने भाजपा नीत एनडीए को करारा जवाब देने का फैसला किया और उन्हें चुनाव में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, हमने बिहार में वंचित जातियों का आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी कर दिया था। हमने केंद्र से इस कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का आग्रह किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं?

पीएम मोदी के 12 मई को पटना में होने वाले रोड शो पर तेजस्वी ने कहा, बिहार में पिछली महागठबंधन सरकार के प्रदर्शन और राजद के घोषणापत्र में किए गए वादों ने प्रधानमंत्री को रोड शो करने के लिए मजबूर किया है।

चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस और राजद पर ओबीसी आरक्षण का विरोध करके दलितों और पिछड़े वर्गों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लालू यादव जैसे नेता हमेशा वंचित वर्गों को आरक्षण देने के खिलाफ रहे हैं। अब ओबीसी आरक्षण पर डाका डालने वाली कांग्रेस की गोद में जा बैठे हैं। शाह ने आरोप लगाया कि अगर विपक्षी दलों का गठबंधन सत्ता में आया तो देश में 'जंगल राज' होगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि विपक्षी गठबंधन के नेता भ्रष्ट हैं। शाह ने कहा, इससे पहले कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। उन्होंने विपक्षी पार्टियों से पीएम पद का कोई प्रत्याशी न होने पर सवाल खड़े किए और कहा, यह किराने की दुकान चलाने के बारे में नहीं है। अगर कोरोना महामारी जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो क्या ये नेता देश को बचा सकते हैं? क्या वे देश को आतंकवादियों से बचा पाएंगे? उन्होंने कहा कि विपक्षी दल में शामिल लोग केवल झूठ फैला सकते।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com